ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26 पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

रांची, सोमवार 25.03.2024 वर्ष 11, अंक 84

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**

एक चींटी अपने से दो गुना वजन उठाकर अपने लक्ष्य तक पहुंच जाती है, आप तो फिर भी एक इंसान हैं।

**रोजा का समय**

इफ्तार (25.03.24): शाम 06:03 बजे

सेहरी (26.03.2024) सुबह 04:25 बजे

Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

**शुभकामना**

रंगो के त्योहार होली के अवसर पर आप सभी पाठकों, हॉकरों, विज्ञापनदाताओं और शुभचिंतकों को प्रभात मंत्र परिवार की ओर से ढेर सारी शुभकामनाएं।

संपादक

**सूचना**

आप सभी पाठकों, हॉकरों, विज्ञापनदाताओ और शुभचिंतकों को सूचित किया जाता है कि रंगो के त्योहार होली के अवसर पर प्रभात मंत्र कार्यालय में दिनांक 25 और 26 मार्च को अवकाश रहेगा। अत: अगला अंक दिनांक 28 मार्च को प्रकाशित किया जाएगा।

व्यवस्थापक

## सर चढ़कर बोल रहा है अपराध, पुलिस-प्रशासन बेखबर

# पलामू में डबल मर्डर

*** होलिका दहन के दिन शोक में डूबा पलामू**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चैनपुर (पलामू) :** होलिका दहन, जहां खुशियों से सराबोर रहने का दिन था,वहीं पलामू पुलिस को खुली चुनौती देते हुए अपराधियों ने पलामू जिले में दो युवकों से धारदार हथियार से निर्मम हत्या कर दी। इस डबल मर्डर से सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह चैनपुर थाना क्षेत्र के सेमरटांड़ में कोयल नदी में दो युवकों पर घात लगाए अपराधियों ने हमला किया. इस हमले में राजेश शाह उर्फ राजेश गुप्ता नाम के युवक की गला रेत कर हत्या कर दी गई, जबकि दूसरे युवक सुजीत भुइयां उर्फ बौधा को अपराधियों ने कोयल नदी के दूसरी छोर पर हत्या कर दी. जानकारी के अनुसार राजेश और सुजीत सुबह अपने घर से निकल कर बगल में स्थित कोयल नदी में घूमने हेतु पहुंचे, जहां अपराधियों ने राजेश की हत्या धारदार हथियार से कर दी। इस घटना के बाद सुजीत डर गया और वहां से अपनी जान बचाने के लिए भागने लगा। अपराधियों ने इसका पीछा करते-करते डाल्टनगंज के निकट कोयल नदी के दूसरे छोर पर पहुंच गए। यहां सुजीत को पकड़ लिया और इसकी भी हत्या कर दी। दोनों युवकों की हत्या की खबर जिले में आग की तरह फैल गई। इस घटना के बाद पलामू पुलिस हरकत में आ गई। राजेश साव का शव चैनपुर थाना की पुलिस ने बरामद किया है जबकि सुजीत भुइयां का शव डालटनगंज टाउन थाना की पुलिस ने बरामद किया. पुलिस सूत्रों ने बताया कि दोनों मृतकों पर पलामू के विभिन्न थानों में एफआईआर दर्ज था. राजेश साव पर पलामू के चैनपुर और पाटन में फायरिंग, मारपीट समेत कई गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज है.राजेश साव पर पलामू के चैनपुर में तीन जबकि पाटन थाना में एक एफआईआर दर्ज है. सुजीत पर पलामू के चैनपुर थाना में आर्म्स एक्ट, फायरिंग, लूटपाट के कई गंभीर धाराओं में तीन एफआईआर दर्ज है. पुलिस पूरे मामले की तहकीकात कर रही है.

**विरोध में कोयल पुल को किया जाम**

सदर अस्पताल से दोनों शव का पोस्टमार्टम होने के बाद परिजनों ने शव को घर ले जाने के क्रम में शाहपुर कोयल पुल पर दोनो शव को रख कर दोनों और से सड़क को जाम कर दिया। सड़क जाम कर रहे मृतक के परिजनों ने हत्यारे को फांसी की सजा देने की मांग कर रहे थे।वही सड़क जाम की सूचना मिलने पर डीएसपी मणि भूषण प्रसाद, चैनपुर थाना प्रभारी सोनू चौधरी, ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद घटनास्थल पर पहुंचकर परिजनों को समझा बूझकर सड़क को जाम से मुक्त कराया।शाहपुर कोयल पुल लगभग आधे घंटे तक सड़क जाम रहा। जिसके वजह से राहगीरों को आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।वही जाम कर्ताओं द्वारा पैदल चलने वालो को भी इस पर से उस पार नही जाने दिया जा रहा था।

**आपसी रंजिश में हुई दोनों की हत्या**

जानकारी के अनुसार दोनों युवको का चैनपुर थाना क्षेत्र के सेमरटांड़ के रहने श्यामा चौधरी और रामा चौधरी के साथ जमीन समेत कई चीजों को लेकर विवाद चल रहा था. इस मामले में 19 अगस्त 2022 को फायरिंग भी हुई थी. फायरिंग की घटना के बाद विवाद और बढ़ गया था. आशंका जताई गई है कि इसी विवाद में दोनों युवको की गला रेत कर हत्या की गई है. चैनपुर थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि पुलिस पूरे मामले में छानबीन कर रही है. कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है.



# निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराएं : के.रवि

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बैठक में अधिकारियों से कहा कि चुनाव प्रबंधन के संबंध में हरेक स्तर के लिए जिम्मेवारियां तय हैं। अतएव निर्वाचन कार्य से जुड़े सभी पदाधिकारी,कर्मी भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करें। मतदान की तैयारी में कोई कसर नहीं रहनी चाहिए। जानकारी की कमी से कहीं भी मतदाताओं को परेशानी नहीं होनी चाहिए। निर्वाचन संचालन के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा बी एल ओ से लेकर निर्वाची पदाधिकारी तक के लिए स्पष्ट प्रावधान किए गए हैं। अतएव किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। किसी भी स्तर पर शिथिलता की कोई गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। ऐसे किसी भी शिकायत पाए जाने पर संबंधित पदाधिकारी जिम्मेवार होंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा है कि राज्य के जिन-जिन मतदान केन्द्रों पर पूर्व के चुनाव में मतदान प्रतिशत कम रहा है, वैसे चिन्हित मतदान केन्द्रों के क्षेत्र में डोर टू डोर सर्वे कराकर मतदाता सूची में मतदाताओं के नाम का मिलान करें तथा मतदाताओं की उदासीनता को दूर करने के लिए उन्हें जागरूक करें साथ ही यदि मतदाताओं को पूर्व में अगर कोई असुविधा हुई हो, तो उसका तत्काल निराकरण करते हुए मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने के प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने मतदाता सूची में नाम जोड़वाने हेतु फॉर्म 6 प्राप्त करने की प्रक्रिया में गति लाने का सख्त निदेश दिया।उन्होंने मतदान केन्द्र जागरूकता समूह एवं वोलेंटियर को सक्रिय किए जाने पर भी बल दिया। इसी क्रम में रांची जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में चुनाव को लेकर की गई तैयारियों के बारे में रिपोर्ट करने को कहा गया था।समीक्षा बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा सहित कई अधिकारी उपस्थित थे।

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा है कि राज्य के जिन-जिन मतदान केन्द्रों पर पूर्व के चुनाव में मतदान प्रतिशत कम रहा है, वैसे चिन्हित मतदान केन्द्रों के क्षेत्र में डोर टू डोर सर्वे कराकर मतदाता सूची में मतदाताओं के नाम का मिलान करें तथा मतदाताओं की उदासीनता को दूर करने के लिए उन्हें जागरूक करें साथ ही यदि मतदाताओं को पूर्व में अगर कोई असुविधा हुई हो, तो उसका तत्काल निराकरण करते हुए मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने के प्रयास किए जाने चाहिए।**

## क्विक न्यूज

### चार्ज में लगे मोबाइल में हुआ धमाका, 4 बच्चों की मौत, माता-पिता भी गंभीर

**मेरठ :** यूपी के मेरठ में एक घर में मोबाइल चार्ज करते समय शॉर्ट सर्किट से बड़ा हादसा हो गया. शॉर्ट सर्किट के बाद मोबाइल में धमाका हो गया जिससे घर में आग लग गई और 6 लोगों का पूरा परिवार गंभीर रूप से झुलस गया. इस हादसे में 4 बच्चों की मौत हो गई. सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत गंभीर बनी हुई है. घटना पल्लवपुरम थाना क्षेत्र की जनता कॉलोनी में शनिवार की रात को हुई है.

### दिल्ली पुलिस ने 3 करोड़ का हवाला लेन-देन पकड़ा, 4 आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली :** दिल्ली पुलिस ने दिल्ली कैंट इलाके से चार लोगों को हिरासत में लिया है। इनके पास से पुलिस ने तीन करोड़ रुपये बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक, ये पैसा शाहदरा के एक स्क्रैप डीलर का है। हिरासत में लिए गए तीनों शख्स इसी स्क्रैप डीलर के लिए काम करते हैं। पैसा गुरुग्राम से लेकर आए थे और करोल बाग में किसी को डिलीवर करना था।पुलिस ने इन तीनों आरोपियों को इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को सौंप दिया है। अब आईटी इस मामले की जांच कर रहा है कि पैसा किस से लेकर आए थे और करोल बाग में किसे देना था। आईटी ये भी जांच कर रही है कि कहीं इस पैसे का इस्तेमाल इलेक्शन में तो नहीं होना था।

### मायावती की पहली लिस्ट में 7 मुस्लिम उम्मीदवार

**लखनऊ :** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बहुजन समाज पार्टी यानी बसपा ने अपनी पहली लिस्ट को जारी कर दिया है। इस लिस्ट में कुल 16 उम्मीदवार हैं, जिसमें से 7 उम्मीदवार मुस्लिम हैं। माना जा रहा है कि ये 7 मुस्लिम उम्मीदवार उत्तर प्रदेश में इंडी गठबंधन के दलों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। सहारपुर से माजिद अली, मुरादाबाद से मोहम्मद इरफान सैफी, रामपुर से जीशान खां, सम्भल से शौलत अली, अमरोहा से मुजाहिद हुसैन, आंवला से आबिद अली और पीलीभीत से पार्टी ने अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू को चुनावी मैदान में उतारा है।

### पूर्व वायुसेना चीफ आरकेएस भदौरिया बीजेपी में शामिल

**नई दिल्ली :** पूर्व वायुसेना चीफ आरकेएस भदौरिया बीजेपी में शामिल हो गए हैं। उन्होंने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े की उपस्थिति में बीजेपी की सदस्यता ग्रहण की। खबर है कि बीजेपी उन्हें यूपी के गाजियाबाद से लोकसभा चुनाव के लिए अपना उम्मीदवार बना सकती है।बता दें कि आरकेएस भदौरिया 30 सितंबर 2019 से 30 सितंबर 2021 तक वायुसेना प्रमुख के पद पर रहे। वह देश के 23वें वायुसेना प्रमुख थे। भदौरिया मूल रूप से आगरा जिले की बाह तहसील के रहने वाले हैं। इनके साथ ही वाईएसआर कांग्रेस के नेता वारा प्रसाद राव(रिटायर्ड आईएएस) भी बीजेपी में शामिल हुए।

### कुरुक्षेत्र के पूर्व सांसद नवीन जिंदल का कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा, बीजेपी में हुए शामिल

नई दिल्ली : कुरुक्षेत्र के पूर्व सांसद नवीन जिंदल ने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है. उनके इस्तीफे की खबर सामने आई ही थी कि इसके कुछ ही देर बाद वह बीजेपी में शामिल हो गए.

**रांची का तापमान**

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 23° |
| न्युनतम | 10° |

# लेह में तैनात जवानों को रंग-गुलाल लगाकर रक्षा मंत्री ने मनाई होली



एजेंसी

**नई दिल्ली :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को चीन की सीमा पर लेह में सशस्त्र बल के जवानों के साथ होली मनाई। रक्षा मंत्री ने जवानों को रंग-गुलाल लगाकर और मिठाई खिलाकर उन्हें होली की बधाई दी।उन्होंने कहा कि हमारे देवी-देवता किसी न किसी तरीके से हमारी रक्षा ही करते हैं। उसी तरह दुश्मनों से हमारी रक्षा करते हुए सभी सैनिक भी हमारे लिए किसी रक्षक देवता से कम नहीं हैं।उन्होंने कहा कि पांच साल पहले रक्षा मंत्रालय का दायित्व मिलने के बाद मेरा पहला दौरा सियाचिन का हुआ था। मौसम खराब होने के कारण सियाचिन जाना संभव नहीं हो पाया, इसलिए वहां तैनात सभी सैनिकों को यहीं लेह से होली की शुभकामनाएं देता हूं। वैसे तो अनेक अवसरों पर सेना के जवानों से मिलता रहता हूं लेकिन होली के अवसर पर आप लोगों से मिलना और आपके साथ होली खेलना मेरे लिए सबसे सुखद क्षणों में से एक है। उन्होंने कहा कि आप सभी सैनिक होने के नाते भारत के प्रत्येक परिवार के सदस्य हैं। मैं भारत के सभी परिवारों के प्रेम का रंग लिए आपके बीच आया हूं। आपके बीच आकर मुझे ऐसा लग रहा है कि मेरे रगों में रक्त की नई धारा का संचार होने लगा है। आप जिस ऊंचाई पर खड़े होकर इतनी विषम परिस्थिति में देश की सेवा करते हैं, वह अतुलनीय है। राजनाथ ने कहा कि हड्डियों को कंपा देने वाली सर्द हवाएं जब इन वादियों में बहती हैं, तो हर कोई अपने घरों में दुबक जाना चाहता है। इसके बावजूद विपरीत परिस्थिति में भी आप मौसम से लोहा लेकर दुश्मन की आंखों में आंखें डालकर खड़े होते हैं। इस अटूट इच्छाशक्ति का प्रदर्शन करने के लिए देश सदैव आपका ऋणी रहेगा। उन्होंने कहा कि सभी त्योहार पहले सियाचिन और कारगिल की चोटियों पर, राजस्थान के तपते रेतीले मैदान में, हिंद महासागर की गहराई में स्थित पनडुब्बी में सवार भारतीय नौसैनिकों के साथ मनाए जाने चाहिए।

# चाईबासा : सड़क दुर्घटना में दो की मौत, एक गंभीर




प्रभात मंत्र संवाददाता

**चाईबासा :** पश्चिमी सिंहभूम जिला के चाईबासा रांची मुख्य सड़क पर भीषण सड़क हादसा हुआ. तेज रफ्तार ट्रक ने एक मोटरसाइकिल पर सवार दो लोगों को कुचल दिया. इस दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार दोनों ही लोगों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई. मरने वालों में एक महिला और पुरुष शामिल है जबकि इस हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुआ है.जानकारी के अनुसार रांची चाईबासा मुख्य मार्ग एनएच 75ई चाईबासा मुफस्सिल थाना अंतर्गत बोरदा पुल के पास खरसावां मोड़ पर रविवार दोपहर लगभग 3 बजे तेज रफ्तार ट्रक ने एक बाइक को अपनी चपेट में ले लिया. ट्रक द्वारा बाइक सवार को कुचलने से घटनास्थल पर ही एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गयी. इस सड़क हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल व्यक्ति को चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल लाया गया. जहां घायल का प्राथमिक उपचार चल रहा है. जिनकी स्थिति काफी नाजुक बताई जा रही है. इस दुर्घटना के बाद ट्रक चालक घटनास्थल से फरार हो गया है. इस घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण भी घटनास्थल पर पहुंचे. बताया जा रहा है कि हादसे में मरने वाले चक्रधरपुर थाना अंतर्गत केरा गांव के रहने वाले थे. जानकारी मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंचकर ट्रक को जब्त कर लिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए चाईबासा सदर अस्पताल भेज दिया है. पुलिस द्वारा जब्त ट्रक जमशेदपुर के एक ठेकेदार का बताया जा रहा है, जो सरकारी राशन लेकर चक्रधरपुर आया था. वह अनाज को खाली करके वापस जमशेदपुर जा रहा था, इसी क्रम में ये दुर्घटना हुई है.



**संक्षिप्त खबरें**

### चैनपुर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च शांतिपूर्ण तरीके से होली मनाने की अपील की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर में होली और आगामी दिनों में कई त्योहार सहित लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन व पुलिस गंभीर है। पुलिस प्रशासन अपनी तैयारियों में जुट गई है। जिले के हर शहर में लोगों को शांतिपूर्ण ढंग से इस पर्व को मनाने की अपील की जा रही है। जनता में विश्वास जागृत करने के उद्देश्य से चैनपुर थाना से चैनपुर बाजार क्षेत्र में शाम को फ्लैग मार्च निकाला गया। चैनपुर थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी सहित थाना के दर्जनों पुलिस जवान फ्लैग मार्च के माध्यम से क्षेत्रों में लोगों को संदेश दिया।

# होली पर्व को लेकर शहर में निकाला गया फ्लैग मार्च



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** होली को रंगों का त्योहार माना जाता है. ऐसे में होली के त्यौहार को लेकर पलामू पुलिस अलर्ट मोड में है. आपको बता दे कि इन दिनों एक तरफ जहां रमजान का पाक महीना चल रहा है तो वहीं दूसरी तरफ आज होली पर्व का त्यौहार है। ऐसे में शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाने को लेकर पलामू पुलिस अलर्ट मोड में है।इसी क्रम में रविवार को सदर सीओ और शहर थाना प्रभारी के नेतृत्व में शहर थाना परिसर से भारी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती में फलैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस पदाधिकारी व जवानों ने शहर के हर गली मोहल्ले में घूम कर लोगों से होली का त्यौहार शांतिपूर्ण वातावरण में मानने की अपील की है। साथ ही जिले के अलग अलग थाना क्षेत्र में थाना प्रभारी के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च के दौरान आम लोगों से अपील की गई की होली पर्व शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाए. साथ ही सख्त लहजो में यह कहा गया की होली के दौरान उपद्रवियों और सोशल मीडिया पर पुलिस की पैनी नजर बनी हुई है और पर्व के दौरान खलल डालने वाले को बक्शा नही जायेगा। मौके पर टिओपी 3 प्रभारी धर्मेंद्र कुमार सिंह, ट्रैफिक पर भारी समाल अहमद, पुलिस के जवान बंटी सिंह, अनिल कुमार सहित भारी संख्या में आईआरबी के जवान शामिल थे।

## हेमंत सोरेन के छूटने तक नहीं मनाएंगे होली : झामुमो कार्यकर्ता




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामू :** हैदर नगर प्रखंड के झामुमो कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस करके प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह के द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री एवं पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष माननीय हेमंत सोरेन जी को जेल से छुटने तक छुटने झामुमो के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी होली नहीं मानने का निर्णय लिया है एवं अशोक कुमार सिंह ने तीखा हमला करते हुए कहा की केंद्र में बैठी भाजपा सरकार केंद्र की तानाशाही रवाया एवं केंद्रीय जांच एजेंटीयों को का दुरुपयोग कर हमारे मुख्यमंत्री को जेल में डालने का काम किया है एवम पलामू जिला संगठन सचिव विवेकानंद सिंह ने कहा कि झामूमो का एक-एक कार्यकर्ता हेमंत सोरेन के आने तक होली नहीं मानेंगे, उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार अपने एजेंट की तरह जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपस्थित जामुन नेता पप्पू सिंह अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष डॉ मंजूर आलम, अल्पसंख्यक मोर्चा के नेता परवेज़ आलम, पप्पू सिंह, विजय प्रसाद, पिंटू सिंह आदि।

### होली पर्व और लोकसभा चुनाव को लेकर लेस्लीगंज थाना प्रभारी ने निकला फ्लैग मार्च



**लेस्लीगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता):** होली व लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। विधि व्यवस्था को लेकर रविवार को लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता व तरहसी थाना प्रभारी नीरज कुमार अपने पुलिस बल के साथ गाँधी चौक ढेला कुराईन पतरा कोट खास में फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च कर लोगों को शांति पूर्वक होली मनाने की अपील की साथ ही कई संवेदनशील जगह का भी निरीक्षण कर जानकारी ली। इस दौरान लोगों से शांति से होली पर्व मनाने कि अपील की गई वहीं थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता ने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू है ऐसे में सभी लोग को आचार संहिता का पालन करे होलिका दहन के दौरान अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन ना करें होली रंगों के त्यौहार है आपस में भाईचारे और प्रेम से होली खेले साथ ही कहा कि चुनाव में सभी लोग वोट देने के लिए अपने-अपने बूथों में पहुंचे और अपने मतदान का प्रयोग करें हुड़दंग करने वालों पर होगी कार्रवाई अफवाहों से बचने की नसीहत भी दिया।

### होली और रमजान पर लायंस विशाल ने टीबी मरीजों के बीच बांटा पौष्टिक आहार



**गढ़वा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल के अध्यक्ष डॉ कमलेश कुमार की अध्यक्षता में क्लब कार्यालय गढ़वा में रविवार को होली और रमज़ान के पावन अवसर पर फुड फॉर हंगर के तहत टीबी मरीजों के बिच पौष्टिक आहार का वितरण किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष डॉ कमलेश ने कहा कि दोनों धर्मों का पावन पर्व चल रहा है। ऐसे मौके पर आपसी सौहार्द्र और प्रेम का संदेश मिलता है। अमीरी-ग़रीबी एवं बिमार लोगों से का भेदभाव दूर करते हुए हम सब मिलजुलकर हर्षोल्लास के साथ अपने-अपने त्योहार को मनाए। हमारे टीबी मरीज के भाई-बहन लोग भी पर्व के मौके पर अच्छे पकवान बनाकर खाएं और जल्द स्वस्थ हो जाएं। यही सोच के साथ आज हम और हमारी टीम ने पौष्टिक आहार का वितरण किया। मौके पर डॉ अरसद अंसारी, ब्रजमोहन प्रसाद, नन्दलाल प्रसाद, देवानंद शर्मा, गिरिश कमलापुरी, सदर अस्पताल गढ़वा से विश्वास शर्मा सहित बड़ी संख्या में लायन्स क्लब के लोग उपस्थित थे।

## श्रीरामनवमी पूजा महासमिति गठित, उमेश बने अध्यक्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** श्रीरामनवमी पूजा महासमिति जेनरल की बैठक संघत स्थित मोहल्ला शिव मंदिर के प्रांगण में संपन्न हुयी। बैठक की अध्यक्षता संयोजक मुरली श्याम सोनी ने किया। बैठक में सभी जेनरल के पदाधिकारी, संरक्षक सदस्य, अखाड़ा के अध्यक्ष, सचिव सहित सदस्य उपस्थित हुए। बैठक में महासमिति गठित की गयी जिसमें उमेश कश्यप को सर्वसम्मति से अध्यक्ष मनोनित किया गया। बैठक में पूर्व वर्ष के कार्यो की सराहना की गयी एवं पूर्व अध्यक्ष दौलत सोनी द्वारा नये अध्यक्ष के लिये उमेश कश्यप के नाम की घोषणा गयी जिसे सभी लोगों ने सर्वसम्मति निर्विरोध निर्वाचित किया। बैठक में गठित समिति में संरक्षक पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथलेश ठाकुर, पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, विधायक रामचंद्र चन्द्रवंशी, भानुप्रताप साही, पूर्व विधायक सत्येन्द्र तिवारी, गिरिनाथ सिंह समेंत अलखनाथ पांडेय, दौलत सोनी, राकेश पाल, अम्लेंदु नारायण, रविंदर जयसवाल, विनोद जायसवाल, कमलेश गुप्ता (पिंटू जी), सूरज गुप्ता, राजीव राज तिवारी, भगत सिंह साहू, संतोष केसरी, आनंद प्रकाश दुबे, मनीष केसरी, पंकज केसरी, शौकत खान, यासीन अंसारी, नीतेश् सिंह, उपाध्यक्ष शांति देवी, आशीष वैध, मनीष कमलापुरी, संतोष कश्यप, कमल चैबे, सूरज सिंह, महामंत्री रोहित कुमार (छोटू), राजकुमार गुप्ता, मंत्री विवेक सिन्हा, दीनदयाल पासवान, चंदन स्वामी, पिंटू कुमार, संजय केसरी, प्रधान संगठन मंत्री संजीव दुबे, मयंक सोनी, कोषाध्यक्ष मोहनचंद सोनार, निशांत कश्यप, मीडिया प्रभारी रॉबिन कश्यप, सूर्य प्रकाश सिंह समेंत करीब 25 लोगों को कार्यसमिति सदस्य मनोनित किया गया।

## असामाजिक गतिविधियों पर रखें सतत निगरानी : एसडीपीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** लोकसभा चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण, स्वच्छ, निष्पक्ष एवं भयमुक्त संपन्न कराने के लिए हुसैनाबाद रविवार को अनुमंडल पदाधिकारी सह आईएस पियुष सिन्हा ने जनप्रतिनिधि प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के साथ की समीक्षा बैठक मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी पियुष सिन्हा ने कहा कि आपसी समन्वय से कार्य-योजना तैयार कर समयबद्धता के साथ कार्य करें। भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा सभी स्तरों पर जिम्मेवारियां तय की गई हैं जिनके शतश~ अनुपालन की अपेक्षा की गई है। तदनुसार कार्य किये जाने से निश्चय ही बेहतर परिणाम सामने आएंगे। वहीं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मुकेश कुमार महतो ने कहा कि अपने क्षेत्र के नामजद आरोपितों को अभियान चलाकर गिरफ्तार करने, प्रतिबंधित नशीले पदार्थो एवं अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई करें उन्होंने कहा कि 27 मार्च तक सभी मतदान केन्द्रों पर सभी न्यूनतम सुविधा एवं सोशल मीडिया पोस्ट पर सख्ती से रखें ध्यान, सोशल मीडिया सेल को सक्रिय रखें निर्वाचन पदाधिकारी, कहा कि सोशल मीडिया पोस्टों पर गहनता से ध्यान रखे जाने की जरूरत है। उन्होंने सोशल मीडिया सेल, कंट्रोल रूम, यातायात प्रबंधन, संसाधनै प्रबंधन, पोस्टल बैलेट, प्रशिक्षण, सहित अन्य कोषांगों को सक्रिय रखने का निदेश दिया। मौके पर हुसैनाबाद प्रखंड विकास पदाधिकारी रौशन कुमार अंचलाधिकारी पंकज कुमार हैदर नगर प्रखड विकास पदाधिकारी बिष्णु प्रताप मालवा थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह महिला थाना प्रभारी पार्वती कुमारी झामुमो नेता एजाज़ हुसैन उर्फ छेदी खान सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### एपीएडी पब्लिक स्कूल चौरियां में होली मिलन समारोह का किया गया आयोजन



**खरौंधी, गढ़वा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंबालिका एजुकेशन एंड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित एपीएडी पब्लिक स्कूल चौरियां में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।होली महापर्व में विद्यालय छुट्टी करने से पहले विद्यालय के सभी शिक्षक, छात्र-छात्राएं एक दूसरे को रंग अबिर लगाकर, गले लगकर तथा एक दूसरे को मिठाईयां खिलाकर खुशी जाहिर किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने बताया कि यह रंगों का त्यौहार है। इसे हम लोग एक दूसरे को रंग-अबीर, गुलाल लगाकर प्रत्येक वर्ष इस अवसर पर खुशियां मनाते है। वही विद्यालय निदेशक डी कुमार ने कहा कि इस पर्व में असत्य पर सत्य का विजय झूठ पर सच्चाई का विजय हुआ है। इस पर्व में महान साम्राज्य वाला हिरण्यकश्यपू जो अधर्मी, अन्यायि, अत्याचारी था।जिसने अपने पुत्र भक्त प्रहलाद को मारने के लिए अपनी बहन के गोद मे बैठा कर जलती चिता पर बैठा दिया।जिसमें होलिका तो जल गई लेकिन प्रहलाद बच गए। इसी दिन से प्रत्येक वर्ष हम लोग होलिका के रूप में होलिका दहन करते है। मौके पर शिक्षक रोहित कुमार, पंकज विश्वकर्मा, शिक्षिका चंचला कुमारी, रीमा कुमारी, पिंकी कुमारी, पूजा कुमारी अभिभावक बच्चनदेव यादव, राकेश मेहता, अंतू पटेल, विजय विश्वकर्मा, पप्पू विश्वकर्मा तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# विश्रामपुर व रेहला पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** प्रशिक्षु आईपीएस सह एसडीपीओ राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने विश्रामपुर और रेहला में फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस मुख्य सड़कों पर मोटरसाइकल से और गलियों में पैदल भ्रमण किया। इस क्रम मे पुलिस अधिकारियों ने आम लोगों से आपसी भाईचारे के बीच होली पर्व मनाने का अपील किया। विश्रामपुर एसडीपीओ राकेश कुमार सिंह ने बताया कि होली पर्व और लोक सभा चुनाव के दौरान लोगों मे पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ाने हेतु फ्लैग मार्च निकाला गया है। उन्होंने कहा कि आम लोग भयमुक्त रहें, पुलिस उनकी सुरक्षा में हमेशा मुस्तैद है। असमाजिक तत्वों पर भी पुलिस कड़ी नजर रखे हुए है। किसी भी कीमत पर कानून तोड़ने और समाज में विद्वेष फैलाने वालों को बख्सा नही जायेगा। श्री सिंह ने राजनीतिक कार्यकर्ताओं और आम लोगों से आदर्श आचार संहिता पालन करने को कहा। फ्लैग मार्च मे पुलिस निरीक्षक रामाशीष पासवान, विश्रामपुर थाना प्रभारी सौरभ चौबे, रेहला थाना प्रभारी संतोष कुमार दास सहित कई पुलिस पदाधिकारी और जवान शामिल थे।

## होली को लेकर किया फ्लैग मार्च



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** रंगों का त्योहार होली पर्व को लेकर हुसैनाबाद अनुमंडल का पुलिस-प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड़ में है। विधि-व्यवस्था को लेकर रविवार को हुसैनाबाद के प्रशिक्षु आइएएस सह अनुमंडल पदाधिकारी पीयूष सिन्हा व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मुकेश कुमार महतो के नेतृत्व में प्रशासनिक पदाधिकारी व पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च शहर के दिनेश चौक, गांधी चौक, अंबेडकर चौक समेत मुख्य बाजार में फ्लैग मार्च कर लोगों को शांति पूर्वक होली मनाने की अपील की। फ्लैग मार्च में शामिल पदाधिकारियों ने कहा कि होली के दौरान उपद्रवियों और सोशल मीडिया पर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर बनी हुई है, पर्व के दौरान खलल डालने पर कड़ी कारवाई की जाएगी। प्रशासन ने होली में लोगों को सौहार्दपूर्ण त्योहार मनाने, जबरदस्ती रंग ना लगाने व शराब का सेवन कर किसी प्रकार का हुड़दंग न करने की अपील की। मौके पर हुसैनाबाद अंचलाधिकारी पंकज कुमार, हैदरनगर बीडीओ बिष्णु प्रताप मालवा समेत पुलिस प्रशासन के कई लोग मौजूद थे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जपला में होली मिलन समारोह का किया गया आयोजन

**भारतीय संस्कृति में पर्वो का अहम योगदान : कुशजी पाण्डेय**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** विद्या भारती, झारखंड द्वारा संचालित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,जपला में शनिवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य कुशजी पाण्डेय ने कहा कि होली भारत वर्ष का सांस्कृतिक त्योहार है। यह त्योहार समाज में एकता, समता व समरसता पैदा करता है। यह पर्व राष्ट्र को एक सूत्र में बांधने का भी कार्य करता है।इस दौरान जमकर रंग-गुलाल उड़े। इसमें शामिल लोगों ने एक-दूसरे को तिलक लगाकर होली की बधाई दी।इसे सभी भाईचारे के साथ प्रेम एवं उत्साहपूर्वक मनाएं और आचार्य, बच्चों के जीवन में ज्ञान-विज्ञान, अनुशासन, संस्कार का नया रंग भरने का संकल्प लें।उन्होंने तमाम अभिभावकों एवं बच्चों को भी होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विद्यालय के दीदी जी के द्वारा मनमोहक संगीत प्रस्तुत किया गया। आचार्यो ने भी विभिन्न प्रकार के होली के गीत प्रस्तुत किए।समारोह के समापन पर प्रसाद बांटा गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य-दीदी जी उपस्थित थे।

### अवैध शराब ले जा रहे दो गिरफ्तार



**धुरकी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अवैध रूप से शराब लेकर जा रहे है दो व्यक्ति को धुरकी पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी, कि अवैध रूप से विदेशी शराब बोरा में भरकर दो व्यक्ति लेकर जा रहै है।जिसके उपरांत तुरंत एफएसटी टीम के साथ छापेमारी किया गया।जिसमे थाना क्षेत्र अंतर्गत मिरचैया गांव से दो व्यक्ति को पकड़ा गया। जिसमें श्री वंशीधर नगर के 27 वर्षीय अभिषेक कुमार और मझिआवँ ग्राम निवासी 40 वर्षीय धनंजय सिंह को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि उनके पास से 42 पीस अवैध रूप से विदेशी शराब बरामद किया गया है। जिसमे मैक डॉवल्स के हाफ 6 पीस, इंपीरियल ब्लू के हॉफ 12 पीस, गॉड फादर के 24 पीस शराब जब्त किया गया है। वही थाना प्रभारी ने बताया की इनके खिलाफ उत्पाद विभाग को सूचित किया गया है। अग्रेतर करवाई किया जा रहा है। थाना प्रभारी ने कहा की इस तरह के कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ सख्त करवाई की जायेगी। छापामारी अभियान में धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार, सगमा बीडीओ सह एफएसटी सत्यम कुमार सहित एफएसटी टीम सहित पुलिस बल मौजूद थे।

## सम्मान सह होली मिलन समारोह का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय रक्सा के प्रांगण में रविवार को झारखंड सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में सेवानिवृत्त सहायक अध्यापकों का सम्मान सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मध्य विद्यालय रक्सा के छात्राओं द्वारा स्वागत गीत के साथ किया गया। इसके बाद सेवानिवृत्त सहायक अध्यापक ओमप्रकाश राम, अनिल यादव, धीरेंद्र कुमार देव,अशोक सिंह को बाबा बंशीधर की तस्वीर, शॉल, अंगवस्त्र व फूलमाला देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सहायक अध्यापकों ने कहा कि सेवा निवृति एक सरकारी प्रक्रिया है। 60 वर्ष की आयु पूरा करने वाले हर कर्मी को सेवानिवृत्त होना ही पड़ता है। सहायक अध्यापकों ने कहा कि सेवा निवृति के बाद समाजिक जिम्मेवारी बढ़ जाता है। अपने सम्बोधन में सहायक अध्यापकों ने सेवानिवृत्त हुये शिक्षकों के स्वस्थ व दीर्घायु जीवन की कामना किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करने वालों में संघ के अध्यक्ष भूपेन्द्र प्रताप देव, सचिव हृदया प्रसाद गुप्ता, अखौरी प्रवीण कुमार सिन्हा, विनोद ठाकुर,उस्मान अंसारी, अलीम अंसारी सहित अन्य के नाम शामिल है। सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षकों ने संघ के प्रति आभार व्यक्त किया तथा संघ के हर कार्यो में साथ रहने का भरोसा दिया।इसके बाद होली मिलन समारोह आयोजित किया गया।शिक्षक शिवकेश्वर निराला व उनके टीम के द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सहायक अध्यापकों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दिया। कार्यक्रम में संघ के अध्यक्ष भूपेन्द्र प्रताप देव, सचिव हृदया प्रसाद गुप्ता, रूपेश कुमार, आशीष कुमार, विनोद ठाकुर, अलीम अंसारी, अनूप कुमार विश्वकर्मा, सत्येन्द्र कुमार ठाकुर, ज्ञान प्रकाश, सत्यदेव कुमार, अरविन्द कुमार ठाकुर, विनोद महतो, उस्मान अंसारी, रामा नुज कुमार शर्मा, धीरेंद्र सिंह, राकेश कुमार, इसरार अहमद, मदन राम, राधा प्रसाद यादव, अखौरी प्रवीण कुमार सिन्हा, नंदू सिंह, रामचन्द्र यादव, शिवकेश्वर निराला, राजेश कुमार, उमेश प्रसाद, जगरनाथ राम, देवचंद उरांव, अशोक तिग्गा, अनूप कुमार सिन्हा, जगनारायण सिंह सहित बड़ी संख्या में सहायक अध्यापक उपस्थित थे।कार्यक्रम का संचालन शिक्षक सुशील कुमार पांडेय ने किया।

## शांति और सौहार्द पूर्ण वातावरण के साथ मनाए होली : बीडीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** होली पर्व को लेकर शांति एवं सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाने हेतु शनिवार को केतार थाना परिसर में बीडीओ सावित्री कुमारी, थाना प्रभारी रोशन कुमार वार्नवाल की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। बैठक में होली पर्व शांति पूर्ण ढंग से मनाने पर विचार विमर्श किया गया। चौक चौराहे से लेकर गांव टोला कस्बे में बिकने वाला शराब पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा।मुखिया और गणमान्य लोगो ने अपने अपने पंचायत में शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की बात कहा। बैठक को संबोधित करते हुए बीडीओ सावित्री कुमारी ने कहा कि त्योहार में ऐसा कोई गलत काम न करे की प्रशासन को मजबूरन करवाई करना पड़े। लोग अपने अपने गांवों में शांति पूर्ण तरीके से होली पर्व मनाए। जबरन किसी को रंग न लगाए। वही थाना प्रभारी रोशन कुमार वार्नवाल ने कहा की यदि किसी को गलत हरकत करते सूचना मिलती है तो पुलिस उस पर कानूनी कारवाई करेगी। वैसे पुलिस की नजर गांव टोला से लेकर चौक चौराहा तक रहेगी। साथ ही कहा की अश्लील गीत, सोशल मीडिया पर अफवाह, और असामाजिक तत्व पर पुलिस प्रशासन की 24 घंटे पैनी नजर रखी जाएगी।वही उपस्थित सभी लोगो ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली खेली। एवम होली की एक दूसरे को बधाई दिया। मौके पर प्रमुख पति सुरेंद्र गुप्ता, मुखिया मुनि देवी, श्याम सुंदर बैठा, हेमंत पाठक, उदय प्रसाद, सुशील पाठक, योगेंद्र सिंह, अजय वर्मा, दिन दयाल गुप्ता, पंकज सिंह, रविन्द्र पासवान, राजू सिंह, हकीमुदीन मिया, दिलीप जायसवाल, सीताराम जायसवाल सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



**संक्षिप्त खबरें**

## रिम्स में इलाज करा रहा कैदी हुआ फरार

**रांची।** रिम्स अस्पताल में इलाज करा रहे कैदी वार्ड से कैदी रविवार की सुबह पुलिस जवानों को चकमा देकर फरार हो गया है। इसकी सूचना बरियातू थाना पुलिस को दी गई। पुलिस छानबीन में जुट गई है । बताया जा रहा है कि जमशेदपुर जिला के धतकीडीह थाना क्षेत्र के रहने वाले राजा उर्फ राजू की तबीयत बिगड़ गई थी उसे रिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था । उसके साथ दो पुलिस जवान भी सुरक्षा में तैनात किए गए थे । लेकिन वे दोनों पुलिस जवानों को चकमा देकर रिम्स के कैदी वार्ड से फरार हो गया है। इसकी सूचना बरियातू थाना को दी गई है। सभी फरार कैदी के छानबीन में जुड़ गई है। बरियातू थाना प्रभारी सुरेश मंडल ने बताया कि घटना सुबह की है इसकी जानकारी देर से दी गई है, हम लोग छानबीन कर रहे हैं कैदी पकड़ा जाएगा।

## इफ्तार पार्टी का आयोजन, देश में अमन-चैन की मांगी दुआ

**रांची।** रमजान के पवित्र माह में जहां मुस्लिम समाज की ओर से रोजे रखे जा रहे हैं । वहीं रोजे के बाद दावते इफ्तार का कार्यक्रम भी आयोजन किया जा रहा है । काली अस्थान रोड स्थित भारतीय एकता कमेटी के अध्यक्ष के आवास में दावते इफ्तार का आयोजन किया गया । जहां पर देश की गंगा जमुनी तहजीब की झलक साफ नजर आई । जिसमें हिंदू मुस्लिम दोनों समुदाय के दर्जनों लोगों ने शामिल होकर देश में शांति सौहार्द व आपसी भाईचारे की कामना की । भारतीय एकता कमेटी के अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा ने कहा कि हम लोगों को सभी त्यौहार एक साथ मिलकर मनाना चाहिए । हम हर त्योहार को सद्भावना के साथ मनाते हैं । उन्होंने कहा कि दुनिया का सबसे खूबसूरत देश भारत है ।

# हत्या के बाद पुलिस और सतर्क, चप्पे-चप्पे पर पुलिस रहेगी तैनात, आरोपी अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** होली को लेकर पुलिस कितनी अलर्ट है ये तो 23 मार्च 2024 को डेली मार्केट थाना क्षेत्र के चर्च रोड कपड़ा मंडी राजा इंटरप्राइजेज के सामने वाजुद्दीन उर्फ छोटू रंगसाज की दिन दहाड़े हत्या के बाद अपराधियों ने पुलिस को चुनौती देते हुए फरार हो गये। वो भी तब जब घटना के दौरान रांची पुलिस फ्लैग मार्च कर रही थी,और शांति समिति की बैठक वरीय पुलिस अधीक्षक कर रहे थे तब। ऐसे में पुलिस शहर के लोगों की सुरक्षा को लेकर लाख बातें कर लें लेकिन हकीकत सबके सामने है। पुलिस के अनुसार मृतक का अपराधिक इतिहास रहा है, आपसी रंजिश में उक्त घटना घटी है। अपराधी पकड़े जायेंगे, लेकिन यह सवाल है कि पर्व के लेकर बाजार में भीड़भाड़ है , पुलिस फ्लैग मार्च कर रही है, इस दौरान घटना में सिर्फ डेली मार्केट थाना प्रभारी उत्तम उपाध्याय को दोषी मानते हुए निलंबित कर देना वरीय पुलिस अधीक्षक का अपना मंतव्य हो सकता है, लेकिन क्या सिर्फ डेली मार्केट थानेदार ही दोषी है? घटना के तुरंत हजारों लोग उक्त स्थान पर एकत्रित हो गए थे, लेकिन शुक्र है कि घटना के साथ ही लोगों को सोशल साइट्स, व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से मृतक का अपराधिक जानकारियां मिलने शुरू हो गई थी, तब जाकर सबकुछ सामान्य हो पाया। ये वही थाना क्षेत्र है जहां दस जुन 2022 को छोटी सी विरोध प्रदर्शन बड़ी हिंसा में तब्दील हो गई थी, इससे भी पुलिस प्रशासन सबक नहीं ले रही है। घटना के एक दिन बाद भी पुलिस के खाली हाथ। वहीं मृतक छोटू रंगसाज को कांटाटोली कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया।

### किरायेदार की नहीं होती छानबीन

ज्यादा तर अपराधिक घटनाओं में आरोपी किराए दार के रूप में किसी के घर में रहते हैं,इस पर सभी वरीय पुलिस अधीक्षकों ने संबंधित थानेदारों का अपने क्षेत्र के मकान




मालिकों से संपर्क करके उसके किरायेदारों की सूची एकत्रित करने को कहती हैं, लेकिन सच्चाई सबके सामने है। वहीं नये लोग आपके बस्ती में अपना मकान बना कर रहने आ रहें हैं तो भी इसकी जानकारी आस पास के लोगों और थाना के पास होनी चाहिए । कहीं जगहों पर सीसीटीवी कैमरे की जरूरत है इस पर भी थानेदारों द्वारा वरीय पुलिस पदाधिकारी को दी गई है लेकिन संभवतः लंबित है।

### अपराध नियंत्रण के लिए चुनाव आयोग से करेंगे शिकायत

छोटू रंगसाज हत्याकांड के बाद विधि व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए राजनीतिक दलों और समाजसेवी लोगों ने रांची शहर में हत्या, लूट, छीनताई,चोरी सहित अन्य अपराधिक घटनाओं पर नियंत्रण कराने के लिए झारखंड राज्य निर्वाचन आयोग और पुलिस महानिदेशक से मिलकर इसकी जानकारी देने की बात कर रहे हैं।

### होली में हुड़दंग करने वाले की खैर नहीं

होली पर्व को लेकर वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने सभी थानेदारों के साथ बैठक की। स्पष्ट कहा कि हुड़दंग मचाने वालों की अब खैर नहीं। रांची की सड़कों और गली-मोहल्ले में हुड़दंगियों से निपटने के लिए और अपराध पर अंकुश लगाने के लिए बाइक दस्ता टीम का गठन किया है।

### बाइक दस्ता तैयार

रांची में वरीय पुलिस अधीक्षक ने आठ थाना क्षेत्रों में चालीस बाइकों पर अस्सी पुलिस पदाधिकारी व जवानों की नियुक्ति कर दी गई है। नगर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता ने सभी थाना क्षेत्रों में पांच-पांच बाइक दस्ता को तैयार कर जानकारी दे दी है। इस मौके पर सीसीआर डीएसपी राम समद, इंस्पेक्टर बिमल किंडो व अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहें।

## आरपीएफ ने 24 किलो गांजा के साथ एक तस्कर को किया गिरफ्तार

**रांची :** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने हटिया रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर तीन से एक तस्कर को 24 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर का नाम गुलशन कुमार बताया गया है। वह उत्तर प्रदेश के कुशीनगर का रहने वाला है। इसके पास से चार पैकेट में कुल 24 किलो गांजा बरामद किया गया।बरामद गांजा का बाजार मूल्य दो लाख 40 हजार बताया जा रहा है। रविवार को मिली जानकारी के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर हटिया स्टेशन पर चेकिंग अभियान चलाया गया। हटिया रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर तीन पर एक को व्यक्ति काले रंग का पिट्ठू बैग और एक ट्रॉली बैग के साथ संदेहास्पद स्थिति में देखा गया। संदेह के आधार पर उसके सामानों की जांच की गई तो गांजा बरामद किया गया। इसके बाद रांची के सहायक सुरक्षा आयुक्त अशोक कुमार सिंह के निर्देशानुसार डीडी किट से जांच किया गया जो पॉजिटिव पाया गया।

## कांग्रेस के खाता फीज करने के झूठे प्रचार पर बीजेपी का बड़ा हमला




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भवनाथपुर विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि भारत के हर नागरिक और संस्था के लिए आयकर नियम बराबर है।

कहा कि कॉंग्रेस घोटालेबाज पार्टी है जो अपने घोटाले पकड़े जाने पर केंद्र सरकार, भाजपा और आयकर विभाग को कटघरे में खड़ा करके झूठी बातें करती है, लेकिन न्यायलय में आने बचाव के लिए दलील पेश नहीं कर पाती है।कहा कि आयकर विभाग ने डिफॉल्टर होने के कारण कॉंग्रेस की बकाया टैक्स राशि 115 करोड़ के प्रयोग पर ही रोक लगाई गई है, न कि बैंक एकाउंट को फ्रिज किया है।कहा कि आयकर मामले में कॉंग्रेस के द्वारा अपने अपने खाते फ्रिज होने की तुलना लोकतंत्र की हत्या से करना देश क अपमान है।

कहा कि कॉंग्रेस ने 1 लाख 80 हजार करोड़ का कोयला, 1 लाख 76 हजार करोड़ का 2 प्रतिशत स्पेक्ट्रम, 3600 करोड़ का हेलीकॉप्टर, 70 हजार करोड़ का कॉमनवेल्थ गेम्स और 5000 करोड़ का नेशनल हेराल्ड घोटाला किया था। प्रेस वार्ता में प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अशोक बड़ाईक एवं प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज उपस्थित थे।

## हमारे खाते फीज कर दिए गए, कांग्रेस कैसे लड़ेगी चुनाव : राजेश ठाकुर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने पत्रकारों को सम्बोधित किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह कार्यालय प्रभारी अमूल्य नीरज खलखो, प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, प्रवक्ता ऋषिकेश सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे।

प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर ने कहा कि 18वीं लोक सभा के आम चुनाव की घोषणा तो हो चुकी है, देश का हर एक नागरिक इसमें भाग लेने के लिए उत्सकु है। भारत पूरी दुनिया में अपने लोकतंत्र मूल्यों और आदर्शों के लिए जाना जाता है। किसी भी लोकतंत्र के लिए निष्पक्ष चुनाव अनिवार्य होता है। आपको तो मालूम ही होगा ये रीसेंटली किन-किन देशों में ऐसा हुआ है। तो ये सत्ताधारी दल द्वारा एक खतरनाथ खेल खेला गया है। इसके दूरगामी प्रभाव होंगे, पर ये स्पष्ट है कि इस तरीके से किसी राजनीतिक दल को असहाय बनाकर चुनाव लड़ने में बाधा उत्पन्न कर आए और फ्री एंड फेयर इलेक्शन कभी नहीं कहा जा सकता।लोकतंत्र के उपर किस प्रकार का खतरा मंडरा रहा है, किस प्रकार से कांग्रेस पार्टी के बैंक खातों के उपर हमला हुआ और ये कोशिश की जा रही है कि फाइनेंशियली कांग्रेस पार्टी को पंगू बना दिया जाए।

ये केवल कांग्रेस पार्टी के खातों पर नरेन्द्र मोदी सरकार का हमला नहीं है, बल्कि भारत के लोकतंत्र पर हमला है। अगर प्रमुख विपक्षी पार्टी वित्तीय तौर पर पूरी तरके से पंगू हो जाए, कोई कार्य नहीं कर सके, पब्लिसिटी के उपर पैसा नहीं खर्च कर सके, कैंपेन के उपर पैसा नहीं खर्च कर सके, अपने कैंडिडेट को पैसे नहीं दे सके, तो फिर चुनाव किस बात का है और चुनाव की घोषणा हो चुकी है, पिछले एक महीने से हमारे अपने बैंक अकाउंट्स में पड़े हुए 285 करोड़ रूपए का हम इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं।हम लोगों को पब्लिसिटी के लिए इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के अंदर स्लॉट बुक करने है। हमें सोशल मीडिया के अंदर इस्तेमाल करना है। हमें पोस्टर छपवाने हैं, हमें पैम्पलेट छपवाने है। अगर हम लोग वो काम भी नहीं कर सकते, तो किस प्रकार से लोकतंत्र जिंदा रहेगा और कैसा लोकतंत्र है ये। समय 2017-18 के एक केस को लेकर इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने 2017-18 के बेसिस के उपर सात साल बाद में जाकर हमारे बैंक के खाते अब जाकर फीज किए हैं, उसकी जानकारी दी। मैंने कहा कि ये सात साल पुराने कैसे फीज किए जा सकते हैं और टाइमिंग इसका कैसा है। हम लोगों के पास में मुख्यतः तीन बातें हैं कहने की। हर पॉलिटिकल पार्टी इनकम टैक्स से एग्जेप्ट होती है। कभी किसी ने भी पैनेल्टी इस तरह से नहीं दी, तो कांग्रेस पार्टी को अकेले क्यों चुना जा रहा है? दूसरा, इसकी टाइमिंग देखिए, 2017-18 का, मोती लाल वोरा जी के टाइम का और 1994-95 का, सीताराम केसरी का समय और केवल एक महीना पहले, चुनाव के घोषणा होने से पहले ये काम शुरू किया जाता है। एक



महीने से भी ज्यादा हम अपने पैसे जो हमारे वर्कर ने इकट्ठे किए हैं, वो हम इसका उसका इस्तेमाल नहीं कर पारहे हैं, ये कहॉ की डेमोक्रेसी है, ये कहॉ का लोकतंत्र रह गया है? तो इसलिए हम आपसे कहना चाहते हैं कि केवल हमलोग तो अपनी लड़ाई लड़ेंगे, लेकिन ये आप लोगों की भी लड़ाई है, मीडिया की भी लड़ाई है, देश की जनता की लड़ाई है।

## राज्य में 25 मार्च को बारिश की संभावना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य के कई हिस्सों में 25 मार्च को बारिश होने की संभावना है। इससे राज्यवासियों की होली में इस बार खलल पड़ सकती है। राज्य के उत्तरी, दक्षिणी और मध्य हिस्से में बारिश के साथ ही तेज हवाएं चलने और वज्रपात के आसार हैं जबकि अधिकांश हिस्से में बादल छाए रहेंगे। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, रांची, रामगढ़, खूंटी, सरायकेला खरसावां, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, गुमला,



देवघर, दुमका, धनबाद, जामताड़ा, गिरिडीह, पाकुड़ और साहेबगंज में बारिश होने की संभावना है। इसके साथ 26 से 30 मार्च तक राज्य में आंशिक बादल का असर देखा जायेगा। ऐसे में संभावना है कि इस बार होली खेलने में लोगों को खलल होगी। बारिश और बादल का असर राज्य में बना रहेगा। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार आने वाले दो दिनों के दौरान तापमान में छह डिग्री तक की वृद्धि होगी। इसके तीन दिनों के बाद तापमान में कोई वृद्धि नहीं होगी। ऐसे में आने वाले दिनों में लोगों को गर्मी का एहसास भी होगा लेकिन बादल और बारिश से लोगों को राहत मिलेगी। राजधानी रांची की बात करें तो 25 से 30 मार्च तक बादल छाए रहने की संभावना व्यक्त की गयी है।

## झारखंड प्रदेश गुरू रविदास महासभा ने धुमधाम से मनाया होली मिलन समारोह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** पूरे देश में होली महोत्सव मनाया जा रहा है। आगामी होली त्योहार को देखते हुए झारखंड प्रदेश गुरूरविदास महासभा द्वारा बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ डोरंडा स्थित प्रदेश कार्यालय के सभागार में होली मिलन समारोह मनाया गया। जिसमे रांची महानगर के अलावा झारखंड प्रदेश के रविदास परिवार के द्वारा सम्मलित होकर सभी साथ में रंग अबीर लगा कर मनाया गया। रविदास समाज के संरक्षक संत सेवक राम का माला पहनाकर



स्वागत झारखंड प्रदेश गुरूरविदास महासभा के अध्यक्ष दीपक कुमार रवि द्वारा किया गया। होली मिलन समारोह में डोरंडा पंचायत से गजेन्द्र राम , मौसीबाड़ी पंचायत से चौधरी काली चरण राम, अपर बाजार पंचायत से चौधरी संतोष रवि , अशोक राम, दीपक राम , सीता राम, सुबोध किशोर रवि , दशरथ राम , राजकुमार राम , रामलगन राम , सोहेल राम , राम बिहारी राम , दीपक कुमार, प्रदीप रवि, मुकेश , अनील कुमार रवि सहित सभी रविदास परिवार सम्मलित रहे सूचना गोपाल रवि एवं विशाल रवि मिडिया प्रभारी झारखंड प्रदेश गुरूरविदास महासभा द्वारा दिया गया।

## कलाकारी स्कूल ऑफ आर्ट्स में रंगोत्सव का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स डोरंडा और कलाकृति आर्ट फाउंडेशन द्वारा होली पर्व के अवसर पर रंगोत्सव 2024 - रंगों का त्यौहार का आयोजन किया गया 7 डोरंडा कन्या पाठशाला स्थित में आयोजित कार्यक्रम में संस्था के सभी छात्रों ने चित्रकला प्रतियोगिता एवं फेस पेंटिंग कार्यशाला में हिस्सा लिया । चित्रकला प्रतियोगिता में 100 पेंटिंग्स को प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर सभी बच्चों ने होली को नए अंदाज में एक दुसरे के चेहरे पर प्राकृतिक रंगों के द्वरा फेस पेंटिंग करने की कला सिखाई गयी । इस कार्यक्रम को सफल बनाने संस्था उपनिदेशक रजनी कुमारी, अजय कुमार ,आरती, कोमल, शिखा , हर्षिता, रिंकी , जया, अर्चना, अमीषा, मनस्वी, तन्वी, सुमन, निजात, सूरज, राज आदि का सहयोग रहा ।

## सेल सिटी में मनाई गई होली



**रांची :** सेल सिटी में आयोजित कार्यक्रम होली की भावना का एक आदर्श प्रतीक था। सांसों को झकझोर देने वाला कार्यक्रम एससीआरडब्ल्यूए और इसकी सांस्कृतिक एवं पूजा उप समिति का संयुक्त प्रयास से किया गया था।कार्यक्रम की शुरुआत भजन और होली गीतों से हुई। अमित सरकार ने अपनी मधुर आवाज से दर्शकों को बांधे रखा। सेल सिटी के सम्मानित निवासी पी.के.काशरी द्वारा उनका अभिनंदन किया गया।

## सर्वदा ज्वेलर्स से दो करोड़ के आभूषणों के गबन के बाद मामला दर्ज, दो गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मेन रोड रोस्पा टावर स्थित सर्वदा ज्वेलर्स नामक प्रतिष्ठान से लगभग दो करोड़ राशि के ज्वेलर्स गबन का मामला प्रकाश में आया है। प्रतिष्ठान के मालिक अनुराग सिंधानिया ने जब स्टॉक ऑडिट करया, तो पूरे मामले का खुलासा हुआ तो होश उड़ गए । इस प्रकरण में ज्वेलरी मैनेजर मोहित नारंग, कारीगर जीवन हाजरा के खिलाफ अनुराग सिंधानिया ने लोअर बाजार थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी है। पुलिस ने धारा 407, 420, 379 और 34 भावदी के




तहत मामला दर्ज कर लिया है। आवेदन के अनुसार स्टोर मैनेजर मोहित नारंग ने पिछले छह माह में स्टॉक से 2277.657 ग्राम सोने का गबन करते आ रहा था, इस पूरे खेल में प्रतिष्ठान का कारीगर जीवन हाजरा भी शामिल रहा। जब स्टॉक ऑडिट होने के बाद स्टोर मैनेजर मोहित नारंग और जीवन हाजरा से पूरे मामले में पूछताछ हुई, तो खुलासा हुआ कि ज्वेलरी गबन का पैसा शेयर मार्केट और डिमेट एकाउंट में लगाया है। करीब दो करोड़ से ज्यादा पैसा प्रतिष्ठान से उड़ाये ज्वेलरी से कमा चुका था। लोअर बाजार थाना प्रभारी दयानंद ने बताया कि मामला 2023 की है एफआईआर अभी दर्ज कराया गया है , पुलिस ने अपने स्तर से छीन बीन कर रही है। वहीं आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

## चुनाव की नाइट ड्यूटी में लगे अधिकारियों-कर्मियों का पारिश्रमिक भत्ता बढ़ा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** राज्य में लोकसभा चुनाव कराने के लिए आयोग दिन रात तैयारियों में जुटा है। चुनाव कार्य में ज्यादा से ज्यादा कर्मचारियों की भागीदारी बढ़ाने के लिए अलग भत्ता देने का भी प्रावधान किया जा रहा है।

इसके मद्देनजर चुनाव कार्य में नाइट ड्यूटी करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को दिए जाने वाले अतिरिक्त पारिश्रमिक भत्ता को बड़ा दिया गया है। इस संबंध में मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग ने अधिसूचना जारी कर दिया है। इसके अनुसार कंज्यूमर प्रोडक्ट्स में हुई वृद्धि एवं सप्तम वेतन आयोग द्वारा संशोधित वेतनमान आदि को ध्यान में रखते हुए निर्वाचन कार्य में संलग्न पदाधिकारी-कर्मचारी को निर्धारित अवकाश के दिनों सहित सामान्य कार्यावधि में अधिक देर रात्रि तक काम करने के लिए संशोधित पारिश्रमिक का भुगतान करने का निर्णय लिया गया है। पारिश्रमिक की राशि पाने वाले पदाधिकारियों-कर्मियों की पात्रता निर्धारण राज्य मुख्यालय स्तर पर




मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी तथा जिला स्तर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी तय करेंगे। पारिश्रमिक राशि बैंक अकाउंट में सीधे भेजी जायेगी। प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री के अनुमोदन से हस्ताक्षर से आदेश जारी कर दिया गया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित अवधि के अंतर्गत आम, उप चुनाव का संपादन कराना अनिवार्य होता है। चुनाव कार्य में संलग्न पदाधिकारी कर्मी को सामान्य कार्य दिवस तथा अवकाश के दिन की देर रात्रि तक श्रमसाध्य पैंतालिस से साठ दिनों की अवधि होती है। इस दौरान कर्मियों के मनोबल को ऊंचा रखने के लिए अतिरिक्त पारिश्रमिक दी जाती है। अविभाजित बिहार में निर्धारित दरों को झारखंड ने अपनाया था, लेकिन समय और बढ़ती महंगाई को देखते हुए इन दरों में संशोधन किया गया है।

## झारखंड जिम्नास्टिक्स की टीम ने जम्मू में लहराया परचम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची/(जम्मू )।** जिम्नास्टिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 22 मार्च से जम्मू में आयोजित नेशनल एरोबिक्स जिमनास्टिक चैंपियनशिप में झारखण्ड टीम की खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एरोबिक्स जिम्नास्टिक में दो कांस्य पदक जीत कर जिम्नास्टिक में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। ज्ञात हो झारखंड जिम्नास्टिक संघ की टीमें लगातार तीन वर्षों से इस प्रतियोगिता में भाग ले रही है और विगत वर्षों में चौथे एवं पांचवें स्थान पर रही थी। अपने पिछली उपलब्धियों को पीछे छोड़ते हुए जुनियर ऐरो डांस इवेंट में तृतीय स्थान तथा सीनियर पी-टाइट्स में भी तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त खिलाड़ियों ने अन्य प्रतियोगिता में भाग लेते हुये शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में झारखंड की 23 सदस्यों की टीम ने भाग लिया ।

**खिलाड़ियों की सूची:** अमित गोप, राजवीर केरकेट्टा,सूरज केसरी, करण कुमार, राहुल टोप्पो, साहिल कच्छप, रोहित मुंडा, प्रिया यादव, नयन कच्छप,टोनू गोपाल, अनुराग कुमार, प्रिया कुमारी, सपना कुमारी, सृष्टि कुमारी राय, दशमी कुमारी, नेहा कुमारी, मुस्कान कुमारी, कंडा कुमारी,रुद्र कुमार,उज्वल कुमार पंडित,रितु कुमारी, एवं प्रशिक्षक सह कप्तान पुरुष -विकास गोप, प्रशिक्षक सह कप्तान ,महिला -श्रुति।

## संक्षिप्त खबरें

### आरिफ को कांग्रेस सोशल मीडिया की मिली जिम्मेदारी



**उधवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग के चेयरमैन गजेंद्र कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के सोशल मीडिया में सक्रिय रहने वाले आरिफ आलम को लोकसभा चुनाव 2024 को देखते हुए साहिबगंज जिला कांग्रेस के सोशल मीडिया विभाग के कोऑर्डिनेटर की जिम्मेदारी दी गई है। वर्तमान में वह राजमहल विधानसभा युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष के पद पर है। उधर,प्रखंड अध्यक्ष मो. बदरूद्दोजा,युवा प्रखंड अध्यक्ष कृष्ण कुमार,एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष तनवीर राजा,इंजमामुल हक,मो. मुरसालीम,मिस्टर आलम समेत अन्य कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी है। वहीं आरिफ आलम ने कहा कि नई जिम्मेदारी देने के लिए कांग्रेस विधायक दल के नेता सह सूबे के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम , झारखण्ड कांग्रेस के प्रदेश महासचिव तनवीर आलम,कांग्रेस जिला अध्यक्ष बरकत खान एवं जिला उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी नाविद अंजुम डालीम एवं प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया के पूरी टीम का धन्यवाद किया। साथ ही उन्होंने पूरे निष्ठा एवं ईमानदारी से सोशल मीडिया के द्वारा कांग्रेस को मजबूत करने का संकल्प लिया।

### रंगो का त्योहार होली की सारी तैयारी पूरी बाजरो में बढ़ी रौनक

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में रंगों का महापर्व होली की सारी तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है।होली के लेकर कोयलांचल क्षेत्र के बाजारों में काफी रौनक देखी जा रही है।बाजारों में कई प्रकार की दुकान लगाई गई है जिसमें अबीर गुलाल पिचकारी और रंगों की खूब बिक्री हो रही है। वहीं मिठाई की दुकानों में भी काफी भीड़ देखी जा रही है। जानकारी के अनुसार बचरा चार नंबर चौक,बचरा बाजारटांड़,राय बाजार सहित कोयलांचल क्षेत्र के सभी बाजारों में होली को लेकर कई प्रकार की दुकान लगाई गई है जिसमें लोगों की काफी भीड़ देखी जा रही है।होली को लेकर बच्चों में काफी उत्साह देखा जा रहा है और बच्चे स्वंय बाजार जाकर अपने मनपसंद के रंग और अबीर गुलाल की खरीदारी करते देखे जा रहे हैं।इधर होली और रमजान पर्व को लेकर कोयलांचल क्षेत्र में पिपरवार पुलिस के द्वारा सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया है।पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि होली और रमजान को लेकर पुलिस पूरी तरह से सतर्क है और लगातार क्षेत्र में गस्त कर रही है।उन्होंने कहा कि शरारती तत्व एवं मनचलो पर कड़ी नजर रखी जा रही है।पर्व त्यौहार के दौरान उत्पात मचाने वालों पर पुलिस के द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाएगी।नशेड़ियों के खिलाफ पुलिस ने विशेष तौर पर रणनीति तैयार की है।उन्होंने क्षेत्र के सभी लोगों से शांतिपूर्ण माहौल में त्यौहार मनाने की अपील की है।

### कारंबा गांव में जावा महुआ को किया गया नष्ट

**बुढ़मू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुढ़मू थाना सड़ाम पंचायत के अंतर्गत कारंबा गांव में के पास करीब 100 ड्रम अवैध महुआ शराब के खिलाफ रविवार को पुलिस ने अभियान चलाकर जावा महुआ, महुआ शराब व भट्टियों को ध्वस्त किया। थाना प्रभारी रामजी कुमार के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम बनाकर औचक छापेमारी की गयी। छापेमारी दल को देखकर अवैध कारोबारी भागने में सफल रहा। पुलिस ने सैकड़ो लीटर महुआ शराब को नष्ट किया। इस दौरान शराब बनाने की उपकरण व भट्टियों को भी ध्वस्त किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि बुढ़मू थाना क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध कारोबार चलने नहीं दिया जाएगा। छापेमारी दल मैं आशीष रंजन, एएसआई सन्तोष यादव, हवलदार विष्णु यादव, राजेश कुमार सहित बुढ़मू थाना के पुलिस जवान मौजूद थे।

### बुढ़मू थाना से फरार वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**बुढ़मू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुढ़मू थाना प्रभारी रामजी कुमार ने बतलाए की चुनाव के मद्देनजर रखते हुए थाना से फरार वारंटी बलराम साहू, पिता कंदर साहू पता उमेडंडा को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। आगे भी थाना क्षेत्र के सभी वारंटीयों पर निरंतर करवाई चलता रहेगा।

### ग्राम रोजगार सेवक को हटाने को लेकर बीडीओ को दिया आवेदन

**उधवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के उत्तर पियारपुर पंचायत में पदस्थापित ग्राम रोजगार सेवक असरफ अली को पंचायत से हटाने को लेकर मुखिया आजाद शेख ने बीडीओ को आवेदन दिया हैं। आवेदन की प्रतिलिपि बीस सूत्री अध्यक्ष तमरूद्दीन शेख को प्रेषित किया है। इस संबंध में मुखिया,उप मुखिया तथा वार्ड सदस्यों ने आवेदन में हस्ताक्षर कर बताया है कि ग्राम रोजगार सेवक असरफ अली के द्वारा द्वाए कार्य मे रुची ना लेना,ससमय पर अवास प्लस एवं मनरेगा योजना में डिमांड नहीं लगाना। मनमानी ढंग से कार्य करना,विकास कार्य में बाधा उत्पन्न करना,ससमय पर मजदूरी भुगतान ना होना,पंचायत के कार्य की बढ़ती गति को धीमी गति में लाने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने बताया कि मनरेगा योजना में रेकार्ड खोलने के लिए जनप्रतिनिधि द्वारा बोलने पर भी बहना बनाते रहते हैं। आवेदन में बताया है कि कभी भी उत्तर पियारपुर पंचायत सचिवालय में बैठक नहीं करते है। मुखिया ने बीडीओ से उक्त ग्राम रोजगार सेवक के विरुद्ध करवाई की मांग किया है।

# पतराहातु में होली मिलन समारोह का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड के पतराहातु में नागरिकों द्वारा समाज संयोजक विनय महतो धीरज की अध्यक्षता में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह का संचालन बिनोद साहु ने किया।इस समारोह के मुख्य अतिथि रांची जिला लोकसभा सांसद संजय सेठ शामिल हुए। समारोह को संबोधित करते हुए संजय सेठ ने सभी को होली की शुभकामनाएं दी। सभी ने एक दुसरे को अबिर गुलाल लगाकर एक दुसरे को होली की बधाई दिया साथ ही नाचते गाते खुब मस्ती किए।इस



होली मिलन समारोह में सुरेन्द्र महतो,के के गुप्ता,नेहा सिंह, माधुरी देवी,रेखा देवी, बिनोद साहु, चितरंजन महतो, दिलेश्वर कोइरी, सृष्टिधर प्रजापति, मनोज महतो, भगीरथ महतो,अमीत महतो समेत ग्रामीण मौजूद थे।

# एकुप्रेशर परिषद व छात्र विज्ञान क्लब द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** एकुप्रेशर परिषद झारखंड व छात्र विज्ञान क्लब द्वारा होली की पूर्ण संधया पर होली मिलन समारोह का आयोजन दुर्गा मन्दिर परिषर टाटीसिल्वे में किया गया। सर्व प्रथम आगत अतिथियों द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।इस शुभ अवसर रांची के निवर्तमान सांसद संजय सेठ,पूर्व सांसद राम टहल चौधरी,राज्य सभा सांसद आदित्य साहू,ग्रामीण रांची जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो,सिल्वे मुखिया नूतन पाहन,राजन साहू,राजेश मिश्रा,मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो,रामनाथ महतो,महेंद्र महतो,अजय महतो,प्रधान शिव नारायण मानकी, टाटी पूर्वी प स स रमेश



कुमार,राजेंद्र प्रमाणिक, एम एन मिश्रा, गाजू महतो,के डी सिंह,कर्नल बी के सिंह,महामंत्री अमित मिश्रा, सीदाम सिंह मुंडा, विजय घोष,मनोज सिंह उपस्थित थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉक्टर मधुसुदं पांडे, बलराम महतो, ललिता कुमारी, महेश प्रजापति,गौतम सिंह,पुनीत गोयल,इत्यादि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## हंसडीहा पुलिस की बड़ी कारवाई, 51 बोतल शराब के साथ शराब विक्रेता गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंसडीहा :** शराब के अवैध कारोबार पर हंसडीहा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 51 बोतल अवैध शराब के साथ शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया है। ग्रामीणों की शिकायत पर हंसडीहा पुलिस ने थाना क्षेत्र के बरापघार गांव पवन कुमार के किराने की दुकान में छापेमारी कर अवैध शराब की बड़ी खेप बरामद की है।बीते शनिवार की देर रात पुलिस अवर निरीक्षक लाल बल्लभ पासवान ने सशस्त्र पुलिस



बल के साथ छापेमारी कर 51 बोतल शक्तिमान नामक शराब जप्त की है। हंसडीहा पुलिस को सूचना मिली थी कि पवन कुमार पिता,पुष्टू मंडल अपनी किराने की दुकान में शराब बेचने का काम भी किया करता था।

# वन कर्मियों ने मनाया होली मिलन समारोह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** वन कार्यालय परिसर पर रविवार को वन कर्मियों ने रेंजर सुरेंद्र सिंह की अगुवाई में होली मिलन समारोह मनाया गया. वही सभी ने एक दूसरे को अबीर अबीर गुलाल लगाते हुए गल मिलकर होली का मुबारकबाद दिया. रेंजर सुरेंद्र सिन्हा ने कहा कि होली एक ऐसा पर्व है जो सभी समुदाय के लोग बढ़ चढ़कर मानते हैं साथ ही भूले बिसरे गलतियों को भूल कर सीने से लगकर माफ करते हैं.उन्होंने कहा



कि आप लोग परिजन के संग अच्छे से होली मनाई ताकि घर परिवार खुश रहे. रेंजर ने कहा कि होली के बाद जंगलों में आग लगा दिया जाता है. आप लोग वन समिति को सूचित करें कि कोई भी ग्रामीण जंगल में आग ना लगाये अन्यथा उनके ऊपर कानूनी कार्रवाई भी किया जा सकता है.उन्होंने कहा कि जंगल में आग लगा देने से छोटे-छोटे वन्य जीव, औषधि पौधा जलकर राख हो जाता है जो काफी ही मनुष्य के लिए नुकसान होता है.मौके पर कर्रा फॉरेस्टर राकेश कुमार, लोधमा फॉरेस्टर अमर कुमार स्वांसी, खूंटी के फोरेस्टर प्रवीन कुमार, रनिया के फोरेस्टर नितेश कुमार, रश्मि कुमारी होरो, रेशमा ऐगनेश गुड़िया, सुखवन सुरीन, सहदेव मुंडा, सईद अहसन के अलावे खुंटी, तमाड़, गर्गा रनिया, के वनकर्मी उपस्थित है।

## राजमहल क्रिकेट एसोसिएशन क्लब के तत्वाधान में खेला गया होली स्पेशल सीजन-5

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**राजमहल :** राजमहल क्रिकेट एसोसिएशन क्लब के द्वारा 1 दिन पूर्व होली स्पेशल सीजन-5 क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया।जिसमे आर.बी.सी.सी येलो और आर.बी.सी.सी ब्लू के बीच फ्रेंडली मैच हुआ। मैच का उद्घाटन भाजपा नेता पंकज घोष ने फीता काटकर किया। जिसमें आर.बी.सी.सी येलो ने आर.बी.सी.सी ब्लू को हराकर मैच जीता। जो काफी रोमांचकारी रहा साथ ही सभी ने मैच खत्म होने के बाद होली खेलकर एक दूसरे को



बधाई दिया। मौके पर अर्जुन कुमार, अविनाश कुमार, सुरेश राय, प्रिंस कुमार, दिवाकर कुमार, प्रसनजीत विश्वास, हीरा यादव, गोपाल घोष, गौरव कुमार, विकास चंद्रवंशी, रोशन कुमार, समीर बर्मन, पंकज हजारी, आनंद घोष,काशी यादव आदि अन्य मौजुद थे।

## महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना के तहत 50 दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**साहिबगंज :** पलाश अंतर्गत्त साहेबगंज जिला के बोरियो प्रखण्ड में तसर उद्योग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चार सामुदायिक सेवा केंद्र का गठन किया गया है। सामुदायिक सेवा केंद्र दनवार में 50 दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य सखी मंडल की सदस्यों को आधुनिक मशीनों से रेशम का धागा निकालने की प्रक्रिया को सीखाना है जिससे तसर के उद्योग में चार चाँद लग



सके। पूर्व में बोरियो प्रखण्ड में तसर उद्योग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तीन सामुदायिक सेवा केंद के 120 सखी मंडल की सदस्यों को उक्त प्रशिक्षण दिया जा चुका है। प्रशिक्षण उपरांत प्रशिक्षुओं को निःशुल्क मशीन( कुकुन से धागा निकालने का मशीन) मुहैया कराया गया है। निःशुल्क मशीन प्राप्त कर सामुदायिक सेवा केंद्र के सदस्यों के बीच उल्लास का माहोल है और वे प्रतिदिन मेहनत कर अपनी आजीविका का सुदृढ़ करने का प्रयास कर रही है।

# पाकुड़ जेल में एसडीएम एवं एसडीपीओ ने किया औचक छापेमारी,कैदी वार्ड का किया सघन जांच



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** लोकसभा चुनाव को लेकर सिविल एसडीओ प्रवीण केरकेट्टा एवं एसडीपीओ डीएन आजाद ने बीती रात 11ः00 बजे पाकुड़ जेल में औचक छापेमारी कर कैदी वार्ड की तलाशी ली।सिविल एसडीओ एवं एसडीपीओ के नेतृत्व में पुरुष वार्ड, महिला वार्ड में रह रहे कैदियों के बैग,झोला,बेड की सघन तलाशी ली गई ।हालांकि जांच के दौरान किसी भी प्रकार का कोई आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं हुआ।

जेल की तलाशी पूरी करने के बाद एसडीओ श्री केरकेट्टा ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देश पर रेंडम जेल में औचक छापेमारी अभियान की गई। निर्वाचन आयोग को सूचना मिली थी की जेल में कैदी फोन के माध्यम से किसी राजनीतिक पार्टी को लाभ दिलाने के लिए वोटरों पर दवाब बना रहे हैं। इसी सूचना पर पाकुड़ में भी जेल में छापेमारी की गई ।लेकिन यहां किसी भी प्रकार का कोई समान या ऐसी कोई बात जांच के दौरान सामने नहीं आई है। जेल में छापेमारी अभियान के दौरान कार्यपालक दंडाधिकारी श्रीमती कांति रश्मि ,जेलर ललन भारती,ट्रेनी डीएसपी सह नगर थाना प्रभारी अजय आर्यन,मुफस्सिल थाना प्रभारी,मालपहाड़ी थाना प्रभारी ,हिरणपुर थाना प्रभारी, लिट्टीपाड़ा थाना प्रभारी, अमडापाडा थाना प्रभारी, पाकुड़िया थाना प्रभारी एवं एस एस बी के बड़ी संख्या में जवान जेल की छापेमारी अभियान के दौरान शामिल थे।

## जम्मू मे होने वाले खेलो इंडिया एंव वुशु प्रतियोगिता के लिए कोयलांचल के वुशु खिलाड़ी हुए रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के वुशु खिलाड़ी जम्मू में होने वाले खेलो इंडिया कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रवाना हुए।जानकारी के अनुसार सभी वुशु खिलाड़ी चतरा जिला वुशू संघ के बैनर तले जम्मू के लिए रवाना हुए।इस संबंध मे वुशु संघ के सचिव सह कोच रजी अहमद ने बताया कि जम्मू के जम्मू युनिवर्सिटी मे 26 मार्च से 31मार्च तक 23वां सब जुनियर राष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता एवं खेलो इंडिया जुनियर महिला वुशू प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है,जिसमे पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के करीब 12 वुशू खिलाडी शामिल हो रहे हैं।रविवार को सभी खिलाड़ी चतरा जिला वुशु संघ के बैनर तले रांची रेलवे स्टेशन से झारखण्ड सबजुनियर वुशू दल के साथ रवाना हुआ।प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियो मे नैयर शान अहमद,उजवल पाल,हर्षराज,प्राची कुमारी, वन्दना कुमारी,वाणी कुमारी, कशिश राज,अनिशा कुमारी, विदया कुमारी और खेलो इंडिया जुनियर महिला वुशू लिग मे रौशनी कुमारी और शीतल कुमारी का नाम शामिल हैं।संघ के सचिव और कोच रजी अहमद ने बताया कि प्रतियोगिता में शामिल हो रहे सभी खिलाड़ियों ने काफी मेहनत के साथ प्रशिक्षण प्राप्त किया है।इससे पूर्व चयनित सभी खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन कर कोयलांचल क्षेत्र का नाम रोशन कर चुके हैं।उन्होंने सभी खिलाड़ियों से बेहतर प्रदर्शन कर अपने क्षेत्र और राज्य का नाम रोशन करने की अपील की।

# होली त्योहार को लेकर कर्रा, लोधमा व बिरदा में निकाला गया फ्लैग मार्च



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** थाना अंतर्गत कर्रा, लोधमा, बिरदा में रविवार को होली त्योहार में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकला गया. फ्लैग मार्च कर्रा थाना से शुरू होकर कर्रा चौक, मस्जिद चौक, महतो टोली, डाकघर होते हुए वापस थाना जाकर समाप्त हुआ. जिसके बाद लोधमा पुलिस पिकेट से लोधमा चौक, लोधमा बस्ती एवं बिरदा चौक, सिलमा चौक व बिरदा व सिलमा बस्ती में फ्लैग मार्च निकला कर होली के त्योहार को आपसी भाई चारगी व सौहार्द पूर्ण तरिके से मनाने की अपील कि गयी वहीं डीजे साऊंड नहीं बजाने की अपील कि गयी. मौके पर एस आई जुगेश सिंह, एस आई भारत भूषण पटेल, ए एस आई लालजी राय के अलावे सशस्त्र बल के जवान उपस्थित थे।

# मानव जीवन के समुचित विकास हेतु सरना धार्मिक-सामाजिक व्यवस्था का संरक्षण व संवर्धन करना सुनिश्चित हो : दुर्गा कच्छप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** तोरपा के जिबलोंग में रविवार को सरना धर्म सोतोः समिति शाखा अरहरा के तत्वावधान में सरना झंडागड़ी सह सरना धर्म प्रार्थना सभा आयोजित किया गया. अजय तोपनो, जोहान तोपनो व ग्रेस तोपनो की अगुवाई में अनुयायियों के साथ सरना स्थल में भगवान सिडबोंगा की पूजा-पाठ कर सुख, शांति और खुशहाली की कामना की गई और विभिन्न मंडलियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सरना भजन प्रस्तुत कर भक्तिमय बनाया. इस समारोह में मुख्य अतिथि धर्मगुरु बगरय मुंडा और विशिष्ट अतिथि दुर्गा कच्छप उपस्थित हुए. इस अवसर



पर धर्मगुरु बगरय मुंडा ने अनुयायियों को संबोधित करते हुए कहा कि सिडबोंगा की स्तुति से हमारी आत्मा में भक्ति व श्रद्धा बढ़ती है तथा समाज में प्रेम व भाईचारा की भावना पनपती है.

इससे लोभ, लालच व अहंकार जैसे बुराईयां दूर होती है और जीवन में सुख, शांति और खुशहाली आती है. उन्होंने आगे कहा कि भगवान के सामने सब बराबर हैं जिससे सबको समान कृपा मिलती है. हमें इसके लिए सदा धर्म के रास्ते पर चलना चाहिए और समाज में प्रेम व भाईचारा के साथ रहना चाहिए. सिडबोंगा की स्तुति के साथ-साथ मनुष्य, जीव-जंतु व सारी सृष्टि का सम्मान करना ही सरना धर्म का मूल सिद्धांत है. इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि दुर्गा कच्छप ने कहा कि सरना प्रकृति पर आधारित विश्व का प्राचीनतम धर्म है. इसमें आज भी सच्चाई, अच्छाई, ईमानदारी व निष्ठा है परंतु धार्मिक प्रतिस्पर्द्धा में धीरे-धीरे अपनी मूल अस्तित्व व अस्मिता लुप्त होती जा रही है. इससे न केवल धार्मिक-सामाजिक व्यवस्था कमजोर हुई है बल्कि जल-जंगल-जमीन से भी बेदखल होना पड़ रहा है. अतः मानव जीवन के समुचित विकास हेतु सरना धार्मिक-सामाजिक व्यवस्था का संरक्षण व संवर्धन करना सुनिश्चित होना हो. इस कार्यक्रम में मथुरा कंडीर, बिरसा कंडीर, निरल आइंद, शिवानी तोपनो, अंतोनी तोपनो, बुधराम मुंडू, पुनिया पहान, सानु सिंह, जयनारायण सिंह, कोंदा पहान, सुरेंद्र सिंह, विष्णु सिंह, मोनिका केरकेट्टा, दुलारी केरकेट्टा, बिरसा तोपनो, सुखराम केरकेट्टा, जेम्स होरो, सुमित गुंड़िया, रोहित तानी, बिरसा कंडुलना आदि ने विचार व्यक्त किए.

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# एआइ-मशीन लर्निंग से होंगे बड़े बदलाव : एन चंद्रशेखरन

*- एक्सएलआरआइ के दीक्षांत समारोह में शामिल हुए एन. चंद्रशेखरन, मिला सर जहांगीर घांदी मेडल फॉर इंडस्ट्रियल एंड सोशल पीस मेडल*



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** भारत के विकास के लिए यह गोल्डेन टाइम है. हम विश्व गुरु बनने की राह पर हैं. देश का विकास दर तेज गति से आगे बढ़ रहा है. इस दौर में कॉलेज से पास आउट होकर निकलने वाले विद्यार्थियों के सामने अच्छा मौका है. उक्त बातें शनिवार को एक्सएलआरआइ के 68वां दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने कही। उन्होंने वैश्विक स्तर पर तेजी से बदलाव हो रहा है. ग्रीन एनर्जी, टेलकॉम सेक्टर, एआइ, मशीन लर्निंग, सप्लाई चेन मैनेजमेंट ये तमाम सेक्टर हैं, जहां सकारात्मक बदलाव हो रहे हैं. कहा कि टाटा ग्रुप ने हाई-टेक चिप विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने जा रही है. जिसे गुजरात में धोलेरा के विशेष औद्योगिक क्षेत्र में ताइवान के पावरचिप सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कॉर्प के साथ साझेदारी में स्थापित किया जायेगा. इससे करीब 70,000 रोजगार भी मिलेंगे. उन्होंने टाटा ग्रुप द्वारा किये जाने वाले महत्वपूर्ण कार्यों से जुड़ी जानकारी भी उन्होंने दी. इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में टाटा स्टील के एमडी सह एक्सएलआरआइ के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स टीवी नरेंद्रन, एक्सएलआरआइ के डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज एसजे समेत सभी शिक्षक -शिक्षिकाएं, विद्यार्थी व अभिभावक मौजूद थे. इससे पूर्व एक्सएलआरआइ से पास आउट होने वाले 551 विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट दिया गया. इसमें 14 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल मिला. कार्यक्रम के दौरान एन. चंद्रशेखरन को प्रतिष्ठित सर जहांगीर घांदी मेडल फॉर इंडस्ट्रियल एंड सोशल पीस से सम्मानित किया गया। साथ ही फैकल्टी, नॉन टीचिंग स्टाफ व मेंटेनेंस स्टाफ को लांग सर्विस मेडल से नवाजा गया।

### अगले 6 सालों में टाटा ग्रुप में 70 प्रतिशत तक ग्रीन एनर्जी के इस्तेमाल का लक्ष्य

एन चंद्रशेखर ने कहा कि टाटा ग्रुप ग्रीन एनर्जी की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है. लिथियम आयन बैटरी बनाने के लिए 20 गीगावॉट की गीगाफैक्टरी शुरू की गयी है. भारत सेमीकंडक्टर के मामले में पूरी तरह दूसरे देशों से किए गए आयात पर निर्भर है. आने वाले समय में भारत में सेमीकंडक्टर की खपत जोरदार होने वाली है. कहा कि हम इलेक्ट्रिक गाड़ियों की बढ़ती मांगों को पूरा कर सकेंगे. नटराजन चन्द्रशेखरन ने कहा कि टाटा ग्रुप सी295 डिफेंस एयरक्राफ्ट भी बना रहे हैं. शुरुआत में वडोदरा में और फिर धोलेरा में और यह काम तेजी से चल रहा है. टाटा ग्रुप में इलेक्ट्रिक कारों पर काम किया जा रहा है. इस साल कुछ प्रोडक्ट्स मार्केट में दस्तक दे सकते हैं. फिलहाल इलेक्ट्रिक कारों की मार्केट हिस्सेदारी के मामले में टाटा मोटर्स भारत में सबसे आगे है.

### आज हम चीन को पीछे छोड़ने की ताकत रखते हैं : टीवी नरेंद्रन

मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में टाटा स्टील इंडिया एंड साउथ ईस्ट एशिया के एमडी सह एक्सएलआरआइ के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स टीवी नरेंद्रन ने कहा कि छात्र जीवन के दौरान जो भी बातें सीखी जाती है, उसका व्यावहारिक जीवन में सकारात्मक तरीके से इस्तेमाल करें. कहा कि सीखने की कोई उम्र नहीं होती है. कहा कि आज से 34 साल पहले जब वे ग्रेजुएट हुए थे, तब देश में सिर्फ चार आइआइएम थे. उस वक्त चाइना कोई फैक्टर नहीं था, लेकिन आज स्थिति बदली हुई है. टीवी नरेंद्रन ने कहा कि भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है, यही गति रही तो हम विकास के मामले में चाईना को भी पीछे छोड़ सकते हैं. उन्होंने जीयो पॉलिटिकल परिस्थिति में क्लाइमेट

## बालीगुमा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया प्रकृति का महापर्व बाहा बोंगा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** एनएच 33 से सटे सरना धर्म दिशोम जाहेर गाढ़ गोड़गोड़ा, बालीगुमा में धूमधाम के साथ बाहा बोंगा पर्व मनाया गया। इस अवसर पर प्रकृति की उपासना की गई।सर्वप्रथम नायके बाबा मोहन हांसदा एवं पुराने नायके बाबा मोसो हांसदा की अगुवाई में मारंग बुरू जाहेर आयो लिटा,मोड़े को,तुरुय को,आदि की सखुआ और महुआ के फूल से पूजा की गई। इस मौके पर नायके बाबा और ग्रामीणों ने अपने इष्ट देवता की उपासना की। गांव समाज के सुख समृद्धि महामारी रोगमुक्त समाज,मौसम के समय पर आगमन,अच्छी बारिश, किसानों की उपज में बढ़ोतरी, मानव जीवन में कष्ट की मुक्ति,जंगल में जीव जंतुओं की बढ़ोतरी हो आदि की कामना किया गया। दिशोम बाहा मिलन समारोह 31मार्च को होगा इसकी तैयारी जोरों से है।इस मौके पर दिशोम जाहेर गाढ़ समिति के अध्यक्ष फतेहचन्द टुडू, सचिव मदन मोहन सोरेन,माझी बाबा सोमाय सोरेन, माझी बाबा रमेश मुर्मू, नायके बाबा सुरेश टुडू, पारानीक बाबा सनातन टुडू, पारानीक बाबा पप्पू सोरेन,राखल सोरेन,सुखलाल टुडू, सुशांत सोरेन, राजेश सोरेन, भगीरथ सोरेन,हाड़ीराम सोरेन,घासीराम मुर्मू, बलराम सोरेन,बानेश्वर टुडू आदि उपस्थित थे।

## सरायकेला-खरसावां युवा आजसू का विस्तार, मनोज को कार्यकारी जिला अध्यक्ष की मिली कमान

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला-खरसावां युवा आजसू पार्टी की बैठक छोटा गम्हरिया स्थित शहनाई भवन में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता युवा जिलाध्यक्ष सन्नी उर्फ ओंकार सिंह ने किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रुप में पार्टी के केंद्रीय महासचिव प्रो रविशंकर मौर्य उपस्थित थे। उन्होंने कार्यकर्ताओ से आसन्न लोकसभा चुनाव की तैयारी में जोर शोर से जुट जाने की अपील किया। इस मौके पर युवा आजसू पार्टी का विस्तार किया गया। जिलाध्यक्ष ने संगठन के नए पदाधिकारियों की घोषणा की। इसमें मनोज कुमार को कार्यकारी जिला अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं राजा टुडू, विजय मोदक, गुड्डू सिंह और गणेश महतो को उपाध्यक्ष, संदीप मंडल, नेपाल गोप, विकास कुमार शाह, रोबिन हांसदा, सवेरा कुमार और शिवा गोस्वामी जिला सचिव, गौरव कुमार रजक को आईटी सेल प्रभारी, विजय सिंह को आईटी सेल सह प्रभारी, पुरुषोत्तम खंडेलवाल को जिला कोषाध्यक्ष सह कार्यालय प्रभारी, सूरज बनर्जी को जिला प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी, राज किशोर यादव को आदित्यपुर नगर अध्यक्ष, राजू गोप को आदित्यपुर नगर उपाध्यक्ष, प्रिंस यादव को नगर सचिव और अंकित कुमार को नगर आईटी सेल प्रभारी बनाया गया है। साथ ही, रवि हांसदा को गम्हरिया प्रखंड अध्यक्ष, जैन सिंह तामसोय को प्रखंड उपाध्यक्ष, मदन प्रमाणिक को चांडिल प्रखंड अध्यक्ष और संजीत सिंह सरदार को कुकडू प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया है। बैठक में काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## एमजीएम मंडल में भाजपा ने बैठक कर बनाई चुनावी रणनीति

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को डांगा में भाजपा के एमजीएम मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह मुंडा के नेतृत्व में भवन और बूथ प्रभारी के साथ बैठक आयोजित की गयी। मौके पर जमशेदपुर महानगर जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार महतो, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष मुचीराम बाउरी, युवा मोर्चा अध्यक्ष अमित अग्रवाल, एससी मोर्चा अध्यक्ष अजित कालिंदी, जुगसलाई विधानसभा के विस्तारक हिमांशु दुबे उपस्थित थे। आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो को भारी बहुमत से जीत दर्ज कराने का संकल्प लिया गया। बैठक मे युवा नेता बिरेन महतो, सूरज साह, भीम दास, शंभू कर्मकार, रमेश तंतुबाई, कृष्णा कर्मकार, मनोज बोदरा, रामकृष्ण महतो, हराधन प्रधान, अजय दास, अनूप महतो, परेश सिंह मुंडा, राहुल महतो, कार्तिक महतो, लव कुमार तंतुबाई, पवन सिंह व निधिराम महतो आदि उपस्थित थे।



## बाहा बोंगा पर्व में शामिल होकर आस्तिक महतो ने दी बधाई

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झामुमो नेता सह समाजसेवी आस्तिक महतो ने रविवार को घाटशिला विस क्षेत्र अंतर्गत बनडीह खुर्शी गांव में प्रकृति का महापर्व बाहा बोंगा पर्व के मौके पर शामिल होकर उपस्थित लोगों को बधाई दी। आस्तिक ने जाहेरथान में माथा टेका और प्रकृति से क्षेत्र की खुशहाली हेतु प्रार्थना की एवं तत्पश्चात प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान मुख्य रूप से भादो हांसदा, गाजू टुडू, बबलू हेंब्रम, शास्त्री हेंब्रम, लक्ष्मी महतो, धीरेन महतो, करुणा महतो, नकुल महतो एवं मनोज महतो समेत काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।



# कांग्रेस पार्टी का अकाउंट फ्रीज कर निष्पक्ष चुनाव नहीं होने देना चाहती केंद्र सरकार : बन्ना गुप्ता

**- 2 करोड़ रुपए मुनाफा वाली कंपनी भाजपा को दिए 200 करोड़ रुपए दान**

**भाजपा को इलेक्टोरल बांड के तौर पर 8,225 करोड़ रुपए किसने दिए?**

**- 29 शैल कंपनियों ने भाजपा को इलेक्टोरल बांड के तौर पर दान किया है. यह सभी फर्जी कंपनियां है**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** कांग्रेस के अकाउंट को फीज कर केंद्र सरकार चाहती है कि निष्पक्ष चुनाव ना हो. वह देश की राजनीति पर एकाधिकार चाहती है. इसीलिए कांग्रेस का बैंक अकाउंट फीज किया गया है. आज स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने बिष्टुपुर के तिलक पुस्तकालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने सवाल उठाया कि अगर 14 लाख 40 हजार रुपए के टैक्स का मामला है तो उतनी ही रकम फीज़ करनी चाहिए थी. लेकिन, केंद्र सरकार ने 285 करोड़ रुपए फीज़ कर दिए. उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार चाहती है कि भाजपा को वाक ओवर मिल जाए और वह इस लोकसभा चुनाव में जीत हासिल कर ले. इसीलिए, केंद्र सरकार की एजेंसियों का इस्तेमाल कर विपक्षी पार्टियों को परेशान किया जा रहा है. कहा कि कांग्रेस महात्मा गांधी के नक्शे कदम पर चलने वाली पार्टी है. उनकी पार्टी हर जुल्म का जवाब सत्याग्रह से देगी.उन्होंने कहा कि भाजपा स्वच्छ और भ्रष्टाचार विरोधी होने का दावा करती है तो यह बताए कि उसे इलेक्टोरल बांड के तौर पर 8,225 करोड़ रुपए किसने दिए. यह रकम कहां से आई. जिनकी हैसियत दो करोड़ रुपए की नहीं है, वह भाजपा को 200 करोड़ रुपए कहां से दान कर रहे हैं. उनकी दहाड़ से भाजपा डरी हुई है. स्वास्थ्य मंत्री बोले हेमंत सोरेन की दहाड़ से झारखंड से उलगुलान की सुगबुगाहट है. आदर्श आचार संहिता लगी हुई है. इसीलिए लोग सड़क पर नहीं उतर रहे है.

## भगत सिंह का सपना आज भी अधूरा, उसको पूरा करने की जरूरत : विशेश्वर महतो

प्रभात मंत्र संवाददाता

**तिरुलडीह :** ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशन(एेडसो) सरायकेला खरसावां जिला कमिटी की ओर से शहीद-ए-आजम भगतसिंह, सुखदेव, राजगुरु का शहादत दिवस चांडिल में विभिन्न स्थानों में मर्यादा पूर्वक मनाया गया। इस अवसर विभिन्न स्थानों में छोटे छोटे सभा, परिचर्चा का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष विशेश्वर महतो ने बताया कि भगत सिंह ने जो सपना देखा था वो देश में आज भी अधूरा है। आज अशिक्षा, बेरोजगारी भुखमरी व्याप्त है ।

## नवान्न परायण महायज्ञ में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



प्रभात मंत्र संवाददाता

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के पिलीद गांव में आयोजित नवान्न परायण महायज्ञ का नवम दिवस व अंतिम दिन को श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। पिलीद में सार्वजनिक श्री श्री रामचरित मानस पाठ सह नवान्न परायण महायज्ञ में नौ दिनों तक रामचरित मानस पाठ सह व्याख्या में कई विद्वान पंडितों ने भाग लेकर भगवत लीला चरित्र का बखान किया। वहीं आयोजन समिति के संजय कुमार महतो ने कहा कि पुरे ग्रामीण सामुहिक रूप आठ वर्षों से प्रतिवर्ष होली के अवसर पर नवान्न परायण महायज्ञ का आयोजन करते हैं। उन्होंने कहा कि सोमवार को पूर्णाहुति के साथ कलश विसर्जन किया जाएगा। मौके पर वाचक अतिकाई दास गोस्वामी, मनोहर महतो, हरी गोप, दामोदर महतो ,दारा सिंह मुण्डा,दिनेश महतो, भुवनेश्वर महतो, परशुराम महतो, अशोक महतो सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## फ्लैग मार्च कर लोगों से शांति और भाईचारे के साथ होली मनाने की अपील की



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** होली पर्व के मद्देनजर जिले के एसपी मनीष टोप्पो द्वारा सभी थाना क्षेत्रों में सघन गश्त का निर्देश दिया गया है। उक्त निर्देश के आलोक में रविवार को कांड्रा थाना प्रभारी विनोद कुमार मुर्मू के नेतृत्व में थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च कर लोगों से शांति और भाईचारे के साथ होली पर्व मनाने की अपील की गई है। इस दौरान कांड्रा बाजार मुख्य मार्ग, रेलवे स्टेशन, आजाद बस्ती, कांड्रा कॉलोनी समेत सभी प्रमुख स्थानों पर पैदल भ्रमण उन्होंने किया। उन्होंने चेतावनी दिया है कि किसी भी हालत में सौहार्द में खलल नहीं आने दिया जाएगा। यदि कोई भी सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करेगा तो पुलिस उससे सख्ती के साथ निपटेगी। कहा कि अराजक तत्वों पर को पुलिस कड़ी नजर रख रही है। इस दौरान काफी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहे।

## सदर एसडीओ एवं बीडीओ ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरायकेला :** सरायकेला अनुमंडल पदाधिकारी सह सहायक निर्वाची पदाधिकारी सरायकेला, सुनील कुमार प्रजापति, सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सरायकेला सह प्रखंड विकास पदाधिकारी यस्मिता सिंह एवं थाना प्रभारी कांड्रा द्वारा संयुक्त रूप से सरायकेला विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मतदान केंद्र संख्या 1,2,3 एवं 4 का निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण लोकसभा आम चुनाव 2024 की तैयारी को लेकर किया गया। निरीक्षण के क्रम में उक्त मतदान केंद्रों में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया गया। ताकि मतदान दिवस को मतदान कर्मियों सहित मतदान करने आए मतदाताओं को मूलभूत आवश्यक असुविधाओं का सामना नहीं करना पड़े। सभी केंद्रों मे मतदाताओं को जागरूक करने के लिए बीएलओ को निर्देशित किया गया। उन्हें बैग एवं चुनाव पाठशाला के बारे में भी बताया गया ।

## होली मिलन समारोह में शामिल हुए कांग्रेस जन अबीर गुलाल लगा दी एक दूसरे को शुभकामना



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** गोल पहाड़ी पोस्ट ऑफिस के समीप आशीष ठाकुर और राजेंद्र सिंह के द्वारा इस वर्ष भी हर्षोल्लास साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। समारोह के मुख्य अतिथि कांग्रेस जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे, जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनकर, जिला महामंत्री काशीनाथ गिरी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता कल्याण चंद्र सिंह मौजूद थे। सभी लोगों ने अबीर गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली के शुभकामना दिए। इस मौके पर अन्य कांग्रेस जन एवं शहर के गणमान्य लोग उपस्थित थे। होली मिलन समारोह कार्यक्रम शाम करीब 7ः00 बजे से शुरू हुआ। इस मौके स्थानीय गायक अनिल सिंह ने एक से बढ़कर एक होली गीत सुना कर सभी लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

## कांग्रेस का कोई बैंक खाते नहीं हुआ है फ्रीज : सांसद




प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** कांग्रेस पार्टी के बैंक खातों को फीज किए जाने के आरोपों के बाद अब भारतीय जनता पार्टी ने जोरदार पलटवार किया है। जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस का कोई बैंक अकाउंट फ्रीज नहीं हुआ है वह सिर्फ झूठ का पुलिंदा खड़ा कर रही है। कांग्रेस के कई बैंक खाते हैं और बकाया कर का भुगतान नहीं करने की वजह से उनमें से केवल तीन-चार खातों को ही आयकर विभाग ने अटैच किया है। ये खाते फ्रीज नहीं है। लोकसभा चुनाव में अपनी निश्चित हार को देखते हुए कांग्रेसी नेता जनता को गुमराह करने वाली झूठी बयानबाजी कर रहे हैं। उपरोक्त बातें सांसद विद्युत वरण महतो ने रविवार को साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कही। प्रेस वार्ता में भाजपा प्रदेश मंत्री सह जमशेदपुर लोकसभा प्रभारी नंदजी प्रसाद, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा एवं जिला मीडिया प्रभारी प्रेम झा मौजूद रहे। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि आयकर विभाग ने नियमानुसार कांग्रेस के अकाउंट में से मात्र 115 करोड़ रुपये फीज किए और सिर्फ इसी राशि के प्रयोग पर रोक लगाई। वास्तविकता ये है कि आयकर विभाग ने डिफॉल्टर होने के कारण कांग्रेस की बकाया टैक्स राशि के प्रयोग पर रोक लगाई है, न कि बैंक अकाउंट को फ्रीज किया है।

*महिला सशक्तिकरण सह होली मिलन समारोह में जुटी प्रोफेशनल और आम महिलाएं*

# महिला खुद को कमजोर न समझे और अपने अधिकार जानें : अन्नी अमृता



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** सोनारी स्थित परदेशी पाड़ा के वीर मंच अखाड़ा परिसर में शनिवार को अलग ही नजारा देखने को मिला। वीर मंच के दीपक यादव की पहल पर वीर मंच अखाड़ा परिसर में यदुवंशी महिला समाज की ओर से %महिला सशक्तिकरण सह होली मिलन समारोह% का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न सेक्टरों में कार्य कर रहीं महिलाओं के साथ साथ बड़ी संख्या में घरेलू महिलाएं शामिल हुई। कार्यक्रम का मकसद था कि हर महिला अपने अधिकारों को जानें। समाज में बतौर पत्रकार, अधिवक्ता, कवियित्री व अन्य रुप में काम कर रही महिलाओं के संघर्ष से प्रेरणा लें और किसी भी प्रकार की परेशानियों में मदद लेने से न हिचकें।कार्यक्रम में कवियित्री अंकिता बतौर मुख्य अतिथि, अधिवक्ता अनीता,वरिष्ठ पत्रकार अन्नी अमृता, समाजसेवी उषा यादव, पिंकी यादव, आस्तिक महतो, अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू, किन्नर साहिबा, किन्नर रजिया व यदुवंशी समाज से जुड़ी अन्य महिलाएं बतौर अतिथि शामिल हुई। उधर वरिष्ठ पत्रकार अन्नी अमृता ने अपने संबोधन में कहा कि महिला खुद को कमजोर न समझे और अपने अधिकार जानें। वहीं कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कवियित्री अंकिता ने अपने संबोधन में मां व बेटी पर भावुक कविताएं सुनाकर सबको भावुक कर दिया। कार्यक्रम का संचालन दीपक यादव ने किया। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं ने होली की गीत गाये और सबको झूमने पर मजबूर कर दिया।

# सृष्टि महिला विकास सहयोग समिति का होली मिलन समारोह आयोजित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** गोलमुरी स्थित हिंदुस्तान मित्र मंडल के सभागृह में सामाजिक संस्था सृष्टि महिला विकास सहयोग समिति लिमिटेड की संरक्षक रानी गुप्ता के नेतृत्व के आज होली की पूर्व संध्या पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सह होली मिलन समारोह का रंगारंग आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए कार्यक्रम का आनंद उठाएं। रानी गुप्ता बतौर मुख्य अतिथि ब्रह्म कुमारी संस्था की बहन संजू और बहन श्रद्धा ने कार्यक्रम के दौरान दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। मौके पर विशिष्ट अतिथि के समाजसेविका पूरबी घोष, अंतरराष्ट्रीय महिला खिलाडी अरुणा मिश्रा, बॉडीबिल्डर श्रेया बनर्जी , वरिष्ठ शिक्षिका श्रद्धा वर्मा, शिक्षिका दिव्या तन्ना, शिक्षाविद डॉ किशोर ओझा की मौजूदगी रही। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा, खेलकूद और सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त सृष्टि महिला विकास सहयोग समिति जमशेदपुर इकाई की सदस्यता ग्रहण करने वाली महिलाओं को अंग वस्त्र और सदस्यता प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम का संचालन एस के शर्मा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन नीतू सिंह ने दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था की ओर से नीतू सिंह,राखी कुमारी अन्य सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

संपादकीय

# प्रदूषण का देश भारत

भारत तीसरा सबसे अधिक प्रदूषित देश है, जिसकी राजधानी दिल्ली दुनिया की सबसे अधिक प्रदूषित राजधानी है। भारत की करीब 96 फीसदी आबादी जहरीली हवा में जीने को विवश है। प्रदूषण के लिए जिम्मेदार सूक्ष्मतम कण पीएम 2.5 होना चाहिए, लेकिन दिल्ली का पीएम 92.7 है। बांग्लादेश की राजधानी ढाका पीएम 80.2 के साथ दूसरे स्थान पर है। भारत के 7800 शहरों में से मात्र 9 फीसदी ही ऐसे हैं, जो मानकों पर खरे उतरते हैं। सिर्फ यही नहीं, सबसे प्रदूषित 50 शहरों में से 42 शहर भारत के हैं। प्रदूषण का यह स्तर भारत के लिए चुनौती ही नहीं, बल्कि संकट का रूप धारण करता जा रहा है। संकट इसलिए भी गहरा है, क्योंकि बिहार के बेगुसराय, पटना, असम के गुवाहाटी, अपेक्षाकृत छोटे शहर-रोहतक (हरियाणा) और मेरठ (उप्र)-भी प्रदूषित होते जा रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, पीएम 2.5 का सालाना औसत 5 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से अधिक नहीं होना चाहिए, लेकिन बेगुसराय का यह स्तर बीते साल 118.9 था। यह विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों से 23 गुना अधिक था। भारत में प्रदूषण के हालात का खुलासा स्विस एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग संस्था 'आईक्यूएयर' की हालिया रपट में किया गया है। यह डाटा खुद भारत की सरकारों द्वारा दिया गया है, स्विस संस्था ने विश्व-संदर्भ में उन्हें संकलित किया है, लिहाजा संस्था पर आरोप लगाना 'आत्मघाती' होगा। विडंबना है कि हवा, पानी, मिट्टी और जंगल सरीखे मुद्दों पर राजनीति नहीं की जाती। वे चुनाव में गौण ही रहते हैं। हमारी सत्ताओं की प्राथमिकता गरीबी हटाओ और औद्योगिक प्रगति ही रही है। औद्योगिक क्रांति के 200 सालों के दौरान औद्योगिक औजारों ने प्रदूषण को इतना बढ़ा दिया है कि सांस लेना भी मुश्किल हो रहा है। पहले संकट दिल्ली समेत कुछ महानगरों तक ही सीमित समझा जाता था, लेकिन स्विस संस्था की रपट ने पूरे भारत के संकट को बेनकाब किया है। भारत की 130 करोड़ से अधिक आबादी 'जहरीली हवा' के शहरों में बसी है। यदि भारत का सच यही है, तो भारत को 'प्रदूषण का देश' करार देना गलत नहीं होगा। दरअसल जिस गति से भारत का शहरीकरण हुआ है या सरकार स्मार्ट सिटी बनाने की परियोजना पर काम कर रही है, उसमें प्रदूषण प्राथमिकता पर नहीं है। उस गति से प्रदूषण के कारकों का डाटा भी उपलब्ध नहीं है। यदि बेगुसराय, गुवाहाटी, रोहतक, मेरठ आदि अपेक्षाकृत छोटे शहरों में प्रदूषण के खतरनाक कारक सामने आए हैं, तो उस लिहाज से राजधानी दिल्ली 'जानलेवा गैस चैंबर' कही जा सकती है। अक्तूबर से फरवरी के दौरान दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक 400-500 रहता है। उसका औसत भी 250-300 तक रहता है, जो 'बहुत खराब श्रेणी' में आता है। भारत के जो 83 शहर 'आईक्यूएयर' की सूची में हैं, वहां प्रदूषण के स्रोतों और कारकों को लेकर शायद ही कोई अधिकृत सूचना उपलब्ध है। बेगुसराय का ही उदाहरण लें। वहां 2022 में पीएम 2.5 का स्तर 20 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर था। एक ही साल में 6 गुना प्रदूषण कैसे बढ़ गया, उसके मद्देनजर कोई अधिकृत बयान, जवाबदेही या रपट नहीं है। संभव है कि स्विस रपट के बाद नेताओं और नौकरशाहों के कान पर कोई जूं रेंगने लगे। भारत के वायु प्रदूषण का यथार्थ यह है कि आधा प्रदूषण तो हानिकारक गैसों के कॉकटेल की वजह से है। कृषि, उद्योग, बिजली के प्लांट, परिवहन और घरेलू श्रेणी में जो प्रदूषण के कारक हैं, वे एक शहर से दूसरे शहर और राज्य-दर-राज्य यात्रा करते हैं। लिहाजा नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत विभिन्न इलाकों, शहरों, छोटे शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों पर एक लक्ष्यबद्ध हस्तक्षेप किया जाता है। हमारे यहां पर्यावरण मंत्रालय हैं, लेकिन फिर भी नकारापन है।

भारत की करीब 96 फीसदी आबादी जहरीली हवा में जीने को विवश है। प्रदूषण के लिए जिम्मेदार सूक्ष्मतम कण पीएम 2.5 होना चाहिए, लेकिन दिल्ली का पीएम 92.7 है। बांग्लादेश की राजधानी ढाका पीएम 80.2 के साथ दूसरे स्थान पर है। भारत के 7800 शहरों में से मात्र 9 फीसदी ही ऐसे हैं, जो मानकों पर खरे उतरते हैं। सिर्फ यही नहीं, सबसे प्रदूषित 50 शहरों में से 42 शहर भारत के हैं। प्रदूषण का यह स्तर भारत के लिए चुनौती ही नहीं, बल्कि संकट का रूप धारण करता जा रहा है। संकट इसलिए भी गहरा है, क्योंकि बिहार के बेगुसराय, पटना, असम के गुवाहाटी, अपेक्षाकृत छोटे शहर-रोहतक (हरियाणा) और मेरठ (उप्र)-भी प्रदूषित होते जा रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, पीएम 2.5 का सालाना औसत 5 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से अधिक नहीं होना चाहिए, लेकिन बेगुसराय का यह स्तर बीते साल 118.9 था। यह विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों से 23 गुना अधिक था। भारत में प्रदूषण के हालात का खुलासा स्विस एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग संस्था 'आईक्यूएयर' की हालिया रपट में किया गया है। यह डाटा खुद भारत की सरकारों द्वारा दिया गया है, स्विस संस्था ने विश्व-संदर्भ में उन्हें संकलित किया है, लिहाजा संस्था पर आरोप लगाना 'आत्मघाती' होगा।

## पांच प्रतिशत बाबरी मुसलमान अब इस देश की मिट्टी में रच-बस गए हैं

# मुसलमानों को नागरिकता की मांग का औचित्य

कुलदीप चंद अग्निहोत्री

नागरिकता के प्रश्न पर इन्होंने भारत के दोनों प्रकार के मुसलमानों को सडक़ों के प्रदर्शन में जोडऩे का प्रयास किया है और कुछ सीमा तक उन्हें जोडऩे में सफल भी हुए हैं। इन मुसलमानों में से अधिकांश तो भारतीय मुसलमान ही हैं जिनके पुरखे सल्तनत काल या मुगल काल में मतांतरित होकर मुसलमान बन गए थे। लेकिन एक-आध प्रतिशत अरब, मंगोल, तुर्क या फिर मुगल मुसलमान भी हैं, जिनके पुरखे इन देशों से अरसा पहले आए थे।

जब से भारत सरकार ने नागरिकता अधिनियम में संशोधन के बाद यह प्रावधान किया है कि पाकिस्तान और बांग्लादेश के प्रताड़ित हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन और ईसाई भारत की नागरिकता प्राप्त करने के अधिकारी होंगे, तब से कांग्रेस, मुस्लिम लीग और कम्युनिस्टों की मांग है कि पाकिस्तान और बांग्लादेश के मुसलमानों को भी भारतीय नागरिकता लेने का अधिकार मिलना चाहिए। इसका मोटा अर्थ यह है कि जो लाखों बांग्लादेशी और पाकिस्तानी अवैध ढंग से भारत में घुस आए हैं, उनको भी घुसपैठिए न मान कर शरणार्थी माना जाए और मांग पर भारतीय नागरिकता दी जाए। उनका कहना है कि भारत पंथनिरपेक्ष है, इसलिए किसी पंथ या मजहब के आधार पर किसी को न तो सुविधा दी जा सकती है और न ही भेदभाव किया जा सकता है। लेकिन इसके साथ ही ये यह भी मांग करते हैं कि जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 इसलिए लागू किया जाए क्योंकि वहां इस्लाम पंथ को मानने वाले बहुसंख्यक में हैं। नागरिकता के प्रश्न पर इन्होंने भारत के दोनों प्रकार के मुसलमानों को सडक़ों के प्रदर्शन में जोडऩे का प्रयास किया है और कुछ सीमा तक उन्हें जोडऩे में सफल भी हुए हैं। इन मुसलमानों में से अधिकांश तो भारतीय मुसलमान ही हैं जिनके पुरखे सल्तनत काल या मुगल काल में मतांतरित होकर मुसलमान बन गए थे। लेकिन एक-आध प्रतिशत अरब, मंगोल, तुर्क या फिर मुगल मुसलमान भी हैं, जिनके पुरखे इन देशों से अरसा पहले आए थे। ये या तो हमलावर थे या फिर देश पर अरबों या तुर्कों का कब्जा हो जाने के बाद यहां आ बसे थे। इन एक-आध प्रतिशत मुसलमानों का भारत की मस्जिदों और जियारतखानों पर कब्जा है। मौलाना अबुल कलाम आजाद, जो भारत के पहले शिक्षा मंत्री थे, वे इन मुसलमानों की संख्या पांच प्रतिशत बताया करते थे। उनके स्वयं के पुरखे भी अरब से आए थे। लेकिन उनका कहना था कि ये पांच प्रतिशत बाबरी मुसलमान अब इस देश की मिट्टी में रच-बस गए हैं। लेकिन मौलाना आजाद के वक्त भी यही पांच प्रतिशत भारतीय मुसलमानों को भडक़ाया करते थे और आज उनके गुजर जाने के इतने दशकों बाद भी यही भारतीय मुसलमानों को बहका, डरा और धमका रहे हैं। अलबत्ता दारा शकोह ने इस देश की मिट्टी में घुल-मिल जाने की प्रक्रिया शुरू की थी, लेकिन उसको उन्हीं




मुल्लाओं ने निपटा दिया। आज भी नागरिकता संशोधन अधिनियम के सवाल पर इन्हीं पांच प्रतिशत ने, मस्जिदों से आम भारतीय मुसलमानों को बहकाया या भडक़ाया और दोनों मिल कर कांग्रेस, कम्युनिस्ट और मुस्लिम लीग की राजनीति के मोहरे बन कर सडक़ों पर तांडव करने लगे। वैसे कांग्रेस, कम्युनिस्ट शायद समझ रहे हों कि वे इन दोनों प्रकार के ही मुसलमानों को अपनी राजनीति का मोहरा बना रहे हैं, जबकि हो सकता है सडक़ों पर उतर रहे भारतीय और अरब तुर्क मुसलमान इन राजनीतिक दलों को अपनी बड़ी योजना के लिए इस्तेमाल कर रहे हों। लेकिन इन दोनों प्रकार के मुसलमानों को सडक़ों पर उतार कर कांग्रेस, कम्युनिस्ट और मुस्लिम लीग जो प्रश्न उठा रहे हैं, उस पर गंभीरतापूर्वक विचार करना चाहिए। उनका कहना है कि नागरिकता संशोधन अधिनियम में भारतीय नागरिकता देने का प्रावधान पाकिस्तान और बांग्लादेश से आने वाले हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई अल्पसंख्यकों के लिए किया गया है, जबकि वह पाकिस्तान से आने वाले मुसलमानों के लिए भी किया जाना चाहिए। पाकिस्तान और बांग्लादेश के मुसलमान, यदि वे भारत में आ जाते हैं, तो उनकी मांग पर, उनकी भारतीय नागरिकता उन्हें वापस देनी चाहिए। वापस देने का प्रसंग इसलिए उठ रहा है क्योंकि 1947 से पहले इन सभी के पास भारतीय नागरिकता ही थी। यदि भारत विभाजन न होता तो आज इनके पास वही भारतीय नागरिकता बनी रहती। अब यदि पाकिस्तान और बांग्लादेश के लाखों मुसलमान फिर से अपनी भारतीय नागरिकता प्राप्त करना चाहते हैं तो भारत के विभाजन के प्रश्न पर पुनः विचार करना होगा। यदि विभाजन के सत्तर साल बाद भी पाक-बांग्लादेश के मुसलमान नागरिकों को भी यह लगता है कि इससे अच्छी भारत की नागरिकता ही थी, तब देश विभाजन के औचित्य पर तो प्रश्नचिन्ह लगेगा ही। यदि पाकिस्तान के नागरिकों को अंततः भारत की नागरिकता ही वापस लेनी थी तो भारत का विभाजन कर एक नई पाकिस्तानी नागरिकता सृजित करने की जरूरत ही क्या थी? लेकिन इस विवाद के इस मोड़ पर एक और प्रश्न भी खड़ा होता है। पाकिस्तान के इन मुसलमान नागरिकों ने, जो समग्र भारतीय विरासत का हिस्सा ही थे और उनके पूर्वज भी हिंदू ही थे, स्वेच्छा से पाकिस्तानी नागरिकता के लिए संघर्ष किया था। इस संघर्ष में कम्युनिस्टों ने उनका साथ दिया था। कम्युनिस्ट जो मजहब के जनक ईश्वर के अस्तित्व को ही स्वीकार नहीं करते, वे ही मजहब के आधार पर पाकिस्तान के निर्माण का समर्थन कर रहे थे। कांग्रेस शुरू में तो मजहब के आधार पर विभाजन का विरोध करती थी, लेकिन कांग्रेस कार्यसमिति ने 12 जून 1947 को भारत विभाजन का समर्थन करते हुए प्रस्ताव पारित कर दिया था। इसके बाद कांग्रेस के बड़े अभिकरण एआईसीसी यानी आल इंडिया कांग्रेस कमेटी के 14 जून को आहूत अखिल भारतीय अधिवेशन में इस प्रस्ताव का अनुमोदन कर दिया गया। लेकिन इन दोनों प्रस्तावों के पारित करने से भी पहले 3 जून 1947 को कांग्रेस, मुस्लिम लीग और उस समय के ब्रिटिश भारत के वायसराय लार्ड माऊंटबेटन ने संयुक्त प्रेस कान्फ्रेंस में ब्रिटिश भारत के विभाजन और एक नए देश पाकिस्तान के निर्माण की घोषणा की। इस प्रकार कांग्रेस ने मुस्लिम लीग की अलग पाकिस्तानी नागरिकता की मांग के आगे हथियार डालते हुए अंतिम दिनों में उनके सहयोगी की भूमिका को स्वीकार किया था। मुस्लिम लीग शुरू से ही भारतीय मुसलमानों के लिए पाकिस्तानी नागरिकता की मांग कर रही थी। लेकिन अब वही कांग्रेस और वही मुस्लिम लीग मानसिकता के संगठन यह कह रहे हैं कि पाकिस्तान (बांग्लादेश उसी का हिस्सा था) के नागरिकों को भी पुनः उनकी भारतीय नागरिकता वापस देनी चाहिए। यदि कांग्रेस, कम्युनिस्टों और मुस्लिम लीग को सचमुच यह लगता है कि पाक-बांग्लादेश के मुसलमानों को भी उनकी भारतीय नागरिकता वापस मिलनी चाहिए तो जिन मुसलमानों को सडक़ों पर लाकर वे तोडफ़ोड़ और आगजनी कर रहे हैं।

दृष्टि कोण

# यह मृत्यु झकझोरती है...और समाज की चुप्पी परेशान करने वाली

जो बांग्लादेश बड़ी तेजी से कट्टरवाद की ओर झुकता चला गया है, जहां स्त्रियों की स्वतंत्रता और उदार चिंतन की जगह क्रमशः सिकुड़ती गई है, और हाल के वर्षों में आर्थिक स्थिति बेहतर होने के कारण जहां उपभोक्तावाद तेजी से बढ़ा है, वहां पिछले दिनों घरेलू काम करने वाली एक आदिवासी किशोरी प्रीति उरांव की संदेहास्पद मृत्यु ने लोगों का ध्यान खींचा है। दक्षिण एशिया में उरांव आदिवासियों की बड़ी आबादी रहती है। भारत में मुख्यतः झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और ओडिशा में इनका निवास है, तो बांग्लादेश में भी इनकी बड़ी संख्या है। वर्ष 2020 की आदमशुमारी के मुताबिक, बांग्लादेश में उरांव आदिवासियों की आबादी लगभग 2.45 लाख है। मैं यहां उरांव आदिवासियों का इतिहास नहीं बताने जा रही। मैं इस समुदाय की एक लड़की प्रीति उरांव के बारे में बता रही हूं, जिसकी दर्दनाक कहानी ने एक बार फिर जहां गरीबों की असहायता को बताया है, वहीं यह त्रासदी आदिवासी समुदाय की विपन्नता को भी सामने लाती है। पंद्रह साल की प्रीति को स्कूल में होना चाहिए था। स्कूल न जाकर प्रीति लोगों के घर में काम क्यों करती थी? क्योंकि वह गरीब थी। उसके पिता एक चाय बागान में काम करते थे। लेकिन कम आय में गुजारा नहीं होता था, इसलिए प्रीति को लोगों के घर का कामकाज करने के लिए उसने ढाका भेज दिया था। दुनिया भर में ऐसे असंख्य मजबूर परिवार हैं, जो अपने बच्चों को काम करने के लिए भेज देते हैं। लेकिन प्रीति ढाका शहर के किसी आम घर में नहीं, चर्चित अंग्रेजी अखबार द डेली स्टार के एक संपादक के यहां काम करती थी, जिनकी स्वाभाविक ही बौद्धिक छवि थी। जो व्यक्ति अखबार में मानवाधिकार, स्त्री-पुरुष समान अधिकार और औरतों के साथ होनेवाली हिंसा के खिलाफ लिखता हो, जो हर तरह के शोषण के खिलाफ बात करता हो, उससे व्यवहारिक तौर पर भी स्त्रियों के साथ संवेदनशील व्यवहार करने की ही उम्मीद की जाती है। लेकिन पता चलता है कि उनके घर पर बाल श्रमिक काम करते थे। ऐसा क्यों था? अगर बौद्धिक लोग भी अपने घर पर बच्चों से काम कराएंगे, तो समाज किससे सीखेगा कि हर बच्चे को स्कूल जाने का अधिकार है? तथ्य यह है कि पिछले साल छह अगस्त को भी काम करने वाली एक किशोरी फिरदौसी नौवीं मंजिल स्थित उस व्यक्ति के फ्लैट से नीचे कूदकर



गंभीर रूप से घायल हो गई थी। अपनी जान जोखिम में डालकर वह किशोरी उतनी ऊंचाई से क्यों कूदी थी? फ्लैट में क्या हुआ था? महीनों बाद प्रीति उरांव को भी फिरदौसी की तरह अपनी जान जोखिम में डालकर नीचे कूदना पड़ा। लेकिन वह फिरदौसी की तरह भाग्यशाली नहीं थी। नीचे गिरने के बाद वह मर गई। सबसे स्तब्ध करने वाली बात यह है कि छह महीने पहले एक दुखद घटना घटने के बाद भी उस संपादक और उनके परिवारजनों ने कोई सबक नहीं लिया था। सिर्फ यही नहीं कि उनके यहां घरेलू कामगारों के शोषण का सिलसिला लगातार जारी रहा, बल्कि जिस खिड़की से फिरदौसी कूदी थी, उसमें ग्रिल लगाने या सुरक्षा की दूसरी व्यवस्था करने की जरूरत भी उस परिवार ने महसूस नहीं की। क्या उस परिवार को इसका अहसास नहीं था कि शोषण से तंग आकर काम करने वाली दूसरी लड़की भी जान बचाने के लिए कूद सकती है? या अपनी विशिष्ट पहचान या समाज में खास छवि के कारण उस परिवार को इसकी कोई परवाह नहीं थी? प्रत्यक्षदर्शियों का कहना था कि प्रीति के शरीर पर जख्मों के निशान थे। कुछ लोगों का कहना है कि प्रीति की बुरी तरह पिटाई की गई होगी, यहां तक कि उसे मार डाला गया होगा, फिर ऊपर से लाश नीचे फेंक दी गई। जबकि कुछ लोगों का यह आकलन है कि भीषण पिटाई के बाद प्रीति ने जान बचाने के लिए ऊपर से छलांग लगा दी होगी। आश्वस्ति की बात यह है कि आरोपी की गिरफ्तारी हुई है। पुलिस ने इस मामले में उस घर के कुल छह लोगों को गिरफ्तार किया है। गौर करने वाली बात यह है कि काम करने वाली नौकरानियों पर अत्याचार करने के कारण आरोपी को इससे पहले भी गिरफ्तार किया गया था। लेकिन यह मामला बेहद गंभीर है। प्रीति उरांव की मृत्यु से बांग्लादेश में हलचल मच गई है, तो इसका कारण यही है।

कुछ अलग

# होली, निंदक और मैं...

निंदक पास में ही था, बोला-'क्या लिखने लगे हो शर्मा जी। थोड़ा सा स्तर बनाओ। चार दशक की लेखन यात्रा को कुएं में क्यों डाल रहे हो? कुछ करो मेरे भाई, जमकर और सोचकर लिखो। वसंत बीता नहीं कि तुमने होली वाला लिफाफा निकाल लिया। होली पर लिखना और छपवाना बीते जमाने की बात है। कुछ धांसू, उल्लेखनीय और नया लिखो।' मैं बोला-'रे निंदक मैंने आंगन तुम्हारी कुटिया बनाकर क्या आफत मोल ली है। तुम क्या जानो छपने के गुर, मुझसे अधिक और कोई नहीं जानता। होली पर मैं चालीस वर्षों से लिख रहा हूं। मैंने चालीस वर्षों में चार सौ होली रचनाएं लिखी हैं। हर होली पर इनमें से बीस प्रतिशत रचनाएं जारी कर मैं पचास प्रतिशत लाभ कमाता हूं तो मैं होली का पुलिंदा क्यों नहीं खोलूं। मैंने होली को हर पहलू और कोण से परखा है। अब मैं लिखता नहीं, केवल मैटर का शीर्षक बदलकर टाइप कराता हूं। मेरी रचनाओं की निंदा करने से पूर्व इतना तो सोचो कि तुम मेरी ही खाते हो ओर मेरी ही निंदा करते हो। पहले यह बताओ कि तुम्हें मेरे होली लेखन के संबंध में बताया किसने है?' निंदक बोला-'लेखक जी, मैं निंदक हूं, मैं जहां रहता हूं, वहां की कमजोरियों को नहीं जानूंगा तो मुझे अपने यहां रखेगा। तुम तो आलोचना सहने के आदी नहीं हो। जब तुम अपने मुंह मियां मिट्ठू बने घूम रहे हो तो मुझे तुम्हारा आंगन अविलंब छोड़ देना चाहिए।' मैंने कहा-'लेकिन यहां से जाओगे कहां? हर लेखक ने अपनी-अपनी तरह के लिफाफे खोल रखे हैं। जिसके यहां भी जाओगे, वही होली के डिस्पैच भेज रहा होगा। तुम होली से इतना चिढ़ते क्यों हो?' निंदक बेचैनी से बोला-'मैं चिढ़ता नहीं, मैं तो तुम्हारी बुद्धि पर तरस खाता हूं। जैसी वहा वैसा चलन। अब तो होली पर महिला पत्रिकाएं भी नहीं छापतीं। वहां भी मापदण्ड बदल गए हैं। तुम डेली पेपर्स में यह ऊल-जुलूल छपाकर क्या हासिल करना चाहते हो?' 'मैं यही लिखकर साहित्यकार बन गया हूं निंदक। लोग मुझे होली वाले लेखकजी के नाम से जानते हैं। होली कथा से लेकर होली के रंग छुड़ाने के नायाब नुस्खे हैं मेरे होली लेखन में। मैंने होली पर स्पेशलाइजेशन किया है। तुम मेरी कमियां देखने की बजाय, आराम से रोटी-पानी, खाओ-पीओ और मस्त रहो। मुझे मेरा काम करने दो। मेरे पास कुछ पत्रिकाओं से पत्र आ चुके हैं। उन्हें होली पर खास सामग्री चाहिए। वे मेरे भरोसे हैं। इसलिए मुझे होली रचनाएं भेजने दो। ज्यादा बोरियत हो रही है तो अपना अखाड़ा कहीं और जमा लो। मेरे काम में बाधक मत बनो। होली आएगी तो होली पर लिखना ही पड़ेगा।' निंदक जाने एवज मुझसे बोला-'लिखो तो कोई परेशानी नहीं है। तुम तो पुरानी रचनाओं को टाइप कराते हो और एक साथ जारी कर देते हो। नए जमाने की नई होली पर लिखकर बताओ। मेरा मतलब नए जमाने में जब लोग होली खेलना ही भूल गए हैं तो तुम्हारी होली का मायने क्या है?' मैंने कहा-'सिर मत चाटो निंदक जी। मुझे मेरा काम करने दो। मैं होली वाला ही सही, आखिर हूं तो लेखक ही।' निंदक ने मुझे लानत दी और आंगन की कुटिया से निकलकर सडक़ों पर भागने लगा। मुझे पता था निंदक थक-हारकर पुनः मेरे घर लौट आएगा। लेकिन उसके चले जाने से मैं, होली और निंदक तीनों हैरान थे।



देश दुनीया से

# जिन मुद्दों पर बहस होनी चाहिए...क्या राजनीतिक दल उन पर ध्यान देंगे?

चुनाव अभियान तो एक तरह से पक्षपातपूर्ण व्याख्याएं होती हैं। लेकिन घोषणापत्र पवित्र वादों के साथ होते हैं। वहीं, इन सबसे अलग, जो मुद्दे बहस और प्रतिस्पर्धी विचारों की स्पर्धा के लायक होते हैं, वे अक्सर भावनात्मक मुद्दों से पीछे रह जाते हैं। भारत विकासशील से विकसित अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। यह पांचवीं सबसे बड़ी और तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है, जो इस दशक के अंत तक 100 खरब अमेरिकी डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के लक्ष्य की ओर बढ़ रही है। अर्थव्यवस्था के राजनीतिक भूगोल में आय और समृद्धि का अंतर साफ दिखता है। याद रखना जरूरी है कि हर चीज को वृहद परिप्रेक्ष्य में देखने पर वे छोटे, पर महत्वपूर्ण मुद्दे धूमिल हो जाते हैं, जो विकसित भारत के आदर्श की दिशा में इस यात्रा की प्रगति को बाधित कर सकते हैं।

भारत के लोकतंत्र के महोत्सव का बिगुल बज चुका है और वाक्पटु प्रचार अभियान गूंजने लगे हैं। चुनाव अभियान तो एक तरह से पक्षपातपूर्ण व्याख्याएं होती हैं। लेकिन घोषणापत्र पवित्र वादों के साथ होते हैं। वहीं, इन सबसे अलग, जो मुद्दे बहस और प्रतिस्पर्धी विचारों की स्पर्धा के लायक होते हैं, वे अक्सर भावनात्मक मुद्दों से पीछे रह जाते हैं। भारत विकासशील से विकसित अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। यह पांचवीं सबसे बड़ी और तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है, जो इस दशक के अंत तक 100 खरब अमेरिकी डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के लक्ष्य की ओर बढ़ रही है। अर्थव्यवस्था के राजनीतिक भूगोल में आय और समृद्धि का अंतर साफ दिखता है। याद रखना जरूरी है कि हर चीज को वृहद परिप्रेक्ष्य में देखने पर वे छोटे, पर महत्वपूर्ण मुद्दे धूमिल हो जाते हैं, जो विकसित भारत के आदर्श की दिशा में इस यात्रा की प्रगति को बाधित कर सकते हैं।



प्राथमिक शिक्षा : नई सहस्राब्दी की शुरुआत में जनसांख्यिकीविदों और ब्रिक्स रिपोर्ट के लेखकों ने जनसांख्यिकीय लाभांश की संभावना की भविष्यवाणी की थी। लाभांश का लाभ मानव पूंजी में निवेश पर निर्भर करता है। साथ ही यह इस पर भी निर्भर करेगा कि प्रौद्योगिकी से संचालित वैश्विक अर्थव्यवस्था में अवसरों का लाभ के लेने लिए युवा कितने सक्षम हैं? प्रथम फाउंडेशन ने हाल ही में 14 से 18 वर्ष के बच्चों के कौशल पर एक रिपोर्ट जारी की है, जिसमें पाया गया कि हर चार में से एक बच्चा दूसरी कक्षा के पाठ अपनी क्षेत्रीय भाषा में धाराप्रवाह नहीं पढ़ सका। वहीं, आधे बच्चों को तीन अंकों की संख्या को एक अंक से भाग देने में कठिनाई हो रही थी। सच तो यह है कि भारत की सरकारें छह दशकों से शिक्षा पर जीडीपी का छह फीसदी व्यय करने का वादा करती रही हैं, लेकिन किया नहीं। इसका समाधान तकनीक से, जैसे विभिन्न प्लेटफॉर्म और एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) की मदद से किया जा सकता है। पर क्या राजनीतिक दल इसका समाधान कर पाएंगे?

जॉब, कौशल और एआई फैक्टर : सरकार ने रोजगार सृजन को लेकर कई तरह से और कई स्रोतों से आंकड़े पेश किए हैं। फिर भी जनमत सर्वेक्षणों में बेरोजगारी के आंकड़े बड़ी चिंता का विषय बने हुए हैं। दरअसल जरूरत और उपलब्धता के बीच अंतर है, जिसका प्रमाण पिछले महीने ही मिला, जब 48 लाख से अधिक भारतीय युवा 60 हजार पदों की एक परीक्षा में शामिल हुए। दूसरी ओर, एआई को अपनाने से आईटी सेक्टर की नौकरियों पर भी संकट है। एनवीडिया के हुआंग जेनसन का कहना है कि एआई पूरी तरह कोडिंग पर कब्जा कर लेगा। नैसकॉम के अध्यक्ष ने कहा कि बीपीओ कर्मियों को एआई से सबसे ज्यादा खतरा है। एक्सेंचर की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका में काम के 44 फीसदी घंटे स्वचालित हो सकते हैं। क्या पार्टियों के पास जर्मनी और नीदरलैंड की तरह प्रभावी श्रम नीति है? हां, कांग्रेस ने जरूर स्नातक या डिप्लोमा धारकों की अप्रेंटिसशिप का विचार सामने रखा है। लेकिन क्या यह व्यवहारिक होगा? क्या चुनाव अभियान जॉब, कौशल और जेनरेटिव एआई पर बहस के गवाह बनेंगे?

प्राथमिक स्वास्थ्य : भारत का आयुष्मान भारत कार्यक्रम दुनिया के सबसे बड़े सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों में से एक है। इसके अंतर्गत 30 करोड़ से अधिक लोग नामांकित हैं। वहीं, 6.20 करोड़ लोग अस्पतालों में भर्ती होकर इस योजना के तहत इलाज करा चुके हैं। फिर भी भारत की प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली को लंबा रास्ता तय करना है। निश्चित रूप से इसने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा निर्धारित 834 लोगों पर एक डॉक्टर की उपलब्धि को हासिल कर लिया है, पर अब भी 140 करोड़ लोगों पर 13.08 लाख एलोपैथिक डॉक्टर उपलब्ध हैं। और, इनका झुकाव भी शहरी भारत की ओर है। कर्मियों और बुनियादी ढांचे की कमी लंबे समय से बनी हुई है। भारत के 5.90 लाख गांवों में 1.90 लाख उपकेंद्र, 31,000 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और 6,064 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में 79.50 फीसदी तक विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी है। क्या राजनीतिक दलों के पास इसका समाधान है?

आप का नजरीया

# इक तेरी, इक मेरी कांग्रेस

कांग्रेस के अपने ही सवाल पीछा नहीं छोड़ रहे, तो पार्टी चुनावी प्रश्नों पर अपना मत कैसे जुटाएगी। यहां कांग्रेस की जीती हुई सीटें क्यों निराश हुईं, सियासत ने तो बंद दरवाजों को हंसते देखा है। आश्चर्य है कि छह घंटियों के शोर से भी कांग्रेस के कान नहीं खुले, तो अब नया शोर कान फाडऩे पर उतारू है। सियासत के अपने दुर्ग और वीरभद्र की विरासत की प्रतीक मानी गईं प्रतिभा सिंह जो कह रही हैं, उसे प्रदेश तो सुन रहा है- कांग्रेस सुने या न सुने। पिछली संसद में जब प्रतिभा सिंह सांसद बनीं, तो कांग्रेस का रुतबा भाजपा की सत्ता को परेशान कर गया। तब अगर पार्टी ने हिमाचल में जीत की प्रतिभा को अंगीकार किया तो आज प्रतिभा सिंह की शिकायत को सुनें या वकालत को चुनें। मोहतरमा प्रदेश कांग्रेस की अध्यक्ष हैं, बेटे विक्रमादित्य सिंह सुक्खू सरकार में काबीना मंत्री हैं, लेकिन राजनीति के रहट को अपने ही कुएं के पानी से शिकायत है। नाराजगी का आलम यह कि जिस मंडी संसदीय सीट पर कांग्रेस का पलड़ा भारी दिख रहा था, वहां पूर्व सांसद चुनाव के विरोध में अंगद का पांव दिखा रही हैं। वह एक पूर्व सांसद की हैसियत से कहीं आगे निकलकर बतौर पार्टी अध्यक्ष के रूप में जो कह रही हैं, वहां अनेकों कठघरे खाली हैं। इन सर्द हवाओं को छू कर देखना, भीतर से जलाने की अदाकारी छुपी है। हिमाचल कांग्रेस बनाम हिमाचल सरकार के बीच अहम और वहम के युद्ध अभी शांत नहीं हैं। प्रतिभा सिंह न जाने कितने ठीकरे फोड़ रही हैं, 'कांग्रेस की आशाओं पे अपनों की शामत, इस हुस्न को आवारगी ने बर्बाद कर दिया' दरअसल स्थिति यह है कि न पार्टी को वांछित का पता और न ही अवांछित से गिला। परिदृश्य में चारों तरफ कई लंकाएं जल रही हैं, फिर भी कहीं किसी को धुएं से शिकायत नहीं। ऐसे में क्यों न माना जाए कि सत्ता और संगठन के बीच एक तेरी-एक मेरी कांग्रेस के द्वंद्व अब जिस मोड़ पर खड़े हैं, वहां सिर्फ फिरौतियां मांगी जा रही हैं। प्रतिभा सिंह की भाषा में भले ही कोई नया उच्चारण नहीं, लेकिन आरोपों की बुनाई में कई जाल हैं। किसी राज्य की पार्टी अध्यक्ष के ताजा बयानों के बगल में छुरी अगर नहीं देखी जाएगी, तो हलाल होने का यह मर्ज कांग्रेस से बहुत कुछ छीन सकता है। इसके बरअक्स भाजपा की ओर से न केवल लोकसभा की चार सीटों की तैयारी चल रही है, बल्कि उपचुनाव के महाभारत की पटकथा भी लिखी जा रही है। कमोबेश जिन आरोपों की बुनियाद पर कांग्रेस के उम्मीदवार को राज्यसभा चुनाव में शिकस्त मिली है, उन्हीं पर प्रदेशाध्यक्ष अगर तलवार भांज रही हैं, तो विपक्ष की जरूरत है कहां। क्या वाकई इस बार सत्ता का आलम मगरूर है या गफलत में वीरभद्र सिंह परिवार भयानक गलती को अंजाम दे रहा है। कहना न होगा कि कांग्रेस का केंद्रीय नेतृत्व राजस्थान व मध्यप्रदेश की तरह किंकत्तर्व्यविमूढ़ की स्थिति में अपनी ही संभावनाओं पर कुठाराघात करने पर तुला है। यह भी तब जब ऐसे मसलों पर समन्वय समिति का गठन हो चुका है। आश्चर्य यह कि समन्वय समिति का खिलौना भी यहां अपनी बैटरी के बिना दिखाई दे रहा है। कांग्रेस अपने संकट को जिस तरह हल कर रही है, उससे विकराल होती परिस्थिति का एक रूप अगर प्रतिभा सिंह अख्तियार कर रही हैं।

संक्षिप्त खबरें

## पुलिस ने किया शराब के साथ एक को गिरफ्तार, भेजा जेल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** थाना पुलिस ने होली में अवैध शराब कराबरियो के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। थाना क्षेत्र के पांडेयमहुआ स्थित झारखंड होटल से बड़ी मात्रा में अवैध शराब बरामद किया है। साथी इस कार्य में संलित होटल संचालक दीपक कुमार साव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने होटल से 39 केन बियर, अंग्रेजी शराब की कई बोतले देशी महुआ शराब लगभग 40 लीटर जब्त किया है। थाना प्रभारी अमीत कुमार गुप्ता ने बताया कि होटल संचालक अवैध तरीके से होटल का संचालन कर रहा था। उसके गतिविधियों से सड़क दुर्घटनाएं बढ़ रही थी। जिला पुलिस अधीक्षक विकास पांडेय के गुप्त सूचना के आधार शनिवार के देर रात छापेमारी अभियान कर शराब जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए यह कार्रवाई सतत जारी रहेगी।

## झारखण्ड मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने रविवार को सिमरिया के कई विद्यालयों का दौरा किया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** प्रखण्ड के राजकीय बुनियादी विद्यालय में बीते शनिवार को झारखण्ड मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रविकुमार एवं उपायुक्त चतरा लोक सभा चुनाव 2024 को लेकर विद्यालय में बने बूथों का व्यस्था को लेकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला अधिकारीओं से लेकर सिमरिया अनुमण्डलीय पदाधिकारीयों के अलावे अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान राजकीय बुनियादी विद्यालय सिमरिया पहुँचे। जहां विद्यालय के सभी सुविधाओं पर गहनता से जांच किया। जांच के दौरान विद्यालय में बने शौचालय में बालक बालिका नहीं लिखा हुआ होना, विद्यालय में अत्यधिक गन्दगी पाया जाना, विद्यालय के प्रधानाध्यापक कक्ष में कमल फूल का सिम्बल पाया जाने पर उपायुक्त ने बीईओ और प्रधानाध्यापक पर आग बबूला हो गए। वहीं उपायुक्त ने बीईओ और प्रधानाध्यापक पर कार्रवाई की बात कही है। बता दें कि कोई भी सरकारी कर्मी किसी भी पार्टी या संगठन में कार्य करना वर्जित है। चुकी वह सरकारी मानदेय में शामिल है।


## मनरेगा योजना में केंद्र सरकार के रुपये नहीं मिलने से मजदूरों का होली हुआ फीका




प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा/सिमरिया :** जिले एवं सभी प्रखण्डों में मनरेगा योजना में केंद्र सरकार से मिलने वाला राशि जिले व प्रखण्ड में नहीं आने से मजदूरों से लेकर लाभुकों के बीच निराशा छाई हुई है। साथ हीं कर्ज का बोझ लाभुकों के बीच बढ़ा हुआ है। इधर होली त्योहार होने के कारण आर्थिक तंगी का सामना कर रहे हैं। जिससे होली का रंग फीका पड़ गया है। साथ हीं परिवारों में होली का उत्साह छोड़ निराशा छाई हुई है। वहीं होली पर्व को लेकर चौक चौराहे पर एक से बढ़ कर एक होली सामग्री तो ठेले खोमचे में लगाया तो जरूर गया है। परंतु ग्राहक के आस में उक्त दुकानदार मायूस नजर आ रहे हैं। जानकारी के अनुशार राज्य सरकार द्वारा मनरेगा योजना में दी जाने वाली राशि मनरेगा लाभ्यर्थियों को मिल गया गया है किंतु केंद्र सरकार द्वारा राज्य में राशि नहीं भेजने के कारण मनरेगा योजना लाभार्थियों को राशि नहीं मिली है। जिसका नतीजा है कि इस वर्ष होली का रंग बेरंग होता नजर आ रहा है। और लोगों में मायूसी है। हालांकि केंद्र सरकार को होली जैसे महा पर्व को ख्याल रखते हुए राशि भेजना चाहिए किन्तु ऐसा नहीं होना यह एक बड़ी सवाल । केंद्र सरकार को गरीब असहाय और मनरेगा मजदूरों तथा लाभुकों के प्रति कोई ख्याल नहीं होना साफ नजर आता है। आखिर जिम्मेवार कौन।

## ब्राउन शुगर बरामद, तस्कर फरार



**कुंदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुंदा थाना पुलिस ने तस्करों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की है। कुंदा पुलिस ने पहली बार बड़े पैमाने पर ब्राउन शुगर बरामद किया है। लोकसभा चुनाव से पहले तस्करों पर कार्रवाई होने से तस्करों में हड़कंप मचा हुवा है बतादें की कुंदा थाना क्षेत्र के गेन्द्रा गांव से शनिवार को पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार मिली गुप्त सूचना के आधार पर सिमरिया एसडीपीओ के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर छापामारी की गई। छापामारी के क्रम में मिनहाज अंसारी पिता एकराम मियां के खपड़ैल घर से 798 ग्राम ब्राउन शुगर और एक टूटा हुआ बन्द अवस्था मे केसरिया रंग का डिजीटल स्केल कंपनी का इलेक्ट्रॉनिक तराजू बरामद किया गया है। जबकि पुलिस को देखते ही तस्कर मिनहाज अंसारी भागने में सफल रहा। वही एसडीपीओ ने बताया की तस्करों पर लगातार कार्रवाई जारी रहेगा, किसी भी सूरत में तस्करों को नही बख्शा जाएगा। वही छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय कुमार केसरी, थाना प्रभारी नीतीश कुमार प्रसाद, एएसआई जय कुमार सिंह एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## सखुआ का बोटा लदा ट्रैक्टर जब्त, मामला दर्ज



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड क्षेत्र के एदला वन क्षेत्र में एक ट्रक्टर में लदा सखुआ का बोटा लदा ट्रक्टर वन विभाग ने जब्त किया है। वन क्षेत्र पदाधिकारी सिमरिया को गुप्त सूचना मिली थी कि एक ट्रक्टर में सखुआ का बोटा लाद कर कहीं ले जाया जा रहा है। जहां वन कर्मियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अमगामा उपपरिसर के एदला सुरक्षित वन से एक ट्रैक्टर तथा उसमें लदा साल का बोटा जप्त कर सुरक्षित वन प्रक्षेत्र सिमरिया कार्यालय परिसर में लाया गया। जबकि ट्रक्टर चालक जंगल झाड़ी का लाभ उठाकर भागने में सफल रहा। यह ट्रक्टर एदला गांव के संजय साहू का है जहां ट्रक्टर और संजय साहू के विरुद्ध वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। अभियान में प्रभारी वनपाल अजीत कुमार तुरी, वनरक्षक संजय कुमार, सुनील कुमार महतो चालक कैलाश यादव, गिरी रक्षक वाहिनी के जवान सूरज कुमार एवं शिवकुमार साहू तथा कैटल वाचर पंकज कुमार सिंह के अलावे अन्य लोग शामिल थे।

## होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टंडवा :** टंडवा बाजारटांड़ स्थित दुर्गा मंडप परिसर मे रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली पर्व के पहले दुर्गा पूजा महासमिति द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह मे काफी संख्या मे लोग शामिल हुए। होली मिलन समारोह मे आए लोगो ने एक दुसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाऐं देते हुए गले मिले। दोपहर बाद पुरा दुर्गा मंडप परिसर होलियाना रंग मे रंगता चला गया। स्थानीय लोगो द्वारा आयोजित रंगारंग कार्यक्रम मे खुब ठुमके भी लगाये। कभी ढोलक की गुंज व तासा की ताल तो कभी होली के गीतो मे दिन भर झुमते रहे। इस दौरान देर शाम तक जहां अबीर गुलाल उड़ते रहे। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक होली गीत का दौर भी देर शाम तक चलता रहा। होली मिलन समारोह मे शामिल लोगो ने होली के पुराने गीत गाकर होली का लुफ्त उठाते रहे। मौके पर बासुदेव बसंत, राजेंद्र नायक, मदन भगत, गणेश गुप्ता, विकास मालाकार, नंदा थापा, मनोज मालाकार, आदित्य मालाकार, पुरंजन नायक, मनोज नायक, रंधीर भगत, हीरा नायक, प्रकाश पासवान, राजेंद्र राणा, कुली ठाकुर, सुदामा पांडेय, छोटु पंडा समेत दर्जनो लोग शामिल थे।

## हाई स्पीड हाईवा का शिकार हुआ ठेला चालक, ठेला हुआ चकनाचूर

➲ग्रामीणों ने किया सड़क जाम,दो घण्टे तक चली हाई वोल्टेज ड्रामा

➲अंचला अधिकारी धर्मेंद्र कुमार दुब्बे के सुजभुझ से हटाया गया जाम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** थाना क्षेत्र के डाड़ी स्कूल चौक पर सड़क किनारे अंडा बेच रहे ठेला दुकानदार कुलदीप महतो और सब्जी बिक्रेता विजय महतो उर्फ छोटी को तेज रफ्तार जेएच 02 ए जेड 2041 ने जोरदार टक्कर मारा जिससे ठेला चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया है। वहीं ठेला चकनाचूर हो गया है। साथ हीं सब्जी बिक्रेता की सब्जी चकनाचूर हो गया। उक्त हाईवा डाड़ी स्कूल में जोरदार टक्कर मारते हुए धन गड़ा में सड़क किनारे लगी ट्रांसफार्मर में टक्कर मार दिया जिससे वहां आग के गोले निकलने लगा। इस तरह घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने रात्रि 9 बजे सड़क को जाम कर दिया। साथ हीं उक्त हाईवा पर करवाई के साथ मुआवजे की मांग करने लगे। मामले की जानकारी मिलते हीं घटना स्थल पर इस्पेक्टर उमेश राम, थाना प्रभारी चन्दन कुमार पहुंच गए। जहां ग्रामीणों का दंश झेलना पड़ा इस तरह यह जाम लगभग दो घण्टे लगा रहा। अंत में अंचलाधिकारी धर्मेंद्र कुमार के पहुंचने के बाद आक्रोशित ग्रामीणों को शांत कराया गया। और घटना में घायल कुलदीप महतो को इलाज के लिए त्वरित आर्थिक सहयोग सीओ धर्मेंद्र कुमार, थाना प्रभारी चन्दन कुमार और मुखिया पति गोपाल महतो ने किया।इस तरह अंचला अधिकारी के सूझबूझ से जाम को हटाया गया। जामकर्ताओं ने मांग किया है कि डाड़ी स्कूल चौक होने के कारण यहां हमेशा भीड़ रहती है। साथ हीं यह चौक चौराहा चौक होने के कारण वाहनों के आवागमन तेज रफ्तार होने से हमेशा दुर्घटना का डर सताते रहता है। वैसे में फाइवर ठोकर दोनों तरफ होना अनिवार्य है। ग्रामीणों के मांग पर अंचलाधिकारी ने अविलंब एनटीपीसी के सहयोग से ठोकरे लगाने की आश्वासन जाम कर्ताओं को दिया गया। वहीं जाम कर्ताओं ने नोइंट्री के दौरान अंधाधुंध कोयला लोड हाईवा या ट्रक का परिचालन किया जा रहा है। इसे अविलंब बन्द किया जाय अन्यथा हम ग्रामीण सड़क पर आकर इसका विरोध करेंगे।

## महुआडांड थाना द्वारा मृत व्यक्ति के नाम पर किया गया नोटिस निर्गत

**महुआडांड(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा चुनाव में मृत व्यक्ति भी शांति भंग कर सकते हैं। इसे लेकर महुआडांड प्रशासन के द्वारा दो साल पूर्व मृत हुए व्यक्ति स्व. अन्तर्यामी प्रसाद के नाम पर नोटिस निर्गत कर दिया गया है। साथ ही लोकसभा चुनाव में शांति भंग किये जाने की आशंका को लेकर इस बार महुआडांड थाना के द्वारा पत्रकार एवं शांति समिति के सदस्यों को भी नोटिस निर्गत किया गया है। ऐसा पहली बार है कि इस बार पत्रकार देवानन्द प्रसाद एवं रूषतम खान को नोटिस निर्गत किया गया है। इस संबंध में महुआडांड के अनुमंडल पदाधिकारी रतन सिंह ने बताया कि महुआडांड थाना प्रभारी के द्वारा जो सूची उपलब्ध कराई गई थी उसी के आधार पर नोटिस निर्गत किया गया है। नोटिस में मृतक का भी नाम शामिल है। इस बात की मुझे जानकारी नही थी। मैं इसे देख लेता हूँ। जंहा तक पत्रकारों की बात है उसे भी देख लेता हूँ।

## होली की खरीदारी को लेकर बाजार में रही भीड़



**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय में होली के अवसर पर रविवार को दुकानों में काफी भीड़ भाड़ रहा। सुबह से ही रंग, गुलाल, पिचकारी, पटाखा के दुकान में लोगों की भीड़ रही। इस बीच दुकानदारों द्वारा कई नेता के मुखौटा बेचे जा रहे थे जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अरबिंद केजरीवाल, हेमंत सोरेन, समेत कई नेता के मुखोटा की खूब बिक्री हुई ।वही कपड़ों एवं जूते चप्पल की दुकान में भी लोग अपने-अपने परिवार के साथ पूरे दिन खरीदारी करने में व्यस्त रहे। ईधर होली पर्व को लेकर सड़कों में चलने वाले माल वाहक वाहन की संख्या कम देखी गई। बालूमाथ पुलिस प्रशासन मुसटैद नजर आया कई स्थानों पर वाहन चेकिंग अभियान चलाकर वाहनों की जांच की गई।वही अंग्रेजी शराब की दुकान में भी काफी भीड़ देखा गया।

## करमा गांव के ग्रामीणों ने शांतिपूर्ण तरीके से होली मनाने का लिया निर्णय



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बारियातू :** प्रखंड के फुलसू पंचायत अंतर्गत करमा गांव के मंदिर परिसर भवन में योगेंद्र गंझू की अध्यक्षता में होली त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से भाईचारगी का मिसाल पेश करते हुए होली मनाने का सरस्वती से निर्णय लिया गया। अध्यक्षता कर रहे जोगेंद्र गँझू ने कहा की पूर्वज से लगातार हम लोगों के गांव में होली शांतिपूर्ण और भाईचारगी के साथ के साथ मनाया जा रहा है। आज तक इस गांव में किसी भी तरह का कोई विवाद लड़ाई झगड़ा नहीं हुआ है। पुराने पूर्वजों को मिसाल को बरकरार रखने के लिए हम लोग सभी शांतिपूर्ण वातावरण के साथ होली त्यौहार को मनाएंगे। साथ ही कहा कि किसी भी तरह का विवादित कार्य कार्य करें। त्योहार को त्यौहार के रूप में मनाने का सरस्वती से निर्णय लिया गया। मौके पर पंचायत अध्यक्ष अशोक गंझू, संजीत कुमार सिंह, रामु भोगता, सूरज रामलाल, देवकी, मनोज, वीरेंद्र केसरी, संदीप गँझू, अजय तुरी, जगरनाथ, बिशुन, बैजनाथ, शिवनाथ सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## लातेहार में दो अफीम तस्कर गिरफ्तार, गया जेल

संजय प्रजापति @ प्रभात मंत्र

**लातेहार :** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रेस वार्ता आयोजित कर एसपी अंजनी ने बताया कि दिनांक 23 मार्च 2024 को गुप्त सूचना मिली कि बालूमाथ थाना अन्तर्गत ग्राम सेमरसोत में अवैध रूप से मादक द्रव्य अफीम, डोडा एवं गांजा इत्यादि का भण्डारण किया जा रहा है एवं शीघ्र ही इसकी खरीद बिक्री की जानी है। उक्त आशय की सूचना का सनहा दर्ज करते हुए सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बालुमाथ के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया जिसमें पु0अ0नि0 विक्रांत कुमार उपाध्याय, थाना प्रभारी, बालूमाथ एवं अन्य को शामिल किया गया। उक्त छापामारी दल के द्वारा ग्राम सेमरसोत, थाना बालूमाथ के चौकीदार टोला स्थित इन्द्रदेव गंझू, उम्र करीब 29 वर्ष, पित्ता लादु गंझू एवं ज्योतिष गंझू उम्र 28 वर्ष, पिता महजिद गंझू, के घर से कुल 46.5 कि0ग्रा0 डोडा जिसका मूल्य ह्ष्टक्क



द्वारा अनुमोदित्त दर के आधार पर मूल्य 6,97,000/ छः लाख संतानब्बे हजार है।32 कि0ग्रा0 गांजा जिसका मूल्य 16.25.000/ सोलह लाख पचिस हजार है, एवं 4.200 कि0ग्रा0 अफीम जिसका मूल्य 21,00,000/ इक्कीस हजार रू0 के बराबर को जप्त किया गया। इस प्रकार कुल 44 लाख 22 हजार मूल्य का मादक द्रव्य जप्त किया गया है तथा अफीम के कारोबार में संलिप्त इंद्रदेव गंझू एवं ज्योतिष गंझू को गिरफ्तारी भी की गयी है। इस संदर्भ में बालूमाथ थाना काण्ड सं0 38/2024 दिनांक 24.03.2024 धारा-17 (c)/18 (b)/20 (a) /20 b (ii) ष/ 22 NDPS Act दर्ज कर अग्रेत्तर अनुसंधान किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी लातेहार पुलिस द्वारा मादक द्रव्यों के उत्पादन, भण्डारण, परिवहन एवं खरीद बिक्री पर रोक लगाने हेतु लगातार काम किए गए हैं। इस क्रम में इस वर्ष 2023-24 में लातेहार जिला में करीब 118 एकड़ अफीम की खेती का विनिष्टीकरण किया गया है, साथ ही आदर्श आचार संहिता की घोषणा किए जाने के उपरान्त से अब तक लातेहार पुलिस द्वारा 17.120 कि0ग्रा0 अफीम जिसका मूल्य 85.6 लाख रूपये, 42.405 कि0ग्रा0 गांजा जिसका मूल्य 21 लाख 20 हजार 250 रूपये, 1690.5 कि0ग्रा0 डोडा (opium straw) जिसका मूल्य 2 करोड़ 53 लाख 57 हजार 500 रूपये, कुल मिलाकर लगभग 3 करोड़ 60 लाख 37 हजार 750 रूपये का मादक द्रव्य जप्त किया गया है।साथ ही आदर्श आचार संहिता की घोषणा किये जाने के उपरांत लातेहार पुलिस द्वारा 04 देशी पिस्टल एवं 11 जिन्दा कारतूस भी बरामद किया गया है। उल्लेखनीय है कल दिनांक 23 मार्च 2024 को मनिका थाना क्षेत्र में चेकनाका पर एक कार को 02 लाख 99 हजार 500 रूपये नकद के साथ इन्टरसेप्ट किया गया।आगामी लोकसभा चुनाव में धनबल एवं बाहुबल के प्रयोग रोकने की दिशा में ये बरामदगियां अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। आगे एसपी ने कहा कि लातेहार पुलिस आगे भी विशेष अभियान चलाकर इस प्रकार की कार्रवाई करती रहेगी ताकि भयमुक्त, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न हो सके।

## सर्प दंश से चालीस वर्षीय महिला की मौत

**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरवाडीह प्रखंड के उकामाड़ पंचायत के मुरु गांव निवासी शिव कुमार सिंह की चालीस वर्षीय पत्नी संजोगा देवी की मौत जहरीले सांप के काटने से शनिवार की देर रात तुम्बागड़ा अस्पताल से ईलाज कराने के बाद घर वापसी के दौरान रास्ते मे हो गई। मृतक के पति शिवकुमार सिंह ने बताया कि पत्नी संजोगा देवी बुधवार को खेत मे पानी पटा रही थी ,पानी पटाने के दौरान सांप डंस दिया जिन्हें आनन फानन मे ईलाज के लिए तुम्बागड़ा अस्पताल मे भर्ती किया। जहा ईलाज के बाद शनिवार की रात घर आने के दौरान उसकी मौत हो गई।रविवार को शव को पैतृक गांव मुरु मे अंतिम संस्कार किया गया। मौके उकामाड पंचायत की मुखिया पूनम देवी, मुखिया प्रतिनिधि कैलास सिंह,पूर्व मुखिया देवनाथ सिंह, पूर्व उप मुखिया सूर्यदेव सिंह,रामरती सिंह ,मनोज सिंह समेत काफी संख्या मे लोग मौजूद थे। मृतक के शिव कुमार सिंह बीडीओ रेशमा रेखा मिंज से मुआवजे की मांग की है।

## कांग्रेस के बैंक खाते फ्रीज किए जाने पर आक्रोशित कांग्रेसीयों ने जिला कार्यालय में किया प्रेस वार्ता

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** पुर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने रविवार को कांग्रेस जिला कार्यालय करकट मे बैंक खाता फ्रिज करने के विरोध में प्रेसवार्ता की।इस दौरान उन्होंने कहा की कांग्रेस पार्टी का एक एक रूपया जमा 285 करोड़ रुपया को भारत सरकार फ्रिज कर दिया।जिस कारण कांग्रेस अब उक्त पैसा का खर्च चुनाव में नही कर सकेगी वही केएन त्रिपाठी ने कहा कि लोकतंत्र के उपर किस प्रकार का खतरा मंडरा रहा है, किस प्रकार से कांग्रेस पार्टी के बैंक खातों के उपर हमला हुआ और ये कोशिश की जा रही है कि फाइनेंशियली कांग्रेस पार्टी को पंगू बना दिया जाए। ये केवल कांग्रेस पार्टी के खातों पर नरेन्द्र मोदी सरकार का हमला नहीं है, बल्कि भारत के लोकतंत्र पर हमला है। अगर प्रमुख विपक्षी पार्टी वित्तीय तौर पर पूरी तरके से पंगू हो जाए, कोई कार्य नहीं कर सके, पब्लिसिटी के उपर पैसा नहीं खर्च कर सके, कैंपेन के उपर पैसा नहीं खर्च कर सके,



अपने कैंडिडेट को पैसे नहीं दे सके, तो फिर चुनाव किस बात का है और चुनाव की घोषणा हो चुकी है, पिछले एक महीने से हमारे अपने बैंक अकाउंट्स में पड़े हुए 285 करोड़ रूपए का हम इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं। हम लोगों को पब्लिसिटी के लिए इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के अंदर स्लॉट बुक करने है। हमें सोशल मीडिया के अंदर इस्तेमाल करना है। हमें पोस्टर छपवाने हैं, हमें पैम्पलेट छपवाने है। अगर हम लोग वो काम भी नहीं कर सकते, तो किस प्रकार से लोकतंत्र जिंदा रहेगा और कैसा लोकतंत्र है। मौके पर जिला अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, सुरेंद्र भारती, युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष आफताब आलम, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमित यादव, गोपाल त्रिपाठी, लक्ष्मण गंझू, बुद्धि नारायण, शंभू यादव, शोएब, छोटू दुबे, सोयेब अंसारी,महेंद्र प्रसाद, राजू नायक, उपेंद्र पासवान, बल्केश्वर उरांव उर्फ बड़ा विकास समेत कई अन्य कांग्रेसी शामिल थे।

## कुम्हार महासंघ के तत्वाधान में होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बारियातू :** प्रखंड के साल्वे पंचायत अंतर्गत बरछिया ग्राम निवासी जतन प्रजापति के आवास में प्रखंड अध्यक्ष आनंद प्रजापति की अध्यक्षता मे होली सम्मेलन समारोह का आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह कार्यक्रम में भीम प्रजापति ने कहा कि होली में भाईचारगी और सद्भावना के रूप में होली मिलन का समारोह का आयोजन किया गया साथ ही कहा की आप सभी अपने-अपने गांव मोहल्ले में शांति पूर्ण तरीके से होली मनाएँ, कार्यक्रम में बिखरे हुए समाज को बंधुत्व में बांधने के लिए होली के गीत संगीत का भी आयोजन किया गया। मौके पर उपस्थित सोनू प्रजापति ने कहा कि किसी भी तरह के कोई विवाद ना कर समाज में भाईचारगी का मिसाल पेश करना ही त्यौहार का मूल उद्देश्य है इसलिए बिखरे और टूटे



हुए समाज को होली में जोड़ने की आवश्यकता है। मौके पर सुरेश प्रजापति, अयोध्या प्रजापति, पुनेश्वर प्रजापति, रणधीर प्रजापति, राकेश प्रजापति, तुलसी प्रजापति, रमेश प्रजापति, पप्पू प्रजापति, डॉक्टर अर्जुन प्रजापति, कामेश्वर प्रजापति डॉ संतोष प्रजापति डॉक्टर नित्यानंद प्रजापति, रोहित प्रजापति, गोपाल प्रजापति, महेंद्र प्रजापति, प्रकाश प्रजापति, मनोज प्रजापति, निर्मल प्रजापति, जतन प्रजापति, अजय प्रजापति, अनिल प्रजापति, रूपेश प्रजापति सहित कई समाज के लोग उपस्थित थे।

## भंडरा ठाकुरबाड़ी मंदिर में महिलाओं ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगा होली की दी बधाई



**भंडरा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के भंडरा ठाकुरबाड़ी मंदिर परिसर व निर्माणधीन मां सिद्धिदायिनी दुर्गा मंदिर परिसर में रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। भंडरा ठाकुरबाड़ी मंदिर परिसर में भंडरा की कीर्तन मंडली महिलाओं द्वारा एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगा कर होली की बधाई दी गई। साथ ही देर शाम तक भगवान राधा-कृष्ण के भजन कीर्तन किया गया। जबकि निर्माणधीन मां सिद्धिदायिनी दुर्गा मंदिर परिसर में ईश्वरी मोहन शर्मा के नेतृत्व में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें भंडरा प्रखंड के कई गांव के ग्रामीणों ने भाग लिया। मौके पर ईश्वरी मोहन शर्मा ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। होली मिलन समारोह का उद्देश्य गांव के सभी लोगों को एक सूत्र में बांधना है। होली का त्योहार एक दूसरे से भेदभाव व मनमुटाव को दूर कर खुशियां मनाने का है। इस दौरान उन्होंने लोगों को अबीर-गुलाल लगा कर होली की बधाई दी। मौके पर आनंद दुबे, अनित कुंदन, उत्तम गुप्ता, ललन सोनार, दिनेश साहु, आनंद साहू, धनेश्वर साहू, भीम साहू,सीता देवी, रेखा गुप्ता, कावेरी देवी, सरोज देवी, बसंती देवी, सगीता गुप्ता, निलू देवी, प्रिया देवी, सुनिता देवी, शीला देवी, सीमा देवी, कंचन देवी, रीना देवी, रीता देवी, लिलावती देवी, दुलारी देवी, राखी देवी सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## टाटीझरिया थाना प्रभारी ने किया अवैध शराब बरामद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया :** टाटीझरिया थाना क्षेत्र के बेडमक्का गांव में अवैध तरीके से देशी महुआ शराब वा अंग्रेजी शराब की भंडारण कर बिक्री कर रही अभियुक्त संगीता देवी पति स्व. दिनेश्वर प्रसाद उम्र लगभग 50 वर्ष के दुकान में अवैध शराब की बिक्री भंडारण मामले में थाना कांड संख्या - 18/2024 के आलोक में टाटीझरिया थाना प्रभारी सुजीत कुमार ने 24 मार्च दिन रविवार को अपने पुलिस दल बल के साथ छापामारी अभियान चलाया जिसमे देसी महुआ का शराब 10 लिटर और अंग्रेजी शराब विभिन्न ब्रांड की कुल 63 पीस बरामद किया गया।

## भाजपा टाटीझरिया मंडल कमिटी द्वारा होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया :** भारतीय जनता पार्टी टाटीझरिया मंडल कमिटी के सौजन्य से रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम झरपो के नोडल केंद्र पर आयोजित था। जिसमें कार्यकर्ताओं ने एक -दूसरे को अबीर -गुलाल लगाकर होली की बधाइयां दी। कार्यक्रम वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता कौलेश्वर मिश्र के नेतृत्व में किया गया। इस मौके पर होली के गीत - भजन से माहौल होलियाना हो गया। कार्यकर्ता,बच्चे -बूढ़े और जवान सभी जमकर थिरके। मौके पर लोगो ने लजीज व्यंजन का भी स्वाद लिया। वरिष्ठ भाजपा नेता मिथिलेश पाठक,प्रखंड महामंत्री सह प्रमुख संतोष मंडल, उप प्रमुख रवि वर्णवाल ने कार्यकर्ताओं को कहा कि होली अधर्म पर धर्म की जीत ,बुराई पर अच्छाई के जीत का पर है। इस पर पर सभी ईर्ष्या -द्वेष भूलकर एक दूसरे से प्रेम व स्नेह से गलें लगें और प्रेम पूर्वक जिंदगी बताएं। इस अवसर पर उपेंद्र पांडेय समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मतदान जागरूकता फोरम की हुई बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** उप निर्वाचन पदाधिकारी तथा स्वीप नोडल पदाधिकारी, की अध्यक्षता में बैंकों एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों के साथ मतदान जागरूकता फोरम की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। इस मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी ने संस्थाओं के मालिकों से कहा कि वोटर अवेयरनेस फोरम के लिए वोटर हेल्पलाइन ऐप डाउनलोड करते हुए मतदाता सूची में उनके नाम की जांच कराई जाए एवं मतदान की तिथि से भी उन्हें अवगत कराया जाए।साथ हीं नियमित रूप से मतदान जागरूकता फोरम की बैठक करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्हें अपने कर्मियों को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। उन्होंने नाम जोड़ने के लिए भी ऐप के माध्यम से हीं प्रपत्र-6 भरकर मतदाता के रूप में उन्हें निबंधन करने हेतु अग्रसर किए जाने का निर्देश दिया। इस मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी मां देवप्रिया, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग पदाधिकारी रोहित कुमार, एलडीएम हजारीबाग, बैंकों एवं प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

## लापता युवक का शव खेत में बने गड्ढे से दो दिन बाद बरामद



**बरकट्ठा :** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम घसकोडीह पंचायत चुगलामों से लापता 17 वर्षीय युवक मनोज कुमार का शव दो दिन बाद गांव के ढोभा में मिली है। मृतक मनोज कुमार (एकलौता पुत्र) के पिता महादेव महतों उर्फ मेघी महतो ने बरकट्ठा थाना में लापता युवक की सनहा दर्ज कराई थी। ग्रामीण सुबह शौच के लिए गये तो देखा की डोभा में शव पड़ा है। तत्पश्चात जानकारी परिजनों को दी गई। जिसके बाद घटना की खबर पूरे गांव में आग की तरह फैल गई और पूरे गांव में मातम पसर गया। वही घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। जिसके बाद डीएसपी सुरजीत कुमार, इंस्पेक्टर इमदाद अंसारी,थाना प्रभारी राजेश कुमार भोक्ता समेत अन्य दल बल पहुंचे जहां ग्रामीणों का आक्रोश झेलना पड़ा। ग्रामीणों ने बताया कि शव को बाहर निकालने के बाद आंख, नाक और कान से खून निकल रहा था। साथ ही चेहरे पर कई निशान मिली है। बताया कि शव देखने से प्रतीत होता है कि रात को किसी ने हत्या कर डोभा में फेंक दिया। मामले की छानबीन के लिए प्रशासन से डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम को भी बुलाया। घटना की सूचना मिलते ही विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, जिप सदस्य कुमकुम देवी, उप प्रमुख सुरजी देवी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष गोरी शंकर प्रसाद, मुखिया प्रतिनिधि मनोज यादव, उपमुखिया किशोर मोदी, विजय प्रसाद समेत अन्य जनप्रतिनिधि पहुंचे। पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया। वही मृतक के पिता ने साजिश के तहत हत्या कर शव को डोभा में फेंके जाने की बात कही। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है।

## लोकसभा चुनाव मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम की तिथि में संशोधन

**हजारीबाग :** लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण की तिथि पूर्व में द्वितीय चरण का प्रशिक्षण 28 मार्च से 2 अप्रैल 2024 तक एवं तृतीय चरण का प्रशिक्षण 3 अप्रैल से 6 अप्रैल तक निर्धारित थी, परन्तु 14 हजारीबाग लोक सभा चुनाव के मतदान की तिथि 20 मई 2024 को निर्धारित है। मतदान में लंबी अवधि होने के कारण जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देशानुसार द्वितीय चरण एवं तृतीय चरण की तिथि में संशोधन किया गया है। 23 अप्रैल 2024 को पीठासीन पदाधिकारी इंटर साइंस कॉलेज, जबरा,हजारीबाग में प्रशिक्षण प्राप्त करेगें। वहीं 24 अप्रैल 2024 को प्रथम मतदान पदाधिकारी,25 अप्रैल 2024 को द्वितीय मतदान पदाधिकारी एवं 26 अप्रैल 2024 तृतीय मतदान पदाधिकारी इंटर साइंस कॉलेज, जबरा हजारीबाग में प्रशिक्षण प्राप्त करेगें। 10 मई 2024 पीठासीन पदाधिकारी का प्रशिक्षण इंटर साइंस कॉलेज,हजारीबाग में प्रशिक्षण लेंगे। वहीं 11 मई 2024 को प्रथम मतदान पदाधिकारी,13 मई को द्वितीय मतदान पदाधिकारी एवं तृतीय मतदान पदाधिकारी इंटर साइंस कॉलेज, जबरा हजारीबाग में प्रशिक्षण प्राप्त करेगें।

## होली में शांति व्यवस्था को लेकर बरही प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** होली पर्व को लेकर बरही में विधि व्यवस्था को लेकर रविवार को बरही एसडीपीओ सुरजीत कुमार के नेतृत्व में बरही प्रशासन ने फ्लैग मार्च निकाला। बरही के चारो मुख्य मार्गो में फ्लैग मार्च निकालकर लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया। इस दौरान आमजनों से इस पर्व को आपसी भाईचारे के साथ मनाने व शांति व विधि व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने का अपील की। फ्लैग मार्च में एसडीपीओ सुरजीत कुमार, बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार, सीओ रामनारायण खलको,पुनि सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार, सहित पुलिस बल शामिल थे।

## बरही पार्क में पतंजलि परिवार ने मनाया होली मिलन समारोह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

बरही प्रखण्ड परिसर स्थित एपीजे अब्दुल कलाम पार्क में योगाचार्य अनिल कुमार मिश्रा ने प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी अपने पतंजलि परिवार के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया। जिसमें सभी पतंजलि परिवार ने एक दूसरे से गुलाल लगाकर एवं गले लगा कर होली की बधाई दी। वहीं योगाचार्य अनिल कुमार मिश्रा ने अपने योग शिक्षक, योग साधकों व योग प्रेमियों को होली की संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सभी को ईर्ष्या, द्वेष, कपट जैसी बुराइयों को मन से निकालकर एक दूसरे के प्रति प्रेम, करुणा का भाव रखकर एक दूसरे को गले लगाना चाहिए, अपने मन की बुराइयों को दूर करना चाहिए तभी सभी लोग मन और तन से सदा स्वस्थ रह पाएंगे। साथ ही उन्होंने अष्टांग योग के बारे में लोगों को विस्तृत जानकारी दिया। महिला प्रखंड प्रभारी रंजू देवी ने भी कहा कि अपने मन के मैल को निकाल कर लोगों को मन को साफ रखना चाहिए एक दूसरे से श्रद्धा का भाव रखना चाहिए। वही मौके योगाचार्य अनिल कुमार मिश्रा, सहयोगी शिक्षक, दीपक कुमार सोनी, चंदन कुमार, राजकुमार यादव, दीपक गुप्ता, मनोज कुमार केसरी, अभिजीत कुमार, नरेश कुमार यादव, रोहित कुमार, पप्पू ठाकुर, संजय यादव, रचना साहू, कामिनी देवी, महिला प्रखंड प्रभारी रंजू देवी, रंजीत केसरी, दिलीप केसरी, विश्व हिंदू परिषद के महामंत्री गुरुदेव गुप्ता, मनोज राणा, मनोज यादव, मानवी केसरी, सुनील कुमार, क्षितिज मिश्रा, सूर्यास्त मिश्रा, बसंत माली, योग शिक्षिका सोनी देवी, रवि प्रभा, सोमनाथ कुमार, राजदेव यादव, बालेश्वर यादव, मणि केसरी, सहित दर्जनों पतंजलि परिवार उपस्थित थे।

## न्यू कालोनी में ताला बंद घर में ताला तोड़कर चोरों ने चोरी की



**बरही :** शनिवार की रात चोरों ने न्यू कालोनी बरही स्थित ताला बंद घर में ताला तोड़कर चोरी की। कन्या मध्य विद्यालय बरही की शिक्षिका बबिता कुमारी पति पुरुषोत्तम सिन्हा होली की छुट्टी पर शनिवार को अपने घर मयुरहंड चली गई थी। मकान में रहने वाले अन्य किराएदार भी होली में घर चले गए थे।रविवार सुबह पड़ोसियों ने शिक्षिका को जानकारी दी कि उनके आवास का ताला और कुंडी टूटा हुआ है। सूचना पर जब वह न्यू कालोनी आवास पर आयी तो देखा कि दरवाजा का ताला और कुंडी टूटा हुआ है। घर के अंदर अलमीरा का ताला भी टूटा हुआ था और अलमीरा का समान बिखरा हुआ था। बबिता कुमारी ने चोरी की घटना को लेकर थाना को आवेदन दिया है। अपने आवेदन में बताया है कि अलमीरा में रखा हुआ सोने का कान का दो झुमका 10 ग्राम, दो सोने की अंगूठी, एक सोने का मंगलसूत्र, बजरंग बली का लाकेट लगा सोने का चेन, सोने का दो नथिया और अलमीरा में रखे पांच हजार रुपये नगद चोरों ने चोरी कर ली। एक अन्य चोरी की घटना हुई जिसमें शनिवार की रात ही न्यू कालोनी के एक मकान से किराए पर रहने वाले बिजली विभाग के एक कर्मचारी की बाइक भी चोरों ने चोरी कर ली। पुलिस चोरी की घटना की जांच पड़ताल कर रही है।

## उपायुक्त ने किया चलकुशा प्रखंड का दौरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** लोकसभा निर्वाचन 2024 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय ने चलकुशा प्रखंड का दौरा किया। अपने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने चलकुशा प्रखंड के बूथ संख्या 273, 274,275,277 एवं 279 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने मतदान केंद्रों में एएमएफ (मूलभूत बुनियादी सुविधाओं) का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने कहा मतदान के दिन किसी भी मतदाता को कोई असुविधा न हो यह सुनिश्चित करना आवश्यक है। प्रखंड स्तरीय स्वीप कार्यक्रम के तहत इलेक्शन फ़ूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला निर्वाचन पदाधिकारी शामिल हुई। उपायुक्त ने मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि चलकुशा प्रखंड में 44060 मतदाता है,जिसमें नए मतदाताओं की संख्या 1458 और दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 452 हैं। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि जिन मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ना छूट गया है, वें फॉर्म 6 भरकर अपना नाम जुड़वा सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस चुनाव में 85+ आयुवर्ग एवं दिव्यांग मतदाता जो चल फिर सकने में असमर्थ हैं उन्हें होम वोटिंग की सुविधा दी जाएगी। उपायुक्त ने सभी मतदाताओं से मतदान तिथि को छुट्टी का दिन न मानते हुए अपने घरों से निकलकर मतदान करने की अपील की। विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा उपस्थित लोगों को मतदाता प्रतिज्ञा की शपथ दिलाई गई। वोटर ट्री प्लांटेशन कार्यक्रम के अंतर्गत पौधा रोपण,हस्ताक्षर अभियान, कार्यालय का निरीक्षण। इस दौरान एसडीओ बरही, बीडीओ चलकुशा व अन्य प्रखंड स्तरीय कर्मी उपस्थित रहे।

## सामाजिक समरसता तथा भाईचारे का प्रतीक है होली : मुन्ना सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हज़ारीबाग़ :** शहर के हरनगंज स्थित शिवम् बैंक्वेट में समाजसेवी व नेता मुन्ना सिंह द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस दौरान जमकर रंग-गुलाल उड़े। इसमें शामिल लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी।आयोजन में बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोगो का आगमन हुआ। मौक़े पर श्री सिंह समेत हज़ारो की संख्या में उपस्थित लोगो ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाया एवं गले मिल कर रंगोत्सव का भरपूर आनंद उठाया। मौके पर मुन्ना सिंह ने उपस्थित लोगो को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली का त्योहार विविधता में एकता तथा भाईचारे का प्रतीक है। इस दिन लोग गिले-शिकवे भूलकर एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगा कर प्रेम और भाईचारे का संदेश देते हैं।

## बीएचपी एवं बजरंगदल के होली मिलन समारोह में शामिल हुए सनातनी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंगदल प्रखण्ड ईकाई द्वारा शनिवार को बाजार टांड़ स्थित श्री राम मंदिर प्रांगण में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम शुभारम्भ बजरंगदल जिला सह संयोजक वरुण कुमार के द्वारा ? के उच्चारण एवं श्री राम जय राम जय जय राम जयकारो के साथ किया गया। होली मिलन समारोह में उपस्थित प्रखंड एवं सभी पंचायतों के प्रभारियों ने बारी बारी से होली की शुभकामनाएं दी। वरुण कुमार ने कहा कि होली पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है।होली मिलन समारोह सारे क्लेश,दुख,गलतियों को दूर कर लोगों के अंतरात्मा से मिलन का त्योहार है। तत्पश्चात उन्होंने प्रखण्ड एवं पंचायत प्रभारियों को गुलाल लगाकर तथा गले मिलकर सबों को होली पर्व की शुभकामनाएं दी।उपस्थित सभी लोगो ने एकदूसरे को गुलाल लगाकर ,गले मिलते हुए होली की शुभकामनाएं देते हुए,होली के गीतों पर जमकर ठुमके लगाए गए।इस दौरान सभी ने पूवा-पकवान का लुत्फ उठाया। होली मिलन समारोह में मुख्य रूप से बजरंग दल जिला सह संयोजक वरुण कुमार,जिला सह धर्म प्रचार प्रसार प्रमुख दीपक कुमार,विहिप मंत्री सिकंदर साव,बजरंगदल सह संयोजक वैभव प्रकाश राणा, समरसता प्रमुख नरेश रवानी,हेमलाल महतो,प्रो0 कारनाथ शर्मा,प्रचार प्रसार प्रमुख रणधीर बरनवाल एवं सुरेश कुमार, बबलू गुप्ता, दिलीप साव,गागों कुमार के अन्य लोग शामिल थे।

## विश्व हिंदू परिषद झारखंड प्रांत की तीन दिवसीय बैठक हुई संपन्न



**हजारीबाग।** विश्व हिंदू परिषद झारखंड प्रांत की तीन दिवसीय बैठक देवघर में संपन्न हुई। जिसमें हजारीबाग जिले की नवीन दायित्व की घोषणा की गई। हजारीबाग जिले के विश्व हिंदू परिषद उपाध्यक्ष विनोद कुमार साहू, सहमंत्री मनोज कुमार मेहता, प्रचार प्रसार प्रमुख राजीव रंजन सिंह, कोषाध्यक्ष नंदकिशोर कुमार, विशेष संपर्क प्रमुख नरेंद्र कुमार, सेवा प्रमुख उदय कुमार, मंदिर अर्चक पुरोहित प्रमुख रवि पाण्डेय, मातृशक्ति प्रमुख नील देवी, जिला सह सयोंजक अजय कुमार मेहता, निधि प्रकोष्ठ सह प्रमुख संदीप पांडे, सह सेवक प्रमुख वरूण कुमार, सोशल मीडिया प्रमुख मिथिलेश श्रीवास्तव, जिला कार्यसमिति सदस्य अमित मिश्रा, सुनील कुमार सिन्हा, आशीष कुमार, सौरव कुमार सिन्हा एवं सुशांत सोनी को नियुक्त किया गया। मौके पर उक्त नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन का नवीन दायित्व के प्रति आभार जताया। साथ ही नवीन दायित्व के सदैव खरा उतरने का संकल्प लिया। उक्त जनकारी जिला मंत्री अरविंद मेहता ने दिया।

## दारु पत्रकार संघ की होली मिलन समारोह मे जमकर उड़े अबीर गुलाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दारु।** प्रखंड के पत्रकार संघ ने मेडकुरी नदी के पास होली मिलन समारोह का आयोजन रविवार को किया। इस समारोह मे प्रखंड के पत्रकारों ने शिरकत की जिसमे अबीर गुलाल एक दूसरे को लगाकर एक दूसरे को होली की बधाई दी गयी। इस समारोह मे स्वादिस्ट ब्यंजन के साथ पत्रकार संगीत की धुन मे जमकर थिरकते नज़र आये। पत्रकार संघ के अध्यक्ष बसंत नारायण ने राणा ने पत्रकार संघ से जुड़े सभी पत्रकारों के साथ साथ प्रखंड वासियों को होली की बधाई दी। सचिव महेश साव ने प्रखंड वासियों से होली त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की व किसी भी तरह के भ्रामक पोस्ट सोशल मीडिया मे पोस्ट नही करने की अपील किया। इस समारोह मे देवनारायण कुमार,राजन सिन्हा, सुमन सिन्हा, रौशन सिन्हा, पप्पू ठाकुर, बजरंग सहाय, दिनेश कुमार,सुनील कुमार ,भैया अखिलेश कुमार, भैया सुमित सिन्हा, धीरज पुरी,रंजीत कुमार, दयाल राम, राहुल सिंह, अजय यादव, अनिल यादव, अप्पू यादव आदि मौजूद थे।

## साहित्यिक संस्था परिवेश ने होली पर्व की महत्ता पर गोष्ठी का आयोजन किया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** होली की पूर्व संध्या पर साहित्यिक / सांस्कृतिक संस्था परिवेश के तत्वाधान में स्थानीय रामनगर रोड स्थित %केसरी भवन% में एक आयोजित एक सभा में कथाकार / स्तंभकार विजय केसरी ने होली की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज की बदली परिस्थिति में %होली% की महत्ता बहुत ही बढ़ गई है। होली देशवासियों को एकता और अखंडता की सीख होली देती है। सामाजिक समरसता का एक अनूठा महापर्व होली है। होली पर्व पर हम सभी देशवासी मतभेदों को भुलाकर गले मिलते हैं। यह पर्व अब वैश्विक रूप अख्तियार कर लिया है। मथुरा और वृंदावन की होली देखने के लिए काफी संख्या में पश्चिमी पर्यटक भारत आते हैं। इस पर्व की खासियत यह है कि सभी धर्म, विचार और पंथ के लोग एक साथ मिलजुल कर बड़े ही आधार के साथ मनाते हैं। प्रख्यात कथाकार रतन वर्मा ने कहा कि एक कथा के अनुसार असत्य पर सत्य की विजय के रूप में होली मनाई जाती है । भक्त प्रहलाद सत्य के प्रतीक थे। वहीं हिरण्यकश्यप असत्य के प्रतीक थे। भगवान विष्णु ने नरसिंह रूप में अवतार लेकर के असत्य के प्रतीक हिरण्यकश्यप का नाश किया था। होली हम सबों को सत्य की राह पर चलने की सीख देती है। होली पर लोग अपने-अपने दुर्गुणों को त्यागने का संकल्प लेते हैं। होली घर के माहौल को बिल्कुल ही खुशनुमा बना देती है। होली हर एक के निजी परेशानियों को कम से कम एक-दो - दिनों के लिए भूलवा देती है। होली आनंद का पर्व है। होली एक दूसरे से मिलने का अवसर प्रदान करती है। होली पर्व अपने - पराये का भेद मिटा देती है । आयोजित सभा में इन वक्ताओं के अलावा डॉ सुबोध सिंह शिवागीत, मनोज सिन्हा,बलदेव पांडेय मनोज प्रसाद, अजय पांडेय, बसंत पांडेय कृष्णा राम ठाकुर, आदि ने भी अपने विचार रखें । सभा का संचालन विकास कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन मनोज सिन्हा ने किया।

## भाजपा अब सहारा से पैसा दिलाने के नाम पर वोट मांगेगा : डॉ आरसी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** भारत सरकार के द्वारा लाइसेंस मिलने के बाद सहारा इंडिया पूरे भारत में गरीबों से 10 से लेकर हजार रुपए तक जमा किया । भारतीय प्रतिभूत विनिमय सेबी में 35त्न रुपए सरकार द्वारा काटकर रखा जो भारत सरकार के खजाने में है जब नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री नहीं थे तब सहारा का पैसा सुरक्षित था और सहारा प्रमुख सुब्रत राय भी सुरक्षित थे लेकिन नरेंद्र मोदी सहारा के पैसा अपने जिम्मा में ले लिए और सहारा प्रमुख सुब्रत राय को जेल भेजा गया। जेल में ही सुब्रत राय की मौत हो गई। अब लोकसभा चुनाव आ गया है अब एनडीए के लोग सहारा से पैसा दिलाने के नाम पर भोली भाली जनता को बहला कर वोट मांगेंगे। उक्त बातें कांग्रेस प्रमंडलीय नेता डॉ आरसी मेहता ने अपने कार्यालय में कहा। डॉ मेहता ने कहा की देश तानाशाही की ओर बढ़ रहा है सहारा इंडिया के भुक्त भोगी वोट का उपयोग सोच समझ कर करें। शहारा का रुपए नहीं तो वोट नहीं का मुहिम चलावे।

## होली को लेकर भुरकुंडा बाजार में काफी रौनक, बच्चों को लुभा रहे हैं तरह-तरह के मुखोटे और पिचकारी



**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिले के भुरकुंडा बाजार मे रंगों का त्योहार होली को लेकर बाजार मे काफी रौनक है भुरकुंडा बाजार में होली की दुकान सज- धजकर तैयार है। बाजार में दर्जनों दुकानें पिचकारी, रंग, अबीर, गुलाल से पट गई है। दुकानदारों के द्वारा बच्चों को देखते हुए काफी तरह-तरह की मुखोटे और विभिन्न प्रकार के पिचकारी बच्चों को खासे आकर्षित कर रहे हैं। वहीं होली प्रिंटेड टी-शर्ट युवाओं को खूब भा रहे हैं। रौनक बढ़ने के साथ भुरकुंडा का बाजार भी होली के रंग में रंग गया है।

## भुरकुंडा में होली एवं लोकसभा चुनाव को लेकर फ्लैग मार्च निकाला जागरूक किया गया



**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिले के भुरकुंडा बाजार,बिरसा चौक,पटेल नगर रिवर साईड में आज भुरकुंडा ओपी पुलिस ने वरिये पदाधिकारी के निर्देश पर होली और आगामी लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण सुनिश्चित कराने एवं भय मुक्त माहौल में होली पर्व और चुनाव हो इसे ध्यान में रखते हुए रविवार को फ्लैग मार्च निकाला गया और मतदाता को जागरूक किया गया। भुरकुंडा थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सहित, सीआरपीएफ के 40 की संख्या में जवान सशस्त्र बल के साथ मौजूद थे और विभिन्न संवेदनशील जगहों और बूथों मे जाकर निरीक्षण किया और लोगों को जागरूक किया।

## होली मिलन समारोह में कर्मचारियों ने कोलयरी सिरका के उन्नति की कामना की



**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल कोलियरी परियोजना के कोयला श्रमिकों ने रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया। अवसर पर कई वरीय व सम्मानित कामगारों ने भाग लिया। सभी ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर मंगल कामना की। साथ ही कोलयरी सिरका के हमेशा चारों ओर तरक्की होने, यहां के मजदूर भाइयों को कहीं भी पलायन नहीं करने की कामना किया, घर परिवार में सुख समृद्धि की भी शुभकामनाएं दी गई। मौके पर सीसीएल कर्मी विश्वनाथ सिंह, सत्येंद्र महतो, सुखदेव महतो, शांता कुमार, विश्वनाथ यादव, जोगिंदर कुमार, मोहम्मद सत्तार अहमद, रणजीत सिंह, अखिलेश, सोमराव, विवेक सिंह, जीतू लिंडा, बिंदेश्वर साहब, खीरोधर महतो, जगन्नाथ महतो, बुधना गंझू समेत कई श्रमिक शामिल थे।

## राष्ट्रीय सेवा मंच एवं जेएसपीएल फाउंडेशन ने होली पर गरीब असहायों के बीच भोजन का किया वितरण



**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच भुरकुंडा एवं जीरो हंगर मिशन जेएसपीएल फाउंडेशन ने होली के मौके पर दूर दराज से आए गरीब दातुन पत्तल बेचने वाले 150 महिला पुरुष एवं बच्चों के बीच भोजन एवं मास्क का वितरण किया। इस मौके पर संस्था के लोगों ने बताया किआगे भी जारी रहेगी जन सहयोग से भोजन सेवा। इस मौके पर मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह उमाशंकर जायसवाल उदयभान दुबे रमेश सोनी धनीराम बेदिया विजय कुमार लखन राम अशोक झा संजीव वर्मा इत्यादि समाजसेवी उपस्थित है।

## होली के मद्देनजर रजरप्पा पुलिस ने होटलो में की छापामारी



**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** होली त्यौहार आपसे प्रेम और सद्भावना को देखते हुए रामगढ़ एसपी के निर्देशानुसार रजरप्पा पुलिस द्वारा और झुग्गी झोपड़ियां पर शराब बेचने वाले को प्रतिबंध लगाया होटल संचालकों को हिदायत दी गई, शराब बिक्री को लेकर छापामारी अभियान चलाया गया छापामारी के दौरान अवैध रूप से शराब बिक्री पर रोक लगाना पुलिस का मकसद था,आधा दर्जन से अधिक दुकानों की जांच पड़ताल किया गया होली पर्व को लेकर छापामारी दल का नेतृत्व रजरप्पा थाना सहायक अवर निरीक्षक रंजीत कुमार महतो के नेतृत्व में होटल में छापामारी अभियान चलाया गया इस मौके पर सहायक अवर निरीक्षक निरंजन कुमार सिंह एवं थाना के कई महिला पुरुष पुलिस बल मौजूद थे।

## होली के मौके पर हास्य व्यंग कवि सम्मेलन का आयोजन



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को सोतोकान कराटे फेडरेशन ऑफ़ इंडिया द टेंपल ऑफ़ वॉरियर्स गोड़यारी बाग रामगढ़ के प्रांगण में होली के शुभ अवसर पर हास्य व्यंग्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गयाद्य इसमें रामगढ़ जिले के कोने-कोने से काफी संख्या में कई समाजसेवी साहित्यकार और कभी पहुंचे और होली के साथ-साथ सभी लोगों ने एक से बढ़कर एक गीत संगीत. हंसगुल्ले. हास्य व्यंग्य काव्य पाठ प्रस्तुत कर एक दूसरे के दिल को मोह लिया। सबों ने एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीद्य साथ ही साथ सूखी होली खेलने का संकल्प लिया। आए हुए तमाम अतिथियों को होली के रंग में रंग गया मुख्य अतिथि समाजसेवी विजय मेवाड़ महामूर्खाधीरज संस्कृत के विद्वान प्राचार्य डॉ सुनील कुमार कश्यप मूर्ख अध्यक्ष गणेश पांडेय मुर्ख मंत्री पुष्पा पांडेय मूर्ख राजा शशि कुमार पांडेय मूर्ख कवि राहुल पांडेय महामूर्ख राजा मुर्ख कृतिका चोपड़ा मुर्ख प्रजा स्मृति भारद्वाज दीपक चौहान देवेंद्र कुमार और विनय कुमार को बनाया गया। इस अवसर पर डॉक्टर सुनील कुमार कश्यप ने सभी को होली की शुभकामना देते हुए कहा कि हम सभी को पर्यावरण में हो रहे बदलाव को देखते ही सूखी होली और प्राकृतिक होली बच्चो को केमिकल युक्त रंगों से नहीं खेलने की सलाह दीद्य होली के अवसर पर हम सभी लोग एक दूसरे को केमिकल युक्त रंग लगाते हैंद्य जिससे उनका सेहत पर असर होता है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका ईशा उमंग कश्यप चंद्र प्रकाश उपाध्याय राहुल पांडे दीपांकर चौहान देवेंद्र कुमार सौरभ अग्रवाल प्रियांशी सिंह निधि सिंह पायल धार पीयूष राणा चांदनी कुमारी स्मृति भारद्वाज शुभम कुमार आदित्य सिंह बंटी कुमार लाली कुमार प्रीति गोस्वामी सिद्धार्थ कुमार देव कुमार रंजीत कुमार तेजवीर सलोनी कुमारी माही कुमारी निमरत कौर आर्य अग्रवाल रुद्रांश ओंकार आदि ने पर चढ़कर हिस्सा लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया।

## होली पर्व के मद्देनजर खाद्य प्रतिष्ठानों में चलाया गया जांच अभियान

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी होली पर्व के मद्देनजर शनिवार को मिलावटी खाद्य पदार्थों के विरुद्ध अभिहित अधिकारी सह अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी ए के रामा के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा प्राधिकारी दीप एवं अन्य सदस्यों तथा राज्य खाद्य सुरक्षा टीम से फूड एनालिस्ट चतुर्भुज मीणा के साथ केमिस्ट विनीता कुमारी एवं नेहा कबीर द्वारा रामगढ़ शहर अंतर्गत बाजार समिति स्थित सुशीला ट्रेडर्स, लक्ष्मी ट्रेडर्स, पूजा गल्ला भंडार, चट्टी बाजार स्थित राज रसोई, शालीमार स्वीट्स, चौपाटी आदि मिठाई दुकानों/ प्रतिष्ठानों मैं खाद्य पदार्थों की जांच की गई वहीं प्रतिष्ठानों से सैंपल भी इकट्ठा किए गए। मौके पर अभिहित अधिकारी सह अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी एवं खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी के द्वारा लोगों से पर्व के दौरान मिलावटी खाद्य पदार्थों से सावधान रहने, किसी भी पदार्थ को खरीदने के दौरान एक्सपायरी डेट आदि एवं विभिन्न तरीकों से खाद्य पदार्थों की पहचान को लेकर आवश्यक जानकारियां दी गई ।

# होली पर्व के मद्देनजर उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** होली पर्व के मद्देनजर शनिवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक डॉक्टर बिमल कुमार की उपस्थिति में टाउन हॉल रामगढ़ में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा सभी को रमजान एवं आगामी होली पर्व की शुभकामनाएं दी गई मौके पर उपायुक्त ने सभी से कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की अधिसूचना जारी किए जाने के उपरांत से आदर्श आचार संहिता प्रभावी है इसलिए पर्व के दौरान भी इस बात का पूरा ध्यान रखा जाना बेहद जरूरी है कि पर्व के दौरान आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों का किसी भी तरह से कोई उल्लंघन ना हो। उपायुक्त ने सभी से आपसी सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील की। उपायुक्त ने कहा कि अगर पर्व के दौरान किसी भी क्षेत्र में कोई भी अफवाह सामने आती है अथवा सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने संबंधित कोई मामला सामने आता है तो इसकी जानकारी त्वरित रूप से जिला नियंत्रण कक्ष की दूरभाष संख्या 06553 222005 पर दी जाए वही उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन रामगढ़ शांतिपूर्ण तरीके से पर्व संपन्न कराने को लेकर पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर संयुक्त जिला आदेश के माध्यम से जिला प्रशासन द्वारा जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में प्रतिनियुक्त किए गए दंडाधिकारियों एवं पुलिस बल के जवानों को अपने क्षेत्र में हर गतिविधि पर पैनी नजर रखने एवं शांतिपूर्ण तरीके से पर संपन्न कराने को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि अगर असामाजिक तत्वों द्वारा पर्व के दौरान माहौल खराब करने की कोशिश की जाएगी तो उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी वहीं उन्होंने शांति समिति के सदस्यों से अपने-अपने क्षेत्र में हर गतिविधि पर नजर रखने एवं कोई भी मामला सामने आने पर त्वरित इसकी जानकारी जिला प्रशासन को देने की अपील की। वहीं पुलिस अधीक्षक के द्वारा पर्व के दौरान वाहन जांच अभियान अथवा नशे की हालत में वाहन चलाने वाले पर किए जाने वाले कार्रवाई को लेकर भी सभी को जानकारी दी गई। बैठक के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार के द्वारा शांति समिति के सदस्यों को लोकसभा आम निर्वाचन के मद्देनजर प्रभावी आदर्श आचार संहिता, धारा 144 के विभिन्न प्रावधानों आदि की जानकारी दी गई वहीं उनके द्वारा शांतिपूर्ण तरीके से पर्व संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन द्वारा की गई तैयारियों की भी जानकारी दी गई वहीं उन्होंने बताया की रात्रि 10ः00 बजे से प्रातः 06ः00 बजे तक डीजे के प्रयोग पर पूर्णतः प्रतिबंध है एवं इस दौरान किसी भी तरह की अवमानना होने पर संबंधित पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## कोयलांचल गिद्दी, रेलीगढ़ा, समेत अरगड्डा क्षेत्र में होली का खुमार छाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** कोयलांचल अरगड्डा क्षेत्र के गिद्दी, रेलीगढ़ा, गिद्दी सी, डाड़ी, सिरका- अरगड्डा के इलाकों में होली का रंग धीरे-धीरे सबो में चढ़ने लगा है, चौक चौराहा के दुकान सजधज कर तैयार हैं, लोग अपनी जरूरत के मुताबिक पकवान के लिए खरीदारी भी कर रहे हैं, होली खेलने के लिए एक से बढ़कर एक मुखौटे, पिचकारी, अबीर गुलाल की भी दुकानों में उपलब्ध है, पूजन पाठन के लिए फल- फूल, मिष्ठान की भी खरीदारी लोग कर रहे हैं, दुकानदार बताते हैं कि हम लोगों को भी प्रत्येक वर्ष होली के बाजार का इंतजार रहता है, संध्या के बाद होलिका दहन और दूसरे दिन सोमवार को लोग अपने गली, मोहल्ले, ग्रामीण क्षेत्रों में रंगो को लगाने अबीर गुलाल उड़ाते हुए होली पर्व को सौहार्द के साथ मनाने का कार्य करेंगे, पूर्व से ही सीसीएल कर्मचारी, शिक्षण संस्थाओं, आम लोगों ने एक दूसरे को अबीर, गुलाल लगाकर होली मिलन समारोह में शुभकामनाएं भी दी है, लोग अपने परिजनों के साथ होली उत्सापूर्वक मनाने की तैयारी में लगे हुए हैं।

## कांग्रेस देश की घोटालेबाज पार्टी है : प्रदेश प्रवक्ता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता की अध्यक्षता में रविवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार मौजूद थे। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस देश की घोटालेबाज पार्टी है। जो घोटाला पकड़े जाने पर केंद्र सरकार, भाजपा आयकर विभाग को कटघरे में खड़ा कर बच निकलने का प्रयास कर रही है। लेकिन जब अदालत में तथ्य पेश करने का अवसर आता है तो कांग्रेस पार्टी वहां अपना बचाव नही कर पाती है। प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि आयकर विभाग द्वारा डिफॉल्टर होने पर कांग्रेस की बकाया टैक्स राशि 115 करोड़ के प्रयोग पर रोक लगायी है। बैंक एकाउंट फ्रीज नही किया है। कहा कि आयकर मामले में कांग्रेस द्वारा खाता फ्रीज होने की तुलना लोकतंत्र की हत्या से करना देश का अपमान है। प्रदेश प्रवक्ता श्री कुमार ने कहा कि कांग्रेस द्वारा 1 लाख 80 हजार करोड़ का कोयला घोटाला, 1 लाख 76 हजार करोड़ का 2जी स्पेक्ट्रम घोटाला, 3600 करोड़ का हेलीकॉप्टर घोटाला, 70 हजार करोड़ का कॉम्नवेल्थ गेम्स घोटाला, 5 हजार करोड़ का नेशनल हेरॉल्ड घोटाला किया है। कहा कि राहुल गांधी खुद चार्टर प्लेन में घूम रहे हैं और कह रहे हैं कि कांग्रेस के पास ट्रेन में आने जाने का भी पैस नही है। प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि सभी प्रावधानों की जानकारी के बाद भी कांग्रेस ने 14 लाख नगद चंदा लिया और 105 करोड को टैक्स बकाया होने के बावजूद 2.5 करोड़ रूपए ही जमा कराया। प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस द्वारा उस समय प्रेस वार्ता नही किया गया कि हमारे साथ अन्याय हो रहा है। प्रेस वार्ता में जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, पूर्व प्रत्याशी सह लोकसभा के सहसंयोजक रंणजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी, भाजपा नेता विजय जायसवाल, जिला मीडिया प्रभारी भीमसेन चौहान, जिला आईटी सेल संयोजक प्रवीण कुमार सोनू उपस्थित थे।

## रजरप्पा पुलिस ने चितरपुर मुख्य मार्ग पर निकाला फ्लैग मार्च, प्रेमभाव और सद्भावना से होली मनाने की अपील की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** होली त्योहार को लेकर रजरप्पा पुलिस द्वारा प्रखंड क्षेत्र में विधि व्यवस्था ठीक रखने एवं शांतिपूर्ण व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा सड़कों पर फ्लैग मार्च किया गया होली पूर्व संध्या पर पुलिस बल के द्वारा रजरप्पा थाना क्षेत्र के रजरप्पा मोड़ से लेकर चितरपुर तक फ्लैग मार्च निकाला,फ्लैक मार्च के दौरान लोगों को अगाह करते पूरे क्षेत्र में होली को लेकर शांति और सद्भावना से रंगों का त्यौहार होली मनाने की अपील किया। होली का त्योहार आकर्षक और रंग बिरंगी रंगों का त्योहार है। यह त्योहार है जो हर धर्म, संप्रदाय,जाति के बंधन की रिश्ता को प्रगाढ़ करता है आपसी भाईचारगी का संदेश देता है। होली त्यौहार में आपसे प्रेम भाव बनाकर पुराने गिले-शिकवे भूल भूल जाते और एक दूसरे से गले मिलते हैं तथा एक दूजे को रंग अबीर गुलाल लगाते हैं तथा बधाइयां दी जाती है एक दूसरे से गले मिलते हैं और प्रेम और सद्भावना के साथ शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाए। रंगों के त्यौहार में अफवा फैलाने और हुड़दंगियो पर पैनी नजर रखी जायेगी। 10ः00 डीजे साउंड बजाने पर लगाया प्रतिबंध साउंड बजाने वाले को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया इस मौके पर चितरपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी ज्ञानमनी एकता रजरप्पा इंस्पेक्टर नवीन प्रकाश पांडेय एएसआई रंजीत कुमार महतो, निरंजन कुमार सिंह सहित भारी संख्या में पुलिस जवान मौजूद थे

## अनुसूचित जाति उत्थान परिषद ने होली मिलन समारोह का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** अनुसूचित जाति उत्थान परिषद के बैनर तले थाना चौक स्थित अंबेडकर पार्क में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिस का अध्यक्षता अनुसूचीत जाति उत्थान परिषद के जिला सचिव उत्तम पासवान ने किया। जिसमें अनुसूचित जाति उत्थान परिषद के सभी पदाधिकारी शामिल हुए। जिला सचिव उत्तम पासवान ने कहा कि होली का त्योहार पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है पर इस बार आचार संहिता लागू है उसको देखते हुए इस बार का होली त्योहार मनाए और आपसी भाईचारा को बरकरार रखते हुए ही त्योहार मनाए।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से लखेन्द्र पासवान,नवनीत राम, अनमोल सिंह, छोटेलाल राम,जुगेश नायक,अजय पासवान, बबलू राम, मनोज प्रसाद, संतोष पासवान, रंजीत राम,धीरज राम,गुलचन्द राम,तुलेश पासवान, नगर अध्यक्ष अविनाश राम नगर सचिव किशोर रजक, रामगढ़ प्रखंड अध्यक्ष पप्पू राम,भोला राम, बिट्टू पासवान,मधू राम, दिलीप नायक, सागर नायक, सुनील नायक,जिम्मी राम,प्रदीप नायक, पप्पू पासवान,बलराम यादव, आदि लोग उपस्थित हुए।

## रामगढ़ में विभिन्न थाना और ओपी क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** पुलिस अधीक्षक रामगढ़ डॉश्र बिमल कुमार के निर्देश पर रामगढ़ जिला के विभिन्न थाना/ ओ0पी0 क्षेत्र अन्तर्गत फ्लैग मार्च का आयोजन किया गया । साथ ही अपराध पर लगाम लगाने, होली पर्व के अवसर पर शहर के अंदर हुड़दंग करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने को लेकर एवं होली पर्व के अवसर पर आम जनता से शांति, आपसी भाईचारा एवं धार्मिक सौहार्द के साथ होली पर्व मनाने की अपील की गयी। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक डॉ बिमल कुमार ने आम लोगों के एक संदेश जारी कर बताया कि रामगढ़ पुलिस 24 धंटे आपकी सुरक्षा एवं सेवा के लिए सदैव तत्पर रहेगी रामगढ़ के सभी भी असामाजिक तत्वों के विशेष निगरानी रखी गई है किसी भी प्रकार के सूचना रामगढ़ पुलिस नियंत्रण कक्ष के मोबाइल नंबर 9262998529 या डायल 100 पर संपर्क स्थापित कर उपलब्ध कारये। पुलिस के द्वारा आपकी पहचान गुप्त रखी जाएगी।

## अरगड्डा-सिरका में रामगढ़ प्रशासन ने किया फ्लैग मार्च



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** प्रशासन रामगढ़ के एसडीओ, सीडीपीओ, थाना प्रभारी रामगढ़ के नेतृत्व में रविवार संध्या जवानों ने फ्लैग मार्च किया। हेसला, अरगड्डा, सिरका के सड़कों पर घूमते हुए प्रशासनिक पदाधिकारी ने आम लोगों से होली व ईद को लेकर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील किया। साथ ही अरगड्डा रोलर चौक व अन्य शराब दुकानों को भी इंटरेक्शन दिया। प्रशासन के अधिकारियों ने सभी लोगों से कहा कि किसी भी प्रकार की परेशानी होती है, तो तुरंत संपर्क करे, कंट्रोल रूम के माध्यम से क्षेत्र की निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है, होली में हुडदंगियों पर पैनी नजर प्रशासन की होगी, किसी भी प्रकार की उपद्रव होने पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी, लोग प्रशासन के साथ परस्पर संपर्क बनाते हुए त्योहारो को परिपूर्ण बनाने में सहयोग करें। इधर प्रशासनिक पदाधिकारियो के साथ बड़ी संख्या में पुलिस बल और अन्य फोर्स के जवान शामिल थे।

## रामगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा मांडू विधायक के रामगढ़ आगमन पर भव्य स्वागत किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** हजारीबाग लोकसभा में मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल का कांग्रेस पार्टी में शामिल होने के उपरांत रामगढ़ आगमन होने पर रामगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान रामगढ़ विधानसभा की पुर्व विधायक ममता देवी एवं पार्टी के तामाम पदाधिकारियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। साथ ही सर्वपर्थम पटेल चौक स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल के प्रतिमा सुभाष चंद्र बोस महात्मा गांधी डॉ भीमराव अम्बेडकर छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया साथी पार्टी के तमाम पदाधिकारी में खुशी का माहौल बना रहा । इस मौके पर बजरंग महतो बलजीत सिंह बेदी शांतनु मिश्रा आसिफ इकबाल मोहम्मद सलीम जे के अग्रवाल दिनेश मुंडा मुकेश यादव कमलेश आदि उपस्थित थे।

## चित्रांश महापरिवार गोला द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया होली मिलन समारोह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** बक्शी टोला स्थित चित्रगुप्त मंदिर में रविवार को चित्रांश महापरिवार के द्वारा धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ होली मिलन समारोह मनाया गया। सभी चित्रांश बन्धुओं ने इस मिलन समारोह में गर्मजोशी के साथ बढ़चढ़कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। सर्वप्रथम चित्रांश बन्धुओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर बधाई दी तथा छोटे अपनो से बड़े बुजुर्गो को गुलाल लगाकर उनसें आशीर्वाद लिया। चित्रांश समाज के सचिव रविंद्र कुमार सिन्हा ने सभी चित्रांश बन्धुओं से आग्रह किया कि समाज के सभी लोग शान्ति पूर्ण तरीक़े से हर्षोल्लास के साथ होली के त्यौहार को मनायें। मौके पर अनुज कुमार सिन्हा, बिपिन बिहारी प्रसाद, आधार कुमार, प्रदीप कुमार सिन्हा, अनिल कुमार सिन्हा, धिरेन्द्रनारायण बक्शी, ज्योति कुमार सिन्हा, कुँवर कुमार बक्शी, प्रदीप चन्द्र लाला, संजय बक्शी, संजय कुमार सिन्हा, सुजीत सिन्हा, अनुप कुमार सिन्हा, रजनीश आनंद, अमित कुमार, महेन्द्र वर्मा, संदीप बक्शी, सुदीप बक्शी, आनंद बक्शी, जीवन बक्शी, रितेश सिन्हा, प्रवीण बक्शी, अंशु सिन्हा सहित चित्रांश महापरिवार के कई लोग उपस्थित थे।

## पुलीस ने गोला में किया फ्लैक मार्च शांति और सद्भावना के साथ मनाए होली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** होली के मद्देनजर प्रखंड क्षेत्र में शांतिपूर्ण व्यवस्था बनाए रखने के लिए गोला थाना प्रभारी हरिपद टुडु और पुलिस निरीक्षक की उपस्थिति में होली के पूर्व संध्या में थाना के सभी जवानों ने फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च मेन रोड होते हुए गोला के विभिन्न चौक चौराहों में की गयी। फ्लैक मार्च के दौरान लोगों को आगाह करते हुए कहा कि शांति और सद्भाव के साथ होली मनावे। होली का त्योहार रंगों का है। यह एक ऐसा त्योहार है जो हर धर्म, संप्रदाय, जाति के बंधन की सीमा से परे जाकर लोगों को भाई-चारे का संदेश देता है। इस दिन सारे लोग अपने पुराने गिले-शिकवे भूल कर गले मिलते हैं और एक दूजे को गुलाल लगाते हैं। प्रेम और सद्भावना के साथ शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाए। इस रंगों के त्योहार में अफवा फैलाने और हुड़दंगियो पर पैनी नजर रखी जायेगी। इधर बरलंगा थाना प्रभारी अनंत कुमार सिंह के नेतृत्व में जवानों के साथ क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया।

## स्वीप कोषांग अंतर्गत मतदाता जागरूकता के तहत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार लोकसभा आम चुनाव 2024 में स्वीप कोषांग के तहत मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत दिनांक 24 मार्च 2024 को जिला के विभिन्न प्रखंडों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत तोपचांची में मतदान जागरुकता कार्यक्रम के तहत बीडीओ एवं सीओ के नेतृत्व में रैली का आयोजन किया गया। जिसमे कार्यालय के कर्मियों ने चुनाव से संबंधित नारे, बैनर, पोस्टर के साथ लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया।वहीं झरिया में स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला आइकॉन श्वेता किन्नर और उनके साथियों द्वारा लोगों से मतदान के दिन अपने-अपने मत का प्रयोग करने की अपील की गई। साथ ही कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय तोपचांची में छात्राओं द्वारा रैली निकाल कर लोगो को जागरूक किया गया। वही विभिन्न स्थानों पर चुनाव से संबंधित रंगोली बनाकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया।

## गोल्फ ग्राउंड में मॉर्निंग वॉक के दौरान चलाया गया मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को गोल्फ ग्राउंड में लोकतंत्र को मजबूत बनाने, क्षेत्र मे शत प्रतिशत मतदाताओ के द्वारा मतदान सुनिश्चित करने एवं समाज को अधिक से अधिक मतदान के लिए उत्साहित करने हेतु स्वीप कोषांग द्वारा मॉर्निंग वॉक में आए लोगों को जागरूक करने के लिए मतदाता हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।इस दौरान गोल्फ ग्राउंड में मॉर्निंग वॉक करने आए लोगों द्वारा हस्ताक्षर पट्ट पर हस्ताक्षर कर किया। साथ ही मतदान के प्रति लोगों जागरूक करने हेतु स्वीप कोषांग द्वारा लगाए गए सेल्फी स्टैंड में सभी ने सेल्फी भी ली।साथ ही कोयला नगर में मॉर्निंग वॉक के लिए निकले लोगों के बीच स्वीप कोषांग के पदाधिकारी के मतदान के प्रति जागरूक किया एवं सभी लोगों को वोटर हेल्पलाइन ऐप डाउनलोड कराया कर ऐप की जानकारी दी गई। इसके अलावे स्वीप कोषांग द्वारा अलग अलग चौक-चौराहों पर लगे चाय स्टॉल में आए लोगों के साथ चाय पर चर्चा कर मतदान की महत्वता से अवगत कराया गया। साथ ही 25 मई के दिन घरों से निकलकर मतदान हेतु प्रेरित किया गया।इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोकसभा चुनाव के दौरान मतदाताओ को जागरूक करना है।

## गिरिडीह लोकसभा से मथुरा प्रसाद महतो को झामुमो उम्मीदवार बनाए जाने से टुंडी के लोगों में अपार हर्ष

**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झामुमो द्वारा टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो को गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाए जाने से टुंडी के लोगों में अपार खुशी देखी जा रही है। बताया जाता है कि टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो की लोकप्रियता को देखते हुए आलाकमान ने इनपर भरोसा जताया है। अपने विधानसभा क्षेत्रों में लगातार देखें जाने वालों में से पूरे झारखंड में इकलौता विधायक हैं जहां आज़ से तीस वर्षों में विकास की किरणें नहीं पहुंच पाई थी वहां इन्होंने मात्र चंद महीनों में सड़कों एवं पुलियों का कार्य प्रारंभ करना



दिया है जिससे टुंडी के मतदाताओं में इनके प्रति विश्वास जगा है अब टुंडी की जनता इनकी उम्मीदवारी पर काफी खुश नज़र आ रहे हैं एवं काम देखकर दाम देने की बातें कह रहे हैं। जब से इनके नाम पर झामुमो ने मुहर लगाई है तब से पूरे गिरिडीह लोकसभा क्षेत्रों के लोगों से मिलना प्रारंभ कर दिया है। इनकी उम्मीदवारी पर टुंडी के पूर्व मुखिया रामेश्वर बास्की, गिरिलाल किस्कू, कामेश्वर सिंह, अजीत मिश्रा, तपन मंडल, रामचंद्र मुर्मू, इन्द्रलाल बास्की, रविलाल किस्कू, फूलचंद किस्कू, संतूलाल किस्कू समेत सभी कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर किया है।

## टुंडी थाना प्रभारी के नेतृत्व में अवैध शराब संचालकों के खिलाफ हुई छापेमारी

**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टुंडी थाना प्रभारी असीम कमल टोपनो के नेतृत्व में आज रविवार को टुंडी के नेटवारी एवं बसहा गांव में अवैध शराब संचालकों के खिलाफ अभियान चलाया गया जिसमें करीब दस लीटर शराब बरामद किया गया। बताया जाता है कि होली



को देखते हुड़दंगियों के खिलाफ यह अभियान चलाया जा रहा है ताकि कहीं कोई अप्रिय घटना न घटें और लोग शांति पूर्ण माहौल में रंगों का त्योहार होली को मना सकें। मौके पर सभी पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

## जमुआ चौक के पास वाहन चेकिंग के दौरान टेम्पु से भारी मात्रा में शराब जब्त

**जमुआ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जमुआ चौक के पास इलेक्शन व होली त्योहार को लेकर जमुआ थाना पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें वरिय पुलिस अधीक्षक व एफ. एस. टी टिम को गुप्त सूचना मिली की एक टेम्पु से पचम्बा जमुआ रोड़ होते हुए कोडरमा के रास्ते बिहार में शराब तस्कर



किया जाना है, इस गुप्त सूचना मिलते ही जमुआ पुलिस त्तयपर्ता दिखाते हुए जांच अभियान और तेज कर दिया इसी मौके पर पचम्बा तरफ से आ रही एक टेम्पु के चालक ने पुलिस को देखकर टेम्पु को तेजी से भगाने लगा तो पुलिस ने टेम्पु को खदेड़ कर पुलिस ने पकड़ लिया, गाड़ी संख्या छ्वा10ड्ढ6509 है, पता चला है कि टेम्पु दिनेश साव का है जो पचम्बा के निवासी हैं, टेम्पु में 9? कार्टून रॉयल स्टेग, 180 रू का 335 पिस एवं 750 रू का 44 पिस शराब बरामद किया गया उसके उपरांत 73/2024 के धारा 269/270/272/273 के तहत उत्पाद अधिनियम केस दर्ज कर लिया गया है और उसे थाना ले गया, इस अभियान में 6 पुलिस ने मिलकर पकड़ा है।

# उपायुक्त ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए बीएलओ के साथ की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में आज न्यू टाउन हॉल में धनबाद विधानसभा के बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) के साथ बैठक आयोजित की गई।बैठक में बीएलओ व बीएलओ सुपरवाइजर को मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण व आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।बीएलओ को वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड करने, एप में मतदाताओं का नाम चेक करने के तरीके के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया।वहीं जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी बीएलओ अपने संबंधित बूथ का डाटा अपने पास रखें। इसमें पर्दानशीन बूथ, 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं की सूची, पर्सन विद डिसेबिलिटी (पीडब्ल्यूडी) वोटर की सूची, महिला, पुरुष व ट्रांसजेंडर मतदाता की संख्या, पिछले चुनाव का मतदान प्रतिशत सहित बूथ से संबंधित हर जानकारी उनके पास होनी चाहिए। उन्होंने बूथ




अवेयरनेस ग्रुप का गठन करने का निर्देश सभी बीएलओ को दिया। सभी बीएलओ को फॉर्म 6 का 25 अप्रैल तक निष्पादन करने तथा 15 मार्च 2024 से पहले प्राप्त फॉर्म 7 एवं 8 का निष्पादन जारी रखने तथा किसी समस्या के समाधान के लिए उच्च अधिकारियों से संपर्क करने का निर्देश दिया गया।जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि धनबाद एवं झरिया विधानसभा में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहे है। इस संबंध में बीएलओ व सुपरवाइजर को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वहीं स्वीप कोषांग भी मतदाताओं को जागरूक करने के लिए लगातार विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर रहा है। शीघ्र जिला प्रशासन द्वारा बूथ लेवल पर स्वीप गतिविधियां आयोजित की जाएगी। साथ ही जिला प्रशासन द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए वृहद कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने युवा मतदाता एवं फर्स्ट टाइम वोटर्स को मतदान के दिन अपने घरों से बाहर निकलकर मतदान करने एवं एक मजबूत लोकतंत्र के गठन में अपना बहुमूल्य योगदान देने का अनुरोध किया।बैठक में उपायुक्त माधवी मिश्रा, नगर आयुक्त श्री रवि राज शर्मा, धनबाद विधानसभा के एआरओ सह अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, एईआरओ सह अंचल अधिकारी धनबाद शशिकांत सिंकर, उप निर्वाचन पदाधिकारी कालीदास मुंडा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला सहित सभी बूथ के बीएलओ, सुपरवाइजर मौजूद थे।

# राजपूत अधिवक्ता क्षत्रिय परिवार का होली मिलन संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** रतन विहार होटल में राजपूत अधिवक्ता क्षत्रिय परिवार की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें क्षत्रिय परिवार के लगभग 100 से ज्यादा अधिवक्ताओं ने भाग लिया तथा होली मिलन समारोह को सफल बनाने में अहम योगदान दिया। होली मिलन में मुख्य रूप से वरिष्ठ अधिवक्ता ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा की होली में एक दूसरे से मिलकर अबीर गुलाल लगा कर प्रेम और भाईचारे का संदेश हम लोगों ने दिया है। यह पर्व बुराई पर अच्छाई की भी जीत के रूप में मनाया जाता है। होली मिलन समारोह के बाद लजीज पकवान का भी सभी ने आनंद उठाया। मौके पर बृजेंद्र प्रसाद सिंह, प्रशांत कुमार सिंह, कुबेर सिंह, जय मंगल सिंह, पिंटू सिंह, संतोष सिंह, धीरेंद्र सिंह, ब्रह्मदेव सिंह, चंदन सिंह, दिग्विजय सिंह, धनंजय सिंह, पंचानन सिंह, मनोज सिंह, सुधीर सिंह सहित सैकड़ो अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# हर ज़रूरतमंद व्यक्ति को पेंशन योजना का लाभ दिलाना मेरा कर्तव्य : शमीम अख्तर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** वार्ड संख्या - 19 के पार्षद पद के उम्मीदवार सह समाजसेवी शमीम अख्तर ने कलाली बगान स्थित अपने कार्यालय मे पेंशन योजना का लाभ दिलाने हेतु कई लोगों का आवेदन लिया। शमीम अख्तर ने बताया की जिस महिला की उम्र 50 वर्ष या उससे अधिक हो तथा जिस पुरुष की उम्र 60 वर्ष या उससे अधिक हो, उसे सरकार पेंशन दे रही है। किन्तु संसाधन एवं जानकारी के अभाव मे लोग इस योजना का लाभ लेने से वंचित रह जा रहें हैं। इसलिये आज उन्होने कई लोगों का



आवेदन जमा लिया है ताकि इन सभी को बगैर किसी कठिनाई के पेंशन का लाभ दिलाया जा सके। उन्होने कहा की हर ज़रूरतमंद व्यक्ति को पेंशन योजना का लाभ दिलाना मेरा परम कर्तव्य है। मौके पर सरफ़राज गद्दी, मोहम्मद एख्लाक आदि मौजुद थे।

# कांग्रेस पार्टी का एकाउंट फ्रिज करना, हिन्दुस्तान के लोकतंत्र को फ्रिज करने के समान : राशिद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिस तरह से सत्ता का दुरुपयोग कर रहे हैं इसे यह प्रतीक होता है कि अब इस देश में ना संविधान है ना कोई लोकतंत्र बचा है। भाजपा 2024 में आम चुनाव कैसे जीते, इसके लिए सारे कानून और संविधान को ताक पर रखकर विपक्ष दलों पर वार कर रही है। कांग्रेस पार्टी का अकाउंट फ्रीज करने से यह प्रतीक होता है कि नरेंद्र मोदी काफी डरे और सहमे हुए हैं कि 2024 कहीं सत्ता हाथ से निकल नहीं जाए। लोगों मे उनके प्रति बहुत उबाल है। इस बात को लेकर नरेंद्र मोदी पेट्रोल, डीजल, गैस आदि, हर चीज का



मूल्य चुनाव के समय में ही क्यों कम करते हैं, यह जनता जान चुकी है। इन्हीं सब बातों को लेकर भाजपा काफी घबराई हुई है। इसी डर से कांग्रेस पार्टी का अकाउंट फ्रीज कर दिया गया। लेकिन हम कांग्रेसी कहना चाहते हैं की आप अकाउंट फ्रीज कर दो या कोई भी पाबंदी लगा दो, लेकिन हम कांग्रेसी रुकने वाले नहीं है। यहां की जनता आपकी क्रिया कलाप जान चुकी है की आप आपस में लड़वा कर के किस तरह से लोगों को दिग्भ्रमित कर रहें हैं। इन सब बातों को लेकर आपने कांग्रेस पार्टी का अकाउंट फ्रीज किया है। मेरा मानना है की यह गैरकानूनी और संविधान के विरुद्ध है। उक्त सारी बातें धनबाद ज़िला कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी ने कही।

## ख्वाजा गरीब नवाज फाउंडेशन की मासिक बैठक सम्पन्न




प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** रविवार को ख्वाजा गरीब नवाज फाउण्डेशन केन्दुआ में एक अहम बैठक रखी गई। हर साल की तरह इस साल भी सामुहिक विवाह के तारीख 24/11/2024 तय की गई है। जिसका मुख्य बिंदु है, सामूहिक निकाह के लिए ऑफिस में संपर्क करना है और फॉर्म लेके रजिस्ट्रेशन कराना है। इसमें प्राथमिकता धनबाद जिला निवासी को दी जाएगी और उसके एलावा झारखंड के किसी भी क्षेत्र के हो सकते हैं। इस विवाह में किसी भी धर्म के लोग विवाह करवाने के लिए राबता कायम कर सकते हैं। बैठक की अध्यक्षता संस्था के सचिव आबिद रजा फैजी ने की।

# विभिन्न कार्यालयों में वोटर अवेयरनेस फोरम की बैठक सम्पन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार विभिन्न प्रखंड कार्यालयों, सीडीपीओ कार्यालयों में वोटर अवेयरनेस फोरम की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में लोकसभा सभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए व्यापक मतदाता जागरूकता अभियान से संबंधित गतिविधियों और उनके कार्ययोजना पर चर्चा की गई व आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में जानकारी देते हुए संबंधित पदाधिकारी ने अपने-अपने क्षेत्र के सभी विभागों के कार्यालय अध्यक्षों को वोटर अवेयरनेस फोरम के अंतर्गत नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाना है। वोटर अवेयरनेस फोरम का मुख्य कार्य होने वाली लोकसभा चुनाव के बारे में अपने सभी कर्मचारी को सही जानकारी उपलब्ध कराना है एवं आने वाले इलेक्शन में वोट देने के लिए प्रेरित करेंगे। क्षेत्र के सभी सरकारी, गैर सरकारी संस्थानों में वोटर अवेयरनेस फोरम का गठन किया जाना है। वोटर अवेयरनेस फोरम के अध्यक्ष संस्था के हेड होंगे और उन्ही के द्वारा एक नोडल पर्सन नियुक्त किया जायेगा।सभी बैंकों, कोचिंग सेंटरों, सरकारी कार्यालयों व प्रतिष्ठानों, गैर सरकारी संगठनों, पब्लिक सेक्टर ऑर्गेनाइजेशन में निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन के तहत वोटर अवेयरनेस फोरम का गठन करना सुनिश्चित किया जाए। सभी नोडल अधिकारी अपने कार्यालय के सभी कर्मचारियों को वोटर आईडी बनवाने के लिए प्रेरित करेंगे। अगर किसी कर्मचारी का वोटर लिस्ट में नाम नही है तो वो फार्म 6 भर सकते हैं। सभी लोग वोटर हेल्पलाईन एप्प डाउनलोड करेंगे एवं सभी कर्मचारी को भी एप्प को डाउनलोड करने के लिए कहेंगे। बैठक में स्वीप कोषांग के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी चुनाव में अधिक से अधिक लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करना है। इसके लिए स्वीप कोषांग द्वारा व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे स्वीप कोषांग के कार्यों में अपनी क्षमता से बढ़कर कार्य करें। उन्होंने इलेक्टोरल लिट्रेसी कल्ब की सक्रियता बढ़ाते हुए स्कूल, कॉलेज में स्वीप के तहत वृहद कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया। जिसके जरिए अधिक से अधिक नए मतदाताओं और भावी मतदाताओं में मतदान को लेकर जागरूकता लाई जाए।बैठक में मतदाता जागरूकता अभियान में गति प्रदान किया जाए, मैराथन, हस्ताक्षर अभियान, मतदाता शपथ, सोशल मीडिया कैंपेन, पेंटिंग प्रतियोगिता समेत अन्य मतदाता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन करते हुए मतदाताओं को जागरूक करने का निर्देश दिया गया।

# बरहमसिया पंचायत के ग्राम झांझ में बन रहे चेकडैम में बरती जा रही है भारी गड़बड़ी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिरनी :** प्रखण्ड क्षेत्र के बरहमसिया पंचायत के ग्राम झांझ टोला सरैयाटांड़ नाला में बन रहे चेकडैम में अनियमितता की जानकारी मिलने पर कार्यस्थल पर पहुंचे विभाग के एसडीओ चितरंजन प्रसाद सिंह एवं जेइ कामेश्वर सिन्हा ने बारीकी से जांच किया , जिसमें संवेदक की भारी लापरवाही सामने आई। आपको बता दें कि संवेदक के द्वारा फ़ॉउंडेशन वॉल में लगने वाले पत्थर के ऊपर नाम मात्र का सीमेंट डाला जा रहा है, इतना हीं नहीं काले पत्थर के जगह पर सफेद पत्थरों का प्रयोग किया जा रहा है। इस बीच एसडीओ श्री सिंह ने संवेदक द्वारा लगाए जा रहे पत्थर एवं सफेद गिट्टी



को प्रयोग नहीं करने का निर्देश दिया। कहा कि संवेदक ने जो पत्थर लाया है वह मजबूत नहीं है। आगे से कला पत्थर का प्रयोग किया जाए। वहीं ग्रामीण अशोक वर्मा, पंकज वर्मा, प्रमोद वर्मा, संदीप वर्मा एवं बासुदेव महतो ने एसडीओ और जेइ से शिकायत किया कि संवेदक ने फ़ॉउंडेशन में स्टीमेट के अनुरूप गहराई नहीं की गई है। संवेदक ने फ़ॉउंडेशन की गहराई 4.5 फीट के स्थान पर 3 फीट ही किया।

# मादक पदार्थ के साथ दो धंधेबाज को बगोदर पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बगोदर / गिरिडीह :** बगोदर पुलिस ने शनिवार को मादक पदार्थ बिक्री को लेकर दो धंधेबाज को गिरफ्तार कर गिरिडीह जेल भेज दिया है । बगोदर पुलिस ने बताया कि गुप्त सुचना पर बगोदर सरिया एसडीपीओ धनंजय कुमार राम के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने बगोदर बाजार स्थित हनुमान मंदिर के समीप से एक गुमटी में छापेमारी कर लगभग 410 ग्राम गांजा बरामद किया है जबकि हरिहर धाम रोड के समीप एक ओर गुमंटी में छापेमारी कर 90 ग्राम गांजे को बरामद किया गया ।जो छोटे छोटे पुडिया में भरा गया था साथ हीं चिल्लम भी बरामद किया गया है ।



ओर ओर गांजा भरा सिगरेट भी पुलिस द्वारा जब्त किया गया । पुरे मामले में मंझलाडीह निवासी रेवत लाल राणा और बगोदर के अमरजीत को गिरफ्तार किया गया । बताया जा रहा कि गिरिडीह एसपी को मिली गुप्त सुचना के आधार पर एसडीपीओ धनंजय कुमार राम के नेतृत्व में एक टीम गठित किया गया जिसमें बगोदर सरिया बगोदर थाना प्रभारी सुख साखर सिंह चौधरी सहित अन्य पुलिस बल छापेमारी टीम में शामिल थे।

## सरयूपारीण ब्राह्मण समाज ने होली महोत्सव मनाते हुए एक दूसरे को दी बधाई

# अपनत्व और भाईचारे को बढ़ावा देता हैं होली महापर्व : अनन्तलाल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया/गिरीडीह :** सरिया स्थित राजदाह धाम में सरयूपारीण ब्राह्मण समाज ने होली महोत्सव धूमधाम से मनाया।कार्यक्रम की शुरुवात स्वस्तिवाचन व भगवान परशुराम एवम संत शिरोमणि तुलसीदास जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता महासंघ के महामंत्री अनन्तलाल शर्मा व संचालन देवाशीष बादल ने किया।होली सम्मान समारोह में महासंघ के पदाधिकारीगण मौजूद वक्ताओं ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि वर्षो की अपेक्षा को आज के युवाओं ने कर दिखाया हैं अब जरूरत हैं संगठित होने का एवम एकदूसरे के प्रति सम्मान तथा भाईचारे का परिचय देने का।कहा कि हमारे अनादि संस्कृति कहती हैं कि ब्राह्मण समाज अपने समाज के साथ अन्य समाज के उन्नति करने के लिए मार्गदर्शित किया हैं लेकिन वर्तमान स्थिति में ब्राह्मणों में राजनीति प्रवेश कर एक विशाल खाई उतपन्न कर रही हैं जिससे लोग एक दूसरे के खिलाफ खड़े रहते हैं जिसे हमसबों को मिलकर इस खाई को भरते हुए पुनः हमसब अपनी पौराणिक संस्क्रति की ओर प्रवेश करेंगे और फिर अपनी इतिहास को दुहरायेंगे।वक्ताओं ने कहा कि आज होली महोत्सव के इस पावन पर्व पर हमसबो को संकल्पित होने की



जरूरत हैं कि जो कुछ हम खो रहे हैं उसे वापस करें एवम बुराई को खत्म करते हुए अच्छाई की ओर आगे बढ़ेंगे।वंही कार्यक्रम में में पहुंचे मुख्य अतिथि अनन्त लाल शर्मा ने कहा निपुणता का शाब्दिक अलंकार हैं ब्राह्मण।कहा कि हम परसुराम भी हैं , संत शिरोमणि तुलसीदास भी हैं,आर्यभट्ट भी हैं और हमहि चरक सुशुत्र हैं जिन्होंने देश के स्वाभिमान ओर अस्मिता को बचाने के लिए अपनी भूमिका निभाया हैं परन्तु आज की स्थिति विपरीत दिशा में जा रही हैं जिसमे बदलाव लाने की बेहद जरूरत हैं यदि ऐसा नही होता हैं तो आने वाले समय मे इसकी स्थिति भयावह होगी। शर्मा ने कहा कि भिन्नता में बंट कर सम्राज्य स्थापित करने की सोच किसी भी राजा के साथ उसके प्रजा को भी हानि ही पहुंचाती हैं इसलिए विमुख हुए लोग जल्द मुख्यधारा से जुड़ेंगे ऐसी अपेक्षा हैं।कार्यक्रम में मुख्य रूप से महासंघ के उप महामंत्री कामदेव पांडेय, उपाध्यक्ष नकुल पांडेय,कोषाध्यक्ष भारत भूषण पांडेय,बासुदेव पांडेय,हरिहर शर्मा,दामोदर पांडेय ने सम्बोधित किया।कार्यक्रम के दौरान फागुन गीत पर महासंघ ,युवा मोर्चा एवम प्रकोष्ठ के सदस्य झूमे तथा एक दूसरे को अबीर लगेते हुए एक दूसरे को बधाई दिया।वंही इस दौरान युवा प्रकोष्ठ के कार्यकरणी अध्यक्ष रविन्द्र पांडेय ने महासंघ को संगठन का रजिस्ट्रेशन आईडी भेंट की तथा महासंघ के नक्शे कदम पर चलने के लिए वचन दिया।वंही इस कार्यक्रम में विकास पांडेय, बसंत पांडेय, उमाशंकर पांडेय, सन्तोष शर्मा, राजदेव रंजन, पंकज पांडेय, दया पांडेय, विकास पांडेय, भोला पांडेय, शब्यसाँची पांडेय, सुदामा पांडेय सहित सैकड़ों लोग उपस्थित हुए।

# बीडीओ बलियापुर ने किया इंटरस्टेट चेकपोस्ट का औचक निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त धनबाद माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार 38 सिंदरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बलियापुर प्रखंड में अवस्थित इंटर स्टेट चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण प्रखंड विकास पदाधिकारी बलियापुर और थाना प्रभारी बलियापुर के द्वारा किया गया।वाहन निरीक्षण के क्रम में इंटर स्टेट चेक पोस्ट सरिसाकुंडी में चेकिंग के दौरान दो व्यक्तियों के पास कुल ?100000 नगद पाया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी के द्वारा पूछताछ के क्रम में उनके द्वारा बताया गया कि यह राशि रॉयल कोक इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड में कार्यरत मजदूरों के पेमेंट के लिए है। इसके लिए उनके द्वारा कंपनी का एक लेटर पैड पर लिखा हुआ कागजात भी दिखाया गया। उस लेटर पैड पर अंकित मोबाइल नंबर पर कॉल करके प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा इसका सत्यापन किया गया। साथ ही नगद राशि ले जा रहे व्यक्तियों का आधार कार्ड से भी सत्यापन किया गया। सत्यापन के उपरांत दोनों व्यक्तियों को नगद राशि के साथ मुक्त कर दिया गया।इसके अतिरिक्त इंटर स्टेट चेक पोस्ट डोमगढ़ का भी औचक निरीक्षण किया गया। जहां यह पाया गया कि आने जाने वाले वाहनों का सघन जांच मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारी के द्वारा किया जा रहा है।

# भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अरुण उरांव ने कांग्रेस के अकाउंट फ्रिज मामले पर की प्रेस कॉन्फ्रेंस

## कहा डिफाल्टर होने के कारण 115 करोड़ पर लगाई रोक ना कि बैंक अकाउंट को किया फ्रिज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** रविवार अपराह्न 3:00 बजे झारखंड प्रदेश प्रवक्ता डॉ अरुण उराँव ने प्रेस को संबोधित किया। मौके पर जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, जिला मंत्री अनिल उराँव, ओबीसी मोर्चा गढ़वा प्रभारी, अजय पंकज, जिला मिडिया प्रभारी पशुपति नाथ पारस उपस्थित थे। डॉ अरूण उराँव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के अपने घोटाले पकड़े जाने पर केंद्र सरकार भाजपा एवं आयकर विभाग को कटघरे में खड़ा करके झूठी बातें कर रही है लेकिन न्यायालय में अपने बचाव के लिए दलील पेश नहीं कर पाती है। जबकि आयकर विभाग ने डिफाल्टर होने के कारण कांग्रेस की बकाया टैक्स राशि 115 करोड़ रुपए के प्रयोग पर रोक लगाई है ना कि बैंक अकाउंट को फ्रिज किया




है। और अपनी गलतियों बताने की बजाय अपने खाते फ्रीज होने की तुलना लोकतंत्र की हत्या से करना देश का अपमान है। जबकि कांग्रेस ने 1,80,000 करोड़ रूपया का कोयला 1,76,000 करोड़ का 2प्रतिशत स्पेक्ट्रम 3,600 करोड़ का हेलीकॉप्टर 70,000 करोड़ का कॉमनवेल्थ गेम्स और 5,000 करोड़ का नेशनल हेराल्ड घोटाला किया है वहीं राहुल गांधी स्वयं चार्टर प्लेन में घूम रहे हैं मगर कह रहे हैं कि कांग्रेस के पास ट्रेन में आने जाने का भी पैसा नहीं है सारे प्रावधानों की जानकारी होने के बावजूद कांग्रेस ने 14 लाख नगर चंदा लिया है और 105 करोड़ का टैक्स बकाया होने के बावजूद मात्र 2.5 करोड़ ही जमा कराया कांग्रेस ने उस समय कोई प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं की कि हमारे साथ अन्याय हो रहा है क्योंकि कांग्रेस इस बात से सहमत थी कि 105 करोड रुपए का आयकर वैध है। आयकर मामले में हर न्यायालय और ट्रिब्यूनल का दरवाजा खटखटा है लेकिन उन्हें हर जगह मुंह की खानी पड़ी है कांग्रेस के कई खाते संचालित हैं और कांग्रेस के पास एक से अधिक पैन कार्ड भी हैं एक से अधिक पैन कार्ड होना स्वयं कांग्रेस के संविधान के विरुद्ध है। भारत के हर नागरिक और संस्था को भी आयकर नियम मानने होंगे और फिर राहुल गांधी और सोनिया गांधी ही खुद को संविधान से ऊपर क्यों समझते हैं। कांग्रेस जब तक टैक्स की पूरी राशि नहीं जमा की जाएगी ब्याज की राशि बढ़ती रहेगी और यह राशि 135 करोड़ से बढ़कर 140 करोड़ भी हो सकती है कांग्रेस के इस मामले को वसूल की जाने वाली राशि पर रोक के लिए पहले कमिश्नर अपीलेट में अपील की जहां नोटिस पर रोक लगाने की अर्जी को खारिज कर दिया गया इसके बाद कांग्रेस आयकर अपीलेट ट्रिब्यूनल और फिर दिल्ली उच्च न्यायालय पहुंची दोनों ही जगह पर कांग्रेस को फटकार मिली और नोटिस पर रोक लगाने से मना कर दिया दिल्ली उच्च न्यायालय ने न सिर्फ आदेश को सही ठहराया, बल्कि आयकर विभाग पर नोटिस देने से रोकने के लिए मांग को खारिज कर दिया। इसके बाद 13 फरवरी 2024 आयकर विभाग रूटिंग नोटिस देखकर तीन-चार बैंक खातो को अटैच कर दिया इसके बावजूद कांग्रेस के कई बैंक खाता संचालित हैं । कांग्रेस के बैंक खाते में 1000 करोड रुपए की राशि और 500 करोड रुपए के अचल संपत्ति अभी भी है ।

## भक्तिभाव और हर्षोल्लास के साथ मना खजूर रविवार

# खजूर पर्व की विधायक भूषण बाड़ा ने दी बधाई, कहा प्रभु येसु मसीह ने पाई पाप और मृत्य पर विजय

## खजूर डाली लेकर मिस्सा अनुष्ठान में शामिल हुए थे मसीही धर्मावलम्बी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा जिले में भक्तिभाव से मना खजूर रविवार। मौके पर आरसी चर्च परिसर में हुई मिस्सा पूजा। खजूर की डाली पकड़कर मिस्सा पूजा में शामिल हुए मसीही धर्मावलम्बी। जिला मुख्यालय स्थित संत अन्ना महागिरजाघर में विकार जनरल फा इग्नासीयूस की अगुवाई में सम्पन्न हुई मिस्सा पूजा। मौके पर विधायक भूषण बाड़ा भी शामिल हुए। अपने संदेश में विजी फा इग्नासीयूस टेटे ने कहा कि आज से प्रभु अपने दुख भोग में प्रवेश किये। आज प्रभु के येरूसलम में प्रवेश करने की घटना को याद करते हैं। उन्होंने कहा कि आज के दिन सभी लोग उनका स्वागत करते हैं। ईश्वर ने अपने एकलौते पुत्र को हमारे लिए समर्पित कर दिया।



**ईसा मसीह का प्रकाश आप पर चमके और आस्था की यात्रा में आपका मार्गदर्शन करे : विधायक भूषण बाड़ा**

खजूर रविवार के मौके पर विधायक भूषण बाड़ा ने जिलेवासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि खजूर रविवार के मौके पर हम सभी मसीह के नाम पर और अपने हाथों में हथेलियाँ लेकर शांति से आगे बढ़ें। यह पर्व हमें मृत्यु पर जीवन की जीत की याद दिलाती हैं और हमें मसीह के नक्शेकदम पर चलने के लिए बुलाती हैं, जिन्होंने हमारे लिए पाप और मृत्यु पर विजय प्राप्त की। विधायक ने कहा कि खजूर की शाखाएं उन सभी के लिए शांति, जीत और शाश्वत जीवन का प्रतीक हैं जो मसीह में विश्वास करते हैं। उन्होंने कहा कि पाम संडे की खुशी की भावना आपके दिल को भर दे और प्रभु का आशीर्वाद हमेशा आपके साथ रहे। इस पवित्र दिन पर ईसा मसीह का प्रकाश आप पर चमके और आपकी आस्था की यात्रा में आपका मार्गदर्शन करे। उन्होंने कहा कि येसु के यीरुशलम के प्रवेश को ही खजूर रविवार के रूप में मनाया जाता है। यहां पर जैतून नहीं है। इसलिए खजूर की डालिया लेकर विश्वासी गिरजाघर में एकत्र हो मुक्तिदाता प्रभु यीशु की अराधना करते हैं।

# मानव का सेवा करना ही सेवा भारती का मुख्य उद्देश्य : दीपक सर्राफ




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार आज 93 वें सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं डॉ कुमुद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए। सभी ने भारत माता की जय, वंदे मातरम, वीर शहीद जवान अमर रहे का नारा लगाते हुए नमन किए, और सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी, आज इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 38 लोगों ने अपना स्वास्थ्य का जांच करवा कर लाभान्वित हुए। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मानव का सेवा करना ही हम सभी का पहला कर्तव्य है और हम सभी एक दूसरे के पूरक है, जिससे कि समय-समय पर एक दूसरे का सहयोग कर कई परेशानियों को दूर कर सकते हैं। डॉ कुमुद ने कहा की लोगों को समय-समय पर अपना स्वास्थ्य चेकअप कराते रहना चाहिए और होली में केमिकल युक्त रंग का प्रयोग ना करें, इससे शरीर पर कई बीमारियां उत्पन्न हो सकती है। उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल एवं, सहसचिव संजय चौधरी ने कहा कि 1 जून 2022 से निरंतर चल रहे प्रत्येक सप्ताह स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना चेकअप करा कर संतुष्ट हैं। यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को एक घंटे के लिए लगाई जाती है। लोगों ने शुगर, बी.पी., ऑक्सीजन लेबल, वजन, हार्ट बीट आदि की जांच करवाते हुए, डॉक्टर से परामर्श भी लिए। आज शिविर मे जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, अवधेश मित्तल, संजय चौधरी, सुबोध महतो, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, अतुल सर्राफ, तपेश्वर अग्रवाल, गोपाल महतो, अंजलि सर्राफ, शिमला देवी, संध्या अग्रवाल, सुरेंद्र महतो, संगीता देवी, नारायण साहू, अनिल वर्मा, रमेश शर्मा, अनिल साहू, माधुरी देवी, राजकुमार महतो, डोमन चंद्रकर्मकार, उदय कास्यंकार, ममता कुमारी, प्रभु दयाल साहू, राम लखन साहू, कृष्ण प्रसाद, देव नारायण प्रसाद आदि उपस्थित थे।

# सिमडेगा ताइक्कॉण्डो संघ द्वारा होली मिलन सामारोह का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** ताइक्कॉण्डो संघ के सचिव दयाराम मेहर, सह सचिव पप्पू कुमार, कोषाध्यक्ष गोबिंद प्रधान सभी ताइक्कॉण्डो प्रशिक्षक और ताइक्कॉण्डो के बच्चे बच्चीयों के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन सिमडेगा गाँधी क्लब ताइक्कॉण्डो प्रशिक्षण सेंटर में किया गया। जिसमें हर कोई एक दूसरे पर प्यार के रंग बरसाए। मौके पर संघ के सचिव दयाराम मेहर ने बताया कि इस दिन सभी धर्म और जाति के लोग होली त्योहार को मनाते है इस दिन ईश्वर भक्त प्रह्लाद की याद में इस दिन होली जलाई जाती है और होली महत्व रंगों की भरमार खुशियो का प्रकटीकरण और बुराई पर अच्छाई की जित को दर्शाते है। साथ में यह भी जानकारी दी की आगामी 27 से 29 अप्रैल 2024 को दिल्ली



में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की ताइक्कॉण्डो चैम्पियनशिप में भाग ले रहें बच्चों के अच्छे प्रदर्शन करने के लिए 27 अप्रेल से एक सप्ताह का विशेष प्रशिक्षण रखा गया है ताकि राष्ट्रीय स्तर खेल प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन कर जिला एवं राज्य का नाम रोशन कर सकें। मौके पर ताइक्कॉण्डो संघ होली मिलन समारोह में दयाराम मेहर, पप्पू कुमार, गोबिंद प्रधान, जगदीश बिंझिया, महाबीर, आकाश कीड़ो, सूरज बड़ाईक, अतुल कीड़ो, नैशा कुमारी, पूजा कुमारी, आरती कुमारी, रूचि कुमारी, आशा कुमारी, अनीषा कुमारी, आचल कुमारी, प्रीति कुमारी, रितु रानी डुंगडुंग आदि शामिल हुवे।

# जिले भर में होलिका दहन के बाद रंगोत्सव प्रारंभ मंगलवार को खेली जाएगी होली

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले भर में होली की तैयारी पूरी कर ली गई हैं। क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में होली को लेकर कई कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं जिसमें तरह-तरह के होली से संबंधित गाना बजाना एवं मिलन समारोह का आयोजन किया जाता है। होली से संबंधित बातचीत के दौरान पंडित आनंद दुबे ने बताए की फाल्गुन पूर्णिमा की रात यानि रविवार को होलिका दहन किया जाना है होलिका दहन के बाद मंगलवार को रंग वाली होली होगी। होलिका दहन के दिन भद्रा का साया रहेगा, जबकि रंग वाली होली 26 मार्च को रंग-गुलाल उड़ेंगे। इस साल होलिका दहन पर भद्रा का साया कब से कब तक रहेगा। भद्रा कब से कब तक रहेगा।24 मार्च को होलिका दहन के दिन भद्रा का साया सुबह 9 बजकर 24 मिनट से लेकर रात 10 बजकर 27 मिनट तक थी इसलिए रात 10 बजकर 27 मिनट के बाद ही होलिका दहन का कार्यक्रम किया जा सकेगा।सनातन धर्म होलिका दहन से पहले होली पूजन की परंपरा होती है, होलिका पूजन कुछ विशेष सामग्री के बगैर बिल्कुल अधूरा माना जाता है। इसमें एक लोटा जल गोबर के उपलों से बनी माला, रोली, अक्षत, अगरबत्ती, फल, फूल, मिठाई, कलावा, बताशा, गुलाल पाउडर, नारियल, हल्दी की गांठ,मूंग दाल,और साबुत अनाज पूजा की थाली में रखना चाहिए। हिंदू पंचांग के अनुसार, इस साल फाल्गुन मास की पूर्णिमा तिथि 24 मार्च को सुबह 9 बजकर 54 मिनट से लेकर 25 मार्च को दोपहर 12 बजकर 29 मिनट तक रहेगी,होलिका दहन का शुभ मुहूर्त 24 मार्च को रात 11ः13 मिनट से रात 12ः27 बजे तक रहेगा।होलिका दहन में सूखी लकड़ियां या झाड़ जलाने की परंपरा होती है। इसमें आम,वट और पीपल की लकड़ी जलाने से बचना चाहिए।इन तीनों पेड़ों की नई कोपलें फाल्गुन में ही निकलती हैं, इसलिए इनकी लकड़ियां नहीं जलाई जाती है।होलिका दहन के दौरान गूलर या अरंड के पेड़ की लकड़ी का इस्तेमाल किया जाता है, इसके अलावा इस दिन मांसाहार या तामसिक भोजन का सेवन नहीं करना चाहिए। झगड़ा, विवाद, क्रोध, झूठ या किसी का अपमान करने से बचना चाहिए। वैसे तो होलिका दहन के बाद से रंगों का खेलना प्रारंभ हो जाता है जिसे लेकर जिले भर में कही सोमवार को तो कही मंगलवार रंगोत्सव का आयोजन किया जायेगा।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बड़की चांपी में मनाया गया होली मिलन समारोह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले के कूडू प्रखंड स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बड़की चाँपी में शनिवार को होली मिलन समारोह मनाया गया। इस कार्यक्रम में आचार्य नरेश साहू ने भैया बहनों को होली के पर्व मनाया जाने के पृष्ठ कथा को सुनाया और होली को सदाचार और समरस्ता से मनाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि होली अहंकार पर भक्ति और विश्वास पर जीत का प्रतीक है। आचार्य लाल गौरी शंकर नाथ शाहदेव ने भैया बहनों को होली के दौरान समाज में व्याप्त कुरीतियां अथवा हुड़दंग होली से बचने की सलाह दी। उन्होंने प्रतिवर्ष होली पर्व मनाया जाने के दौरान घटने वाली घटनाएं जो अखबार के माध्यम से हम तक पहुंचते हैं, उसके प्रति सचेत किया और शांतिपूर्ण माहौल में होली मनाने के लिए कहा। भैया बहनों ने आचार्य आचार्या को गुलाल लगाकर आशीर्वाद प्राप्त की तथा एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम में समस्त आचार्य आचार्या और भैया बहन उपस्थित थें। कार्यक्रम का समापन भैया बहनों को होली अवकाश की सूचना देते हुए, वंदे मातरम के साथ समाप्त की गई।

# मारवाड़ी महिला शाखा द्वारा होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला मारवाड़ी महिला शाखा एवं लोहरदगा जिला सेवा भारती के द्वारा अप्पर बाजार में अलग-अलग जगहों में होली मिलन समारोह मनाया गया, सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर एवं मिठाईयां खिलाकर होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दिए और होली के धुन पर खूब धूम मचाते हुए गुलाल उड़ाए। सेवा भारती के जिला अध्यक्ष सह मारवाड़ी सम्मेलन के जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि होली का पर्व आपस की दूरियों को नजदीकी लाती है और सभी पुराने गिले शिकवे को भूलकर अपने नए उमंग का आनंद के साथ गले मिलते हैं। महिलाओं ने कही की होली पर्व का हम सभी बेसब्री से इंतजार करते हैं इस पर्व पर खुलकर झूमते हुए आनंद लेते हैं किसी से कोई बैर नहीं रहता। आज होली मिलन समारोह में दीपक सर्राफ, अवधेश मित्तल, संजय चौधरी, डॉ कुमुद अग्रवाल,अतुल सर्राफ, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, सुबोध महतो, अनिल वर्मा, उदय कास्यंकार, अंजलि सर्राफ, संगीता मित्तल, दीपा पोद्दार, श्वेता मित्तल, मंजू मोदी, नीतू मित्तल, खुशबू अग्रवाल, दीपमाला, रश्मि अग्रवाल, राखी अग्रवाल, सुधा बर्मन, स्मृति जायसवाल, प्रज्ञा अग्रवाल, कृति कुमारी, प्रिया जयसवाल, माही कुमारी आदि उपस्थित थे।

# जय श्री राम समिति की बैठक में संगठन विस्तार के सथ होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** भंडरा प्रखंड के अखिलेश्वर धाम मंदिर प्रांगण में जय श्रीराम समिति की बैठक अमरेश साहू की अध्यक्षता में की गई। आयोजित बैठक में जिला संरक्षक अजय सोनी, जिला संचालन समिति सदस्य ओम महतो,नगर अध्यक्ष दीपक साहू, नगर महामंत्री सुशील पटनायक, प्रखंड प्रभारी अमरेश साहू, बबलू पंडा उपस्थित थे। बैठक में मुख्य रूप से संगठन विस्तार एवं होली मिलन समारोह को लेकर चर्चा की गई जिसमें सर्वसम्मति से प्रखंड अध्यक्ष-सूरज ठाकुर कार्यकारी अध्यक्ष-विवेक साहू, ऋ षभ साहू महामंत्री-चंदन लेहरी उपाध्यक्ष-पंकज यादव, विक्रम लेहेरी, राजेश भगत कोषाध्यक्ष-विशाल सोनी सह कोषाध्यक्ष-रूपेश साहू संगठन मंत्री -विशाल कुमार, रोहित साहू, शुभम पुरोहित, मन्नू गुप्ता मीडिया प्रभारी-शुभम साहू, संपर्क अभियान प्रमुख अश्वनी यादव, आकाश कुमार यादव, विकास कुमार, सौरभ कुमार, अभिजीत गुप्ता, विवेक कुमार एवं आकाशी पंचायत अध्यक्ष-संतोष महतो कार्यकारी अध्यक्ष-राहुल महतो, मुकेश राम महामंत्री-अनिल साहू उपाध्यक्ष-वीर कुमार सिंह, मनु वर्मा,सूरज साहू कोषाध्यक्ष-प्रकाश साहू सह कोषाध्यक्ष-ज्ञानु वर्मा संगठन मंत्री-छोटू साहू, धर्मेंद्र साहू को बनाया गया।

# बरही में ऐतिहासिक ढेला मार होली आज

**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातु तोड़ार पंचायत अन्तर्गत बरही ग्राम में रंगों का पर्व होली के मौके पर पारम्परिक ढेला मार होली का आयोजन आज किया जायेगा। इस बार होली का त्यौहार मंगलवार को मनाया जायेगा परन्तु बरही में सोमवार को ढेला मार होली का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। बरही ग्राम में सदियों से ढेला मार होली का परम्परा है। वही पूर्व जिप सदस्य रामलखन प्रसाद ने जानकारी देते हुए बताया कि बरही ग्राम में ढेला मार होली का आयोजन सैकड़ो वर्षो से आयोजित होते आ रहा है। यह प्रखंड व जिला ही नही राज्य के लिये एक अनूठा कार्यक्रम है। होली के पावन अवसर पर गाँव मे सभी घरों में रिस्तेदार लोग ढेला मार होली का लुफ्त उठाने के लिये मेहमान आते हैं। साथ ही बताया कि ढेला मार होली आयोजन से पूर्व चटकपुर में स्थित डोल चबूतरा के समीप गाँव के नए दमाद लोगों का परम्परागत तरीके से स्वागत कर मुँह मीठा कराया जाता है। और एक दूसरे को रंग, अबीर गुलाल लगाया जाता है। जिसके पश्चात गाजा बज के साथ लोग फगुवा गीतों पर नाचते गाते हुए गाँव के देवी मण्डप के समीप फगुवा डाल कटा हुआ जगह में पँहुच कर हरि बोल का नारा लगाते हुए गाँव के युवक एक साथ दौड़ कर डंडा को उखाड़ते है। उसी दौरान लोग पीछे से ढेला फेकते हैं। जिसे लोगो को ढेला लगने के बाद भी चोट नही लगती है। परन्तु इस कार्यक्रम में बाहरी लोग भाग नही ले सकते हैं। प्रखंड क्षेत्र के बरही ग्राम का ढेला मार होली आज भी अनूठा है।

# होलिका-दहन संपन्न, बाजारों मे रंग, गुलाल, पिचकारी की खरीदारी मे लोग व्यस्त, आज और कल भी होली



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 24 मार्च रविवार को कैरो प्रखंड के गाँवो मे रात्रि को होलिकादहन के साथ ही होली का त्योहार आज 25 मार्च और कल 26 मार्च को भी उत्साह व उमंग से मनाया जायेगा।प्रखंड क्षेत्र के पंचायत हनहट, सढ़ाबे, कैरो, गजनी, नरौली, व गुड़ि के गाँवो मे 24 मार्च की रात्रि 10:15 बजे से 11:30 तक होलिकादहन का कार्यक्रम संपन्न हो गया। उक्त अवसर पर रंगो का त्योहार मनाने को लेकर बाजार मे रंग, गुलाल, पिचकारी, नये वस्त्र की खरीददारी को लेकर व्यस्त दिखाई दिये प्रखंड वासी। उक्त त्योहार के विषय मे आचार्य कौशल कान्त त्रिपाठी ने कहा कि शक्ति पर भक्ति की जीत के रुप मे त्योहार मनाया जाता रहा है,वही इस रंगवाली त्योहार राधा-कृष्ण के पावन प्रेम की याद मे विश्वभर मे मनाये जाने वाला त्योहार है। त्रिपाठी ने कहा कि, भगवान विष्णु के प्रति भक्त प्रह्लाद की अटूट भक्ति के कारण उनके पिता हिरण्यकशिपु को क्रोध आया, जिसके कारण होलिका ने विश्वासघाती योजना बनाई, और होलिका स्वयं जल गई, और प्रह्लाद सुरक्षित बच गए, तभी से फाल्गुन पूर्णिमा को होलिका दहन के पश्चात रंगो का त्योहार होली उत्सव के रुप मे पृथ्वीलोक मे त्योहार मनाये जाने की परम्परा वर्षो-वर्ष से चली आ रही है।

# मतदाता जागरुकता को लेकर हर स्वर में गूंज रही है लाल राधेश्याम नाथ साहदेव की कविताएं

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** इन दिनों जिले भर में तरह-तरह के लोकतांत्रिक कविताएं गाए जा रहे हैं। उन्हें में से एक कविता है जिनके माध्यम से जिले के मतदाताओं को संदेश दिया जा रहा है और लोगो को बेहद पसंद भी आ रही है। लोग इसकी प्रशंसा कर रहे हैं। इन्ही में से एक कविता को लिखने वाले लाल राधेश्याम नाथ साहदेव ने देश के मतदाताओं के लिए लिखा है। कि भाई बहन एवं नौजवान के लिए भारत का महापर्व चुनाव महाअभियान की शुरुआत हो गई है। इस माह अभियान में लालच से दूर अपना उम्मीदवार चुनने का मतदाताओं को पूरा अधिकार है। जिसमे लालच देकर अपने खुद की भलाई के लिए जनता का विश्वास जीतकर वोट ले लेते हैं परंतु अपने किए गए वादों को कभी पूरा नहीं करते। ऐसे झूठे और विश्वास घात करने वाले उम्मीदवारों से दूर रहें ताकि देश की




उन्नति एवं देश का विकास संभव हो सके। हमारा लोकतांत्रिक अधिकार हमारा अपना है किसी की बाप की जागीर नहीं। जिसे हम जब चाहे निडर और निर्भीक होकर अपना मतदान अपने चाहेते उम्मीदवार के पक्ष में दे सकते हैं। ताकि देश से लेकर गली मोहल्ले एवं समाज का विकाश संभव हो सके। उन्होंने इस कविता के दौरान यह भी कहा की जात पात, चोरी डकैती, बलात्कार, घूसखोरी जैसे अनेकों घटनाओं को बढ़ावा हमारे समाज से ही निकाल कर सामने आती है। हमें इसे तोड़ने और शांतिपूर्वक रहने के लिए भी उन्होंने लोगों को प्रेरित किये है। इस कविता के लिखने के बाद लोग राधेश्याम लाल नाथ सहदेव की लोग प्रशंसा कर रहे हैं। सुनू भईया बहिन सुनू,देश के मतदाता नव जवान। आय गेलक भारत देश के परब, चुनाव महाअभियान।। लोभ लालच से दूर चुनू, आपन उमीदवार। करी जे सबका भलाई, वहे आहे बढ़िया उम्मीदवार ।। लालच दे करी,आपन स्वयं भलाई। ऊकर नहीं करब आपने कवनों विश्वास।। पाँच देवि पचास लूटी, पाँच वर्ष के हय महाअभियान। सजग रहू,सावधान बनू, चुनू योग्य उम्मीदवार।। देश का खजाना जनता के आहे, आपन भारत देश महान। नाही आहे केकरो बपौती, न ही बाप के खजाना।। जागू भईया बहिन जागू पचहत्तर बर्ष के नींद के है भागना। सच्चे मन खुला दिल से, करू मतदान।। बहकावे लालच से दूर रहु। निडर निर्मिक होय करू आपन मतदान।।

# कुम्हार प्रजापति न्यास ट्रस्ट का होली मिलन समारोह संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा कुम्हार प्रजापति न्यास ट्रस्ट के तत्वाधान में रविवार को स्थानीय पुराना नगर भवन में होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया, साथ ही बच्चों एवं महिलाओं के लिए म्यूजिकल चेयर एवं भव्य मनमोहक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के सभी प्रखंड से कुम्हार सदस्य उपस्थित हुए,होली मिलन समारोह में सभी लोगों ने एक दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर होली की बधाई दी मुख्य अतिथि सेलटैक्स ऑफिसर श्रवण कुमार उपस्थित थे। इससे पूर्व ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रेम किशोर प्रजापति महामंत्री नागेंद्र प्रजापति कोषाध्यक्ष विनोद कुमार,संरक्षक विनोद प्रसाद आदि ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रवण कुमार ने कहा कि निस्वार्थ रूप से समाज का कार्य करते हुए शिक्षा के माध्यम से सर्वांगीण विकास करना है उन्होंने कहा लक्ष्य एवं उद्देश्य हमेशा सही होना चाहिए। अध्यक्ष प्रेम किशोर प्रजापति ने समाज के गठन उद्देश्य एवं अन्य गतिविधि पर विस्तृत जानकारी



देते हुए कहा कि ट्रस्ट के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक उत्थान में कार्य किया जा रहा है। महामंत्री नागेंद्र प्रजापति ने कहा कि समाज के उत्थान में शिक्षा के प्रति हमें जागरूक होना होगा तथा सामाजिक राजनीतिक आर्थिक एवं अन्य क्षेत्र में सेवा भाव के साथ आगे आना होगा संरक्षक विनोद प्रसाद ने कहा कि समाज के उत्थान में लोहरदगा की धरती अग्रणी भूमिका निभाई है हमें समाज को और सुगठित करते हुए रचनात्मक कार्य करना होगा समारोह में देवानंद महतो कमल महतो किरण देवी मीना प्रजापति सुषमा प्रजापति आदि ने भी संबोधित किया इस अवसर पर म्यूजिकल चेयर बिस्किट रेस आदि प्रतियोगिताओं के साथ सामूहिक भोज एवं समस्त प्रतिभागी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री नागेंद्र प्रजापति, अजय प्रसाद, प्रमोद प्रजापति ने किया। इस अवसर पर शिव प्रजापति, विनोद महतो, शशिकांत प्रजापति, वासुदेव महतो, शेखर प्रजापति, सरोज कुमार, प्रदीप प्रजापति, सुमन प्रजापति, दिनेश महतो, मणिलाल प्रजापति, दुर्गा प्रजापति, मृत्युंजय कुमार मधुप, विपिन प्रजापति, मनु प्रजापति, गोलू प्रजापति, संजय प्रजापति, शिवांश प्रजापति, बिट्टू प्रजापति,रामदेव प्रजापति, दीपक प्रजापति, हरिनारायण प्रजापति, बलभद्र प्रजापति, रवि प्रजापति, कृष्ण देव प्रजापति, कैलाश प्रजापति, पंकज प्रजापति,चंचल प्रजापति, नेमधारी प्रजापति, चिंटू प्रजापति, पवन प्रजापति समेत बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

## चलते चलते एक नजर

### स्वस्थ रहने के लिए योग अपनाएं : डॉ. अशोक



**ऋषिकेश :** जल शक्ति मंत्रालय राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के तत्वाधान में गंगा स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत रविवार को योगाचार्यों की टीम ने योग और ध्यान के अभ्यास के साथ साथ उनके लाभ पर एक संगोष्ठी आयोजित की थी। जिसमें नमामि गंगे के नोडल अधिकारी डॉ. अशोक कुमार मैन्दोला ने कहा कि हमें योग को अपने जीवन में अपनाना चाहिए, जिससे हम स्वस्थ रहें।योगाचार्य अमन शर्मा ने कहा कि छात्रों के लिए योग एक बहुत ही महत्वपूर्ण अभ्यास है। योग के अभ्यास से छात्रों को मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार मिलता है, जो उनके अध्ययन और जीवन को सहारा देता है। योग उन्हें ध्यान, अवसाद और तनाव से निकालने में मदद करता है और उनके मन को शांति और स्थिरता का अनुभव करने में सहायक होता है।योगाचार्या वंशिका कौशिक ने छात्रों को संतुलित भोजन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि संतुलित भोजन का मन पर प्रभाव बहुत ही महत्वपूर्ण होता है। संतुलित आहार लेने से आपके मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है, जो आपको स्थिरता और ऊर्जा प्रदान करता है। सही मात्रा में पोषक तत्वों का सेवन करने से मन और शरीर दोनों ही स्वस्थ रहते हैं। इसके विपरीत, असंतुलित आहार से तंदुरूस्ती के बारे में कई मनोविकार और अवसाद उत्पन्न हो सकती हैं। योगाचार्य अंशुल पंवार ने विभिन्न प्रकार के लाभप्रद आसन और व्यायाम की कक्षा से सभी छात्रों को शारीरिक और मानसिक तनाव से मुक्ति के साधनों का मार्गदर्शन किया । इसमें लगभग 120 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया ।

### मुख्तार अंसारी मामले में जेलर और दो डिप्टी जेलर निलंबित

**बांदा :** जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी के मामले में लापरवाही बरतने पर जेलर और दो डिप्टी जेलरों को निलंबित किया गया है। इनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू हो चुकी। मुख्तार अंसारी के जेल में रहते हुए वर्ष 2016 से अब तक दो जेल अधीक्षक तीन जेलर और छह डिप्टी जेलर निलंबित हो चुके हैं। एम्बुलेंस केस में मुख्तार अंसारी को गुरुवार को कोर्ट में पेश होना था, लेकिन वह कोर्ट नहीं पहुंचा। वकील के माध्यम से जज को प्रार्थना पत्र भेजकर उसने बांदा जेल में अपनी जान को खतरा बताया। पत्र में लिखा कि 19 मार्च को उसे जो भोजन दिया गया था, उसमें विषैला पदार्थ मिला था। इसे खाने के बाद वह बीमार हो गया था। हाथ-पैर की नसों में तेज दर्द उठने लगा और ठंडे होने लगे। हालत ऐसी हो गई थी, जैसे उसके जान चली जाएगी। जेल अधीक्षक वीरेश राज शर्मा ने रविवार को इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि पुराने मामले में जेलर योगेश कुमार, डिप्टी जेलर राजेश कुमार और अरविंद कुमार को सस्पेंड किया गया है। बीते माह डीआईजी जेल ने मंडल कारागार का निरीक्षण किया था। उन्होंने निरीक्षण के दौरान तीनों अफसरों की लापरवाही पाई थी। तीनों अफसरों के खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है। वहीं, इसको लेकर मुख्तार अंसारी को लाने-ले जाने में लापरवाही बरते जाने को भी वजह बताया गया है।

### झारखंड में जल, थल और वायु मार्ग से मतदान कराने जाएंगे निर्वाचनकर्मी

# संवेदनशील इलाके में विशेष चौकसी बरतने के निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य में लोकसभा चुनाव की तैयारियां तेजी से चल रही हैं। राज्य के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में भी मतदान केंद्र बनाए गए हैं। बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराना और पोलिंग पार्टी को सुरक्षित पहुंचाना प्रशासन के लिए चुनौती है। राज्य में लोकसभा चुनाव चार चरणों में होगा। इसके लिए सभी प्रशासनिक तैयारी युद्ध स्तर पर जारी है।

चार चरणों में होनेवाले चुनाव के लिए आयोग ने 29521 मतदान केंद्र बनाए हैं, जो पिछले 2019 के लोकसभा चुनाव के तुलना में 57 मतदान केंद्र अधिक हैं। इन मतदान केंद्रों में कई ऐसे मतदान केंद्र हैं जो काफी दुर्गम क्षेत्र में हैं, जहां शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान कराना चुनाव आयोग के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है।

लोकसभा चुनाव के दौरान जल, थल और वायु मार्ग से निर्वाचनकर्मी मतदान कराने जाएंगे। राज्य में कुल 29521 मतदान केंद्रों में से करीब 80 प्रतिशत मतदान केंद्र ग्रामीण क्षेत्र में हैं। इनमें से 10 फीसदी ऐसे मतदान केंद्र हैं, जहां मतदान कराने के लिए पोलिंग पार्टी को या तो हेलीकॉप्टर या ट्रेन या नाव से जाना होगा।

इस संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि राज्य की भौगोलिक बनावट की वजह से कुछ मतदान केंद्र ऐसे जरूर हैं जो दुर्गम इलाके में हैं, वहां पोलिंग पार्टी को जाने के लिए समुचित व्यवस्था की गई है। हेलीकॉप्टर के अलावा ट्रेन, नाव और सड़क मार्ग से मतदानकर्मियों को मतदान केंद्रों तक भेजा जाएगा।




पश्चिम सिंहभूम के चाईबासा क्षेत्र में मतदानकर्मियों को ट्रेन से भेजने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए तीन कोच रेलवे मुहैया कराएगा। संभवतः झारखंड पहला राज्य होगा जहां पोलिंग पार्टी मतदान कराने ट्रेन में सफर करके जाते दिखेंगे। इसके अलावा साहिबगंज और पलामू के कुछ मतदान केंद्रों तक नाव से निर्वाचनकर्मियों को भेजने की तैयारी है। सारंडा, बूढ़ापहाड़ और पारसनाथ क्षेत्र में हेलीकॉप्टर से पोलिंग पार्टी चुनाव कराने जाएंगे। चुनाव आयोग ने इसके लिए हेलीकॉप्टर की व्यवस्था कर ली है।

राज्य में होने वाले चार चरणों में लोकसभा चुनाव को लेकर संवेदनशील इलाके में विशेष चौकसी बरतने के निर्देश दिए गए हैं। चुनाव आयोग ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस सुरक्षा के बीच मतदानकर्मियों को भेजने का निर्देश दिया है।

जानकारी के मुताबिक चाईबासा सहित राज्य के कई ऐसे दुर्गम इलाके में केंद्रीय बलों के साथ-साथ राज्य पुलिस बल के जवान मतदान के वक्त प्रत्येक बूथ पर तैनात रहेंगे। इसके अलावा मतदान समाप्ति के बाद वज्रगृह तक पुलिस स्कॉट के साथ ईवीएम लाया जाएगा।

# जायंट्स सहेली द्वारा होली मिलन कार्यक्रम आयोजित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** जायन्ट्स ग्रुप गढ़वा सहेली द्वारा रंगारंग होली मिलन कार्यक्रम का आयोजित किया गया। होली मिलन कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रुप अध्यक्ष रंजना जायसवाल ने किया। कार्यक्रम में सहेली की महिलाओं ने संदेश दिया कि होली रंगों का त्यौहार है। इसमें आपसी दुश्मनी, शिकवा शिकायत भूल कर एक दूसरे को गले लगाना चाहिए। होलिका दहन में जिस प्रकार बुराई जल जाती है उसी प्रकार हम सबको अपने अन्दर की बुराई को भी जला देनी चाहिए एवं भाईचारा का माहौल बना कर अच्छे समाज का निर्माण करना चाहिए। इस अवसर पर सहेली सदस्यों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली मनाया तथा होली के मधुर गीत संगीत गाकर एवं नृत्य करके होली का आनंद लिया। मौके पर ग्रुप की रश्मि कमलापुरी, रीता केसरी, लता गुप्ता, माला केसरी, सीमा केसरी, सुषमा केशरी, रितु जायसवाल, रीमा स्वरूप, रीना अग्रवाल, विणा केशरी, रीना गुप्ता, पल्लवी पुंज, प्रियंका केशरी, चाँदनी केशरी, विमला केशरी, वन्दना सोनी, संगीता गुप्ता, रीना सोनी, रीना केशरी, वर्षा अग्रवाल, गुड़िया केशरी, अंजु गुप्ता, रेणु केशरी सहित वार्ड पार्षद मीरा केशरी आदि महिलाएं उपस्थित थीं।

# नशा तस्करों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई, 11 तस्कर गिरफ्तार

**एजेंसी**

**हरिद्वार :** ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान व आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत एसएसपी के निर्देश पर ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 11 शराब तस्करों को गिरफ्तार करते हुए उनसे भारी मात्रा में शराब बरामद की है। पुलिस ने खुले में शराब परोस रहे होटल और ढाबा संचालकों के खिलाफ भी कार्रवाई की। ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दीपक पुत्र मन्जू निवासी मोहल्ला चकलान कोतवाली ज्वालापुर हरिद्वार के पास से 52 पव्वे देशी शराब, रोहित उर्फ बदल पुत्र कुबेर सिंह निवासी ग्राम अहिरवा थाना भोगांव जिला मैनपुरी हाल निवासी मोहल्ला मालियान कोतवाली ज्वालापुर हरिद्वार के पास से 54 पव्वे, हरिशंकर उर्फ छोटू पुत्र स्वर्गीय किशन लाल निवासी लाल मंदिर बस्ती जग्गु घाट कोतवाली ज्वालापुर हरिद्वार के पास से 60, 4-सुनील कुमार पुत्र रतनलाल निवासी गणेश विहार कोतवाली ज्वालापुर हरिद्वार के पास से 12 बोतल अंग्रेजी शराब, मनप्रीत पुत्र जगत सिंह निवासी मोहल्ला कडच्छ कोतवाली ज्वालापुर जनपद हरिद्वार 7 पव्वे बन्द, अरविंद कुमार पुत्र हृदय राम



निवासी मोहल्ला कच्छ के पास से 07 पव्वे, 01अदधा, शिव प्रसाद पुत्र बच्ची राम निवासी खन्ना नगर ज्वालापुर के पास से 52 पव्वे, मोहित शर्मा पुत्र विनोद शर्मा निवासी रानी गली भूपतवाला कोतवाली नगर जनपद के पास से 12 बोतल वीयर व 12 बोतल अंग्रेजी शराब, सत्य प्रकाश पुत्र स्वर्गीय उपेंद्र सिंह निवासी राजीव नगर आर्य नगर ज्वालापुर के पास से 52 पव्वे देशी शराब, कमल सैनी पुत्र धर्मपाल सैनी निवासी गोविंदपुरी कोतवाली ज्वालापुर के पास से 60 पव्वे देशी शराब व शुभम तेशवर पुत्र योगेश तेश्वर निवासी धीरवाली गूघाल मंदिर कोतवाली ज्वालापुर हरिद्वार के पास से 52 पव्वे देशी शराब बरामद की। पुलिस ने सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनका चालान कर दिया है।

# राज्य के आदिवासी समाज में होलिका दहन की जगह काटता फगुआ की परंपरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य का आदिवासी समाज अलग-अलग तरीकों से होली मनाता है। कहीं पानी से होली खेलने की परंपरा है तो कहीं फगुआ काटने की परंपरा है। होली प्रेम का त्योहार है। यह शिकवे दूर करने का भी त्योहार है। हालांकि, वक्त के साथ होली पर फैशन का रंग भी चढ़ा है। बड़े शहरों में मास्क, मॉडर्न पिचकारियां और गुलाल भरे पटाखे चलन में आ गये हैं। डीजे की धुन पर रेनवाटर डांस का कल्चर शुरू हो गया है।लेकिन गांव-देहात में आज भी गोबर, कीचड़, रंग और गुलाल ही नफरत मिटा रहे हैं।



आदिवासी समाज में होली का त्योहार मनाने का चलन नहीं है लेकिन बदलते दौर के साथ आदिवासी समाज के लोग भी होली खेलने लगे हैं। हालांकि, खास पकवान बनाने का कोई चलन नहीं है। संथाल समाज में बाहा पर्व मनाया जाता है। कहीं-कहीं होली के पहले तो कहीं होली के बाद इस पर्व को मनाया जाता है। इसे फूलों का पर्व भी कहा जाता है। गांव के लोग जाहेरथान नामक पूजास्थल में साल के फूल और पत्तों को कान में लगाकर पारंपरिक हथियारों की पूजा करते हैं और बाद में पानी से होली खेलते हैं। यह अनूठी होली है। इसमें महिला और पुरुष अलग-अलग होली खेलते हैं। फिर पारंपरिक वस्त्र पहनकर नाच गान करते हैं, खुशियां मनाते हैं। यह पर्व प्रकृति से जुड़ा है। %हो% आदिवासी बहुल सिंहभूम में उपरूम जुमूर पर्व मनाया जाता है। आमतौर पर इसे जनवरी माह में मनाया जाता है। गांव में साल के वृक्ष के डाल की पूजा होती है। इसके बाद हो समाज के लोग एक जगह इकट्ठा होकर एक-दूसरे को अपना परिचय देते हैं। फिर नाच-गान करते हैं। यह पर्व संस्कृति से खुद को जोड़े रखने और आपस में पहचान कायम रखने का महत्व बताता है। उरांव समाज में फगुआ काटने की प्रथा है। होली के एक दिन पहले पूर्णिमा की रात को सेमल की डाली जलाई जाती है।

मान्यता है कि सारु पहाड़ स्थित सेमल के पेड़ पर दो गिद्धों का डेरा था, जो बच्चों को निवाला बना लेते थे। समाज के लोगों ने आराध्य से बचाने की फरियाद की तो वह खुद आए और दोनों गिद्धों का वध किया। इसी वजह से सेमल की डाली को जलाकर समाज के लोग जंगल में जाते हैं और यह देखते हैं कि उनके ईर्द-गिर्द किस तरह के पशु-पक्षी वास कर रहे हैं।

लोहरदगा के सेनहा प्रखंड में है बरही चटकपुर गांव। यहां ढेला मार होली होती है। होलिका दहन के दिन पूजा के बाद गांव के मैदान में पुजारी एक खंभा गाड़ते हैं। दूसरे दिन उस खंभा को उखाड़ने और छूने की होड़ मच जाती है। दूसरी तरफ ऐसा करने से रोकने के लिए गांव के लोग मिट्टी के ढेलों की बरसात करने लगते हैं। मान्यता है कि ढेला मार होली के दौरान कोई चोटिल नहीं होता। अब इस अनोखी होली को देखने के लिए आसपास के गांव के लोग भी जुटने लगे हैं।

### डीएमके मंत्री की पीएम मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी से विवाद

**चेन्नई :** तमिलनाडु में डीएमके मंत्री अनिता राधाकृष्णन द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद राजनीति गरमा गई है। तमिलनाडु भाजपा ने कहा है कि वह अनिता राधाकृष्णन के खिलाफ चुनाव आयोग और पुलिस में शिकायत दर्ज कराएंगे। भाजपा की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के अन्नामलाई ने कहा कि द्रमुक नेता अपने ÷अशिष्ट व्यवहार÷ में निचले स्तर पर पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा कि अनिता राधाकृष्णन के खिलाफ उनकी पार्टी चुनाव आयोग और पुलिस के समक्ष शिकायत उठाएगी और तत्काल कार्रवाई की मांग करेगी। अनिता राधाकृष्णन की टिप्पणी की एक वीडियो क्लिप %एक्स% पर पोस्ट करते हुए भाजपा की तमिलनाडु इकाई ने आरोप लगाया कि राधाकृष्णन ने द्रमुक सांसद के कनिमोझी और अन्य लोगों की उपस्थिति में प्रधानमंत्री मोदी के बारे में घृणित बात की।

### सीएम अरविंद केजरीवाल ने जल मंत्री आतिशी को दिया आदेश, कहा

# मैं जेल में हूं, इस वजह से दिल्ली के लोगों को जरा भी तकलीफ नहीं होनी चाहिए

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया और जल विभाग के लिए दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल द्वारा भेजे गए आदेश को पढ़ा। आतिशी ने कहा, ऐसी स्थिति में भी वह अपने बारे में नहीं, बल्कि दिल्ली की जनता और उनकी समस्याओं के बारे में सोच रहे हैं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ईडी हिरासत से दिल्ली की पानी और सीवर व्यवस्था के संबंध में जल मंत्री को निर्देश दिए। उनको कहा कि उन्हें ईडी कस्टडी के दौरान मालूम हुआ कि अनेक इलाकों में पानी व सीवर समस्या उत्पन्न हो गई है। इसलिए इस समस्या का समाधान करने के लिए कदम उठाए जाएं। जल मंत्री मुख्य सचिव समेत सभी अधिकारियों को इस संबंध में आदेश दे। उपराज्यपाल से सहयोग मांगा जाए। वह इस




मामले में अवश्य मदद करेंगे। दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा,अरविंद केजरीवाल के लिए दिल्ली वाले सिर्फ उनके मतदाता नहीं है, वे दिल्ली वालों को अपने परिवार की तरह मानते हैं। यही कारण है कि आज इतनी मुश्किल परिस्थिति में होते हुए भी वे अपने परिवार यानी कि दिल्ली वालों के बारे में सोच रहे हैं। केजरीवाल ने कहा, मुझे पता चला है कि दिल्ली के कुछ इलाकों में पानी और सीवर की काफी समस्याएं हो रहीं है। इसे लेकर मैं चितित हूं। चूंकि मैं जेल में हूं, इस वजह से लोगों को जरा भी तकलीफ नहीं होनी चाहिए। गर्मियां भी आ रही हैं। जहां पानी की कमी है, वहां उचित संख्या में टैंकरों का इंतज़ाम कीजिए। मुख्य सचिव समेत अन्य अधिकारियों को उचित आदेश दीजिए ताकि जनता को किसी तरह की परेशानी ना हो। जनता की समस्याओं का तुरंत और समुचित समाधान होना चाहिए। जरूरत पड़ने पर उपराज्यपाल का भी सहयोग लें। वे भी आपकी जरूर मदद करेंगे।

# वाराणसी में प्रधानमंत्री मोदी के मुकाबले कांग्रेस ने अजय राय पर लगाया दांव



**एजेंसी**

**वाराणसी :** लोकसभा चुनाव 2024 में कांग्रेस नेतृत्व ने वाराणसी संसदीय सीट पर अपने उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अजय राय को फिर उतारा है। प्रदेश के पूर्व मंत्री अजय राय लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी (भाजपा के उम्मीदवार) के विजय रथ को रोकने के लिए सियासी दमखम दिखायेंगे। पिछले दो चुनावों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सामने सियासी जंग में तीसरे स्थान पर रहे। अजय राय की जमानत भी नहीं बच पाई थी।खास बात यह रही कि दोनों चुनाव में अजय राय कभी भी मुख्य मुकाबले में नहीं दिखे। पहली बार वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी (भाजपा उम्मीदवार) के सामने कांग्रेस ने अजय राय को उतारा था। चुनाव में आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार अरविंद केजरीवाल दूसरे और अजय राय तीसरे स्थान पर रहे। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में फिर कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सामने अजय राय को पार्टी का उम्मीदवार बनाया। चुनाव में सपा बसपा गठबंधन की शालिनी यादव दूसरे और अजय राय तीसरे स्थान पर रहे।गौरतलब हो कि अजय राय ने अपने सियासी सफर की शुरुआत भाजपा से ही की थी। वर्ष 1996 से लेकर वह 2007 तक वह भाजपा के टिकट से ही लगातार तीन बार विधायक बने। अजय राय ने वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव में भाजपा से टिकट मांगा तो तब भाजपा के कद्दावर नेता डॉ मुरली मनोहर जोशी को टिकट मिल गया। इससे नाराज अजय राय ने डॉ जोशी का खुलकर विरोध किया था और पार्टी से अलग हो गए। तब चुनाव में डॉ जोशी ने जीत हासिल की। उधर, 2009 में अजय राय निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में पिंडरा विधानसभा क्षेत्र से उपचुनाव में लड़े और जीत हासिल की। इसके बाद 2012 में वे कांग्रेस से जुड़े और पिंडरा सीट से जीत हासिल की। 2017 और 2022 के विधानसभा चुनाव में पिंडरा से ही अजय राय को भाजपा के डॉ अवधेश सिंह ने करारी शिकस्त दी।

### रांची में हादसों को रोकने के लिए पुलिस ने लगाई टेढ़ी-मेढ़ी बैरिकेडिंग

**रांची :** होली पर रांची पुलिस ने सुरक्षा के पूरे इंतजाम किये हैं। होली पर्व पर किसी तरह का विघ्न ना पड़े इसको लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। हुड़दंगियों के साथ सड़कों पर तेज स्पीड वाहन चलाने वालों पर भी पुलिस की विशेष नजर रहेगी। त्योहार में सड़क पर हाई स्पीड बाइक चलाने से कई बार लोग दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं। इससे बचने के लिए यातायात पुलिस ने रांची शहर के विभिन्न क्षेत्रों में टेढ़ी-मेढ़ी बैरिकेडिंग लगाने का निर्णय लिया है, जिससे रफ्तार पर रोक लगाने के साथ संभावित हादसे को टाला जा सके। प्रशासन का इस बारे में कहना है कि प्राप्त सूचनानुसार सोमवार और मंगलवार को होली पर्व मनाया जाना है। होली पर्व के अवसर पर प्रायः ऐसा देखा जाता है कि लोग तेज गति से वाहन चलाते है, जिससे दुर्घटना होने की संभावना होती है। पूर्व में भी होली के दिन ओवर स्पीड के कारण दुर्घटनाओं के मामले सामने आए हैं।

# भाजपा की चाल, चेहरा व चरित्र जनता के सामने बेनकाब : कांग्रेस

**एजेंसी**

**शिमला :** स्वास्थ्य मंत्री धनी राम शांडिल और उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि भाजपा की चाल, चेहरा और चरित्र हिमाचल प्रदेश की जनता के सामने बेनक़ाब हो गया है। कांग्रेस के बाग़ी विधायकों के भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने से यह बात स्पष्ट हो गई है कि इस पूरे षड्यंत्र के पीछे भाजपा नेताओं का सत्ता लोभ ही था। भाजपा की शह पर ही बाग़ियों ने लोकतांत्रिक तरीक़े से चुनी गई सरकार को गिराने की साज़िश रची और जन भावनाओं से खिलवाड़ किया है। यही नहीं, भाजपा के प्रभाव में आकर ही बागियों ने राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के आधिकारिक उम्मीदवार के विरुद्ध वोट दिया। कांग्रेस सरकार के मंत्रियों रविवार को एक बयान में ने कहा कि वह नेता कांग्रेस पार्टी पर आज सवाल उठा रहे हैं, जिन्हें पार्टी ने हाथ के चुनाव



चिन्ह पर चुनाव जितवाया, सम्मान दिया और विभिन्न पदों पर सुशोभित किया। सत्य यह है कि सभी बागी निजी स्वार्थ के कारण कांग्रेस पार्टी से बाहर गए हैं और इसका प्रदेश की जनता के हित से कोई लेना-देना नहीं है। कांग्रेस पार्टी को अपनी मां का दर्जा देने वालों ने अपनी मां की पीठ में छुरा घोंपा है और आज भाजपा की कठपुतली बन गए हैं। छह बागी विधायकों ने प्रदेश के इतिहास में अवसरवादी राजनीति का एक काला अध्याय जोड़ दिया है, जिसके लिए उन्हें प्रदेश की जनता कभी माफ़ नहीं करने वाली है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में राज्य सरकार ने सवा साल के छोटे से कार्यकाल में चुनाव के दौरान दी गई दस गारंटियों में से पांच को पूरा कर दिया है। उन्होंने कहा कि सरकारी क्षेत्र में ही 22 हजार से अधिक पद भरे जा रहे हैं और स्वरोज़गार के अवसर प्रदान करने के लिए 680 करोड़ रुपए की स्टार्ट-अप योजना शुरू की गई है। सरकारी कर्मचारियों के साथ किए गए वादे को निभाते हुए पहली ही कैबिनेट की बैठक में पुरानी पेंशन स्कीम बहाल की। उन्होंने कहा कि महिलाओं को 1500 रुपए देने का वादा भी पूरा कर दिया गया है। दूध पर समर्थन मूल्य देने वाला हिमाचल प्रदेश देश का पहला राज्य है।